धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार
10.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 180



12 रोमांटिक फिल्म में फिर नजर आयेंगी श्रद्धा कपूर

## न्यूज डायरी

### प्लांट की चिमनी गिरी कई मजदूर दबे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुंगेली के सरगांव में एक लोहा बनाने वाली फैक्ट्री में साइलो स्ट्रक्चर गिरने से मलवे में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। खबरों के अनुसार कई मजदूरों के मरने की भी आशंका है। पुलिस और प्रशासन मौके पर मौजूद है। बचाव अभियान जारी है। कुसुम स्टील प्लांट की चिमनी निर्माण के अंतिम चरण में थी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, और प्रशासन द्वारा सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

### राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 31 जनवरी को

**रांची।** राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति की ओर से राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गयी हैं। यह महोत्सव का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और जनजातीय समुदायों की अद्वितीय पहचान को प्रोत्साहन देना है। समिति की महासचिव नीलम बिरूली ने गुरुवार को बताया कि जतरा महोत्सव मोरहाबादी में 31 जनवरी को होगा।

### नक्सलियों ने दो वाहनों में लगायी आग

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित गुंजा गांव में नक्सलियों ने क्रशर साइट में मजदूरों के साथ मारपीट कर वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह घटना बुधवार देर रात की है। दस की संख्या में आये टीएसपीसी के नक्सलियों ने एनईपीएल कंपनी के मजदूरों के साथ मारपीट की। सभी के पास छोटे हथियार थे।

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा से लगे कोर माओवादी क्षेत्र में गुरुवार की सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ के दौरान तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। सुकमा के एसपी ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है।

### अजूबा : एक ओवर में सात चौका

**नयी दिल्ली।** भारत के लिए लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रखने वाले तमिलनाडु के बल्लेबाज एन जगदीसन ने फिर से बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने एक ओवर में सात चौका लगाया। राजस्थान के खिलाफ दूसरी ही ओवर में पहली गेंद पर ही वाइड चौका लगाया। फिर छह चौके मारे।

### परीक्षा पे चर्चा में अबतक 2.8 करोड़ पंजीकरण

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी की पहल पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) कार्यक्रम के लिए अब तक देश-विदेश के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो गये हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## वर्चस्व की लड़ाई में धमाके से दहला कोयलांचल, कई वाहन फूंके

# डीएसपी घायल, सांसद का दफ्तर फूंका

- कारू यादव को पकड़ने गयी पुलिस को भागना पड़ा
- पूरा इलाका छावनी में तब्दील, आइजी-डीआइजी भी मौके पर पहुंचे





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** कोयलांचल के धर्माबांध ओपी एरिया के बाबूडीह में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, अंधाधुंध फायरिंग और बमों के धमाके से पूरा इलाका थर्रा गया। हिंसक झड़प में बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह भी घायल हो गये हैं। वहीं गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी के कार्यालय में भी आग लगा दी गयी है। घटना के बाद पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच कर रहे हैं। सिर्फ आमने सामने ही नहीं पास के जंगलों से निकल कर लोगों की पिटाई की। दो दर्जन से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया। सुभाष नामक एक व्यक्ति को गोली लगने की खबर है। वहीं पथरबाजी और मारपीट में एक दर्जन से अधिक लोग जख्मी हुए हैं। आइजी-डीआइजी समेत तमाम अधिकारी बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों के साथ घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। हिलटॉप आउटसोर्सिंग में रैयतों और कंपनी समर्थकों के बीच झड़प में हुई गोलीबारी और बमबाजी की घटना के बाद बाघमारा एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस स्थानीय नेता कारू यादव को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इसी दौरान उनके समर्थकों ने पुलिस पर हमला कर दिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस को वाहन समेत मौके से भागना पड़ा। डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखरी के एक मार्केट पहुंचे थे। लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इस घटना में डीएसपी को माथे में गंभीर चोट आयी है। वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन सहित पूरे जिले से काफी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान मधुबन थाना पहुंचे हैं।

### अधिकारियों का दावा स्थिति नियंत्रण में

बाबूडीह की घटना के बाद एक गुट के लोगों ने खरखरी कॉलोनी स्थित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के आवासीय कार्यालय में आग लगा दी। बीसीसीएल के हाइवा से पानी लाकर किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। इधर गंभीर रूप से घायल डीएसपी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों का हाल चाल लेने के लिए आईजी और डीआईजी भी अस्पताल पहुंचे। स्थिति विस्फोटक बताई गई है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों का दावा है कि स्थिति नियंत्रण में है।

**क्या है मामला**

दरसल बीसीसीएल के खरखरी कोलियरी में आउट सोर्सिंग कंपनी आयी है। बाबुडीह में कंपनी का बाउंड्री वाल बन रहा था। वर्चस्व को लेकर दो गुटों में तानातनी चल रही थी। एक गुट कंपनी समर्थक, जबकि दूसरा गुट आस पास गांव के लोग। गांव के लोगों की मांग को लेकर गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने जीएम से वार्ता की थी। इस बीच आज कंपनी ने बाउंड्री का काम शुरू करा दिया। कंपनी समर्थक सेकडों की संख्या में वहां मौजूद थे। जानकारी मिलते ही बाबूडीह, ब्रहामणडीहा सहित अन्य गांवों के लोग जुट गये। यह देखते ही देखते दोनों ओर से गोलीबारी और बमों के धमाके होने लगे। इसी क्रम मे फोरलेन की ओर से ग्रामीणों का दल अचानक मौके की ओर दौड़ा। कम्पनी समर्थकों को खदेड़ कर पिटाई की। मधुबन और धमाबांध की पुलिस असहाय बनी रही। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, कतरास थानेदार असित कुमार सिंह सहित कई थाना की पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

## प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पीएम बोले

# हमारा भविष्य युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में है

- प्रवासी भारतीय देश के राजदूत, दुनिया में भारत का सिर ऊंचा किया

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि हमारी विरासत हमें सिखाती है कि भविष्य युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में है। इस मंच का इस्तेमाल पीएम मोदी ने दुनिया में शांति कायम करने के लिए भी किया। साथ ही उन्होंने प्रवासी भारतीयों को भारत का सच्चा राष्ट्रदूत बताते हुए कहा कि वे जिस भी देश में जाते हैं, वहां भारतीय संस्कृति और मूल्यों को जीवंत बनाए रखते हैं। पीएम मोदी ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में जनता मैदान में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उक्त बातें कही। दुनियाभर से आए प्रवासी भारतीय इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। भारत की प्रगति, संस्कृति और विकास यात्रा से जुड़ने का अवसर ओडिशा ने प्राप्त किया।

**भारत की बात पूरी दुनिया सुनती है**

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत की बात ध्यान से सुनती है। आज का भारत, अपना पक्ष तो मजबूती से रखता ही है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है। जब भारत ने अफ्रीकन यूनियन को जी20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखा तो सभी सदस्यों ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा, भारत सिर्फ लोकतंत्र की जननी ही नहीं है बल्कि लोकतंत्र हर भारतीय के जीवन का हिस्सा है। 21वीं सदी का भारत, आज जिस गति से आगे बढ़ रहा है और जिस स्तर पर आज भारत में विकास के काम हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। आज जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचता है, तो हम सब को गर्व होता है। आज भारत की प्रगति की गति सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। वो दिन भी दूर नहीं जब आप किसी मेड इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने भारत आयेंगे।

**दुनिया को शांति का पाठ**



मोदी ने कहा, दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां (ओडिशा में) शांति का रास्ता चुना था। हमारी विरासत का यह वही बल है, जिसकी प्रेरणा से आज भारत, दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है। अपनी विरासत के बल पर ही भारत विश्व समुदाय को यह कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब यूक्रेन और रूस , इजराइल और फलस्तीन के बीच संघर्ष और विश्व के कई देशों में हिंसा और अस्थिरता का दौर जारी है। पीएम ने कह, इससे पहले कई मौकों पर वैश्विक मंचों से भी कह चुके हैं कि संघर्षों का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि शांति के रास्ते से तलाशा जाना चाहिए। पीएम ने कहा कि 1947 में भारत की आजादी में प्रवासी भारतीयों ने अहम भूमिका निभाई थी और अब 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल युवा देश है बल्कि कुशल युवाओं का देश भी है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीयों के कठिन परिश्रम के चलते आज भारत रेमिटेंस (विदेशों से देश में भेजी गई रकम) के मामले में दुनिया में नंबर एक हो गया है। उन्होंने कहा भारत में अब त्योहारों और समारोहों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो जायेगा और मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल और माघ बिहू के त्योहार भी आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हर जगह खुशी का माहौल है।

## कड़िया मुंडा की सेहत सें सुधार राज्यपाल, सीएम ने भेंट की

### रघुवर दास व अर्जुन मुंडा अस्पताल जा कर मिले



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा की तबीयत में सुधार जारी है। उनका ईलाज रांची के मेडिका में चल रहा है। गुरुवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम रघुवर दास, अर्जुन मंडा उनसे मिलने मेडिका पहुंचे। राज्यपाल ने कड़िया मुंडा से उनका कुशलक्षेम जाना एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर राज्यपाल ने चिकित्सकों से उनके उपचार के संदर्भ में जानकारी भी ली। सीएम श्री सोरेन ने अस्पताल में कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य तथा इलाज से संबंधित जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# सीएम ने दी मंजूरी, राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना शीघ्र

### कैबिनेट की मुहर लगते ही मिलने लगेगा योजना का लाभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति दी है। इस प्रस्ताव पर को कैबिनेट की स्वीकृति मिलते ही राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दिया जायेगा। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संकल्प द्वारा राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों, पदाधिकारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिए जाने का प्रस्ताव है। पूर्व में कुछ त्रुटियां रहने के कारण उक्त योजना का लाभ राज्य कर्मियों को नहीं मिल पा रहा था। पहले की सभी त्रुटियों का निराकरण कर लिया गया है। शीघ्र यह योजना झारखंड में लागू कर दी जायेगी।

**गंभीर बीमारियों में 10 लाख तक हेल्थ कवरेज**

राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत लाभूकों एवं उनके आश्रितों को एक परिवारिक ईकाई मानते हुए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। चिन्हित गंभीर बीमारी, जो एनेक्शचर-ए के रूप में संलग्न है। इसकी चिकित्सा प्रदान करने वाले सम्बंधित अस्पताल की अनुशंसा पर 50 करोड़ रुपए के संधारित कॉरपोरेट बफर में से ऐसी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा पर 05 लाख रुपए तक की अतिरिक्त अधिसीमा अर्थात कुल 10 लाख रुपए की अधिसीमा तक की चिकित्सा व्यय का वहन किया जायेगा। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाईटी के स्तर पर किसी बीमित कर्मी के बीमा राशि से अधिक राशि का चिकित्सा व्यय होने की स्थिति में अतिरिक्त चिकित्सा व्यय वहन के लि एक कॉरपस फंड संधारित किया जायेगा, ताकि ऐसे मामलों में भुगतान किया जा सकेगा।

### माइनिंग घोटाला : सुनील सिंह ने किया सरेंडर, जमानत

**रांची।** माइनिंग घोटाले के आरोपित सुनील सिंह ने गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत में न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सरेंडर किया। अदालत ने 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर उन्हें सशर्त जमानत दे दी। सुनील सिंह के खिलाफ जब केस हुआ था, तब वह उषा मार्टिन में कार्यरत थे। फिलहाल वह जेएसडब्ल्यू में जीएम के पद पर कार्यरत हैं। उन पर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। वर्ष 2005 में उषा मार्टिन कंपनी को पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गयी थी।

### इंस्पेक्शन ट्रेन यान में आग, परिचालन ठप

**रांची।** धनबाद रेलमंडल के गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर रेलवे की इंस्पेक्शन यान में आग लग गयी। घटना गुरूवार दोपहर डेढ बजे हुई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल बिजली कनेक्शन काटकर और परिचालन रोककर आग पर काबू पाया गया। रेहला स्थित आदित्य बिड़ला केमिकल इंडिया लिमिटेड (ग्रासिम) इंडस्ट्रीज से फायर ब्रिगेड की टीम बुलाकर आग पर काबू पाया गया। स्टेशन परिसर में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। आग से बोगी में रखे सारे सामान जल गये। अधिकारी आग लगने के कारण और नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

## मैकलुस्कीगंज का पारा 1.5 और कांके का 4.2 डिग्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्तरी-पश्चिमी दिशाओं से पहुंच रही बर्फीली हवाओं के कारण राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में तापमान लगातार गिर रहा है। गुरुवार की सुबह में कोहरा छाया रहा। इससे ट्रेन और विमान सेवा पर असर पड़ा। मैकलुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान गुरुवार की सुबह 1.5 डिग्री पहुंच गया। गॉर्डन गेस्ट हाउस में बॉबी गॉर्डन ने अपने घर में लगे तापमान यंत्र में इसे रिकार्ड किया। सुबह खेत-खलिहान में ओस की बूंदें सफेद वर्फ की चादर बन गयीं। वहीं खेतों में घास के ऊपर और कार के ऊपर भी ओस की बूंदें बर्फ बन गई थी। मैकलुस्कीगंज के लोग सुबह जब उठे तो खेत खलिहान में पुआल सफेद चादर सी दिख रही थी। वहीं कांके का न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री रहा और अधिकतम तापमान 19.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हवा की गति 2.8 किमी प्रति घंटे रही। रांची का न्यूनतम तापमान सात डिग्री, जमशेदपुर 10.3 और डालटेनगंज 6.2 डिग्री दर्ज किया गया।

**रफ्तार थम सी गयी**

लगातार गिरते पारे और कम विजिवलिटी के कारण वाहनों की रफ्तार थम गयी। कई उड़ानें भी प्रभावित रहीं। कई विमान समय पर रांची एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर सका। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी घना कोहरा छाया रहेगा। उसके बाद कोहरा का असर कम जायेगा। लेकिन 13 जनवरी तक कोहरा का असर रहेगा। उसके बाद मौसम साफ हो जायेगा।

## कोयला व्यवसायी के घर फिर गोलीबारी, कोई हताहत नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ के कोयला व्यवसायी मुकेश सिंह के बालूमाथ आवास में गुरुवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने जमकर गोलीबारी की हालांकि इस गोलीबारी में किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मुकेश सिंह के मौसेरे भाई गुंजन सिंह एवं निजी गार्ड रवि राय ने बताया की एक अपाची मोटरसाइकिल में दो की संख्या में आए अपराधियों ने एसडीपीओ कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित मुकेश सिंह के आवास में अंधाधुंध फायरिंग कर अपराधी फरार हो गया। सभी अपराधी बालूमाथ थाना की ओर से आए हुए थे और गोली चलाकर वापस बालूमाथ थाना की और लौट गए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। जिससे बालूमाथ में दहशत का माहौल बन गया।

# बेटियों की पढ़ाई का खर्च पेरेंट्स की जिम्मेदारी

## अगर बेटी को पैसों की जरूरत नहीं, तो भी उसे फंड पाने का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

### बेटी को राशि अपने पास रखने का अधिकार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक फैसले में कहा कि बेटियों को अपने माता-पिता से पढ़ाई का खर्च वसूलने का पूरा अधिकार है। साथ ही शीर्ष अदालत ने कहा, जरूरत पड़ने पर माता-पिता को कानूनी तौर पर बाध्य किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने 26 साल से अलग रह रहे एक दंपती के मामले में सुनवाई के दौरान यह फैसला दिया। अदालत ने जोर देते हुए कहा, 'बेटी की पढ़ाई के लिए माता-पिता को अपने वित्तीय संसाधनों की सीमा के भीतर आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने के लिए बाध्य किया जा सकता है। बेंच ने कहा कि, पिता ने बिना किसी ठोस कारण के पैसे दिए जिससे पता चलता है कि वह अपनी बेटी की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता देने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम है। कोर्ट ने यह भी कहा कि बेटी को इस राशि को अपने पास रखने का अधिकार है। इसलिए उसे अपनी मां या फिर पिता को रकम वापस करने की आवश्यकता नहीं है। वह इसे अपनी इच्छानुसार उचित रूप से खर्च कर सकती है। बेंच ने कहा



कि पक्षकारों की बेटी वर्तमान में आयरलैंड में पढ़ रही है और उसने अपनी गरिमा बनाये रखने के लिए अपने पिता द्वारा उसकी शिक्षा पर खर्च की गयी 43 लाख रुपये की राशि को अपने पास रखने से इनकार कर दिया है। बेंच ने आगे कहा कि, ऐसा लगता है कि बेटी ने अपने पिता को वह राशि वापस करने पर जोर दिया, हालांकि पिता ने यह राशि लेने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणियां एक वैवाहिक विवाद में कीं, जिसमें अलग हुए जोड़े की बेटी ने अपनी मां को दिये जा रहे कुल गुजारा भत्ते के हिस्से के रूप में अपने पिता द्वारा उसकी पढ़ाई के लिए दिये गये 43 लाख रुपये को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि, उसका मानना है कि पिछले 26 सालों से अलग रह रहे एक दंपत्ति की बेटी कानून के अनुसार 43 लाख रुपये की हकदार है। बेंच ने 2 जनवरी को पारित आदेश में कहा कि, बेटी होने के नाते उसे अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का अविभाज्य, कानूनी रूप से लागू करने योग्य, वैध और वैध अधिकार है। बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा, हम केवल इतना ही मानते हैं कि बेटी को अपनी शिक्षा जारी रखने का मौलिक अधिकार है, जिसके लिए माता-पिता को अपने वित्तीय संसाधनों की सीमा के भीतर आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने के लिए बाध्य किया जा सकता है।

## कोयला मंत्री ने सीएम हेमंत के साथ की बैठक

# आज 200 बेड के अस्पताल निर्माण का करेंगे शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी अपने झारखंड दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को कांके के सुकरहुट्टू स्थित रिनपास की जमीन पर 200 बेड के अस्पताल निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। अपने दौरे के पहले दिन गुरुवार को उन्होंने सीसीएल के सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र एवं सीएमपीडीआइ में 5जी यूज केस टेस्ट लैब और कचरे से बनाये गये शोपीस का उद्घाटन किया। इसके बाद श्री रेड्डी ने सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल और सीएमपीडीआईएल की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कोयला उत्पादन, कर्मचारियों के कल्याण



और कंपनी की भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में कोल इंडिया के अध्यक्ष पी एम प्रसाद सहित सभी कंपनियों के सीएमडी एवं उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

**सीएम संग बैठक :** श्री रेड्डी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इसके उपरांत बैठक में कोयला उद्योग और देश की ऊर्जा सुरक्षा, कोयला उत्पादन में बढ़ोतरी संबंधित मुद्दों पर चर्चा किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर दिखेंगी मंईयां सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा की झांकियां : मुख्य सचिव

## 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक, झांकियों के चयन को बनी तीन सदस्यीय कमेटी, थीम और प्रजेंटेशन करेगी फाइनल

### 18 से 24 जनवरी के बीच रिहर्सल कर लेने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें मुख्य सचिव ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की झांकी में झारखंड का चरित्र और चेहरा झलकना चाहिए। उन्होंने झांकी में मईंया सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा को भी जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झांकियों के चयन के लिए एक कमिटी भी होनी चाहिए, जो उसके थीम और प्रजेंटेशन को फाइनल करे। बैठक में ही तीन सदस्यीय कमिटी का गठन भी किया गया।

इनमें कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी को शामिल किया गया। बैठक में तय हुआ कि समारोह में कुल 12 से 13 विभागों की झांकियों का प्रदर्शन कमिटी के अनुमोदन के बाद किया जाएगा।

**आमंत्रण पत्र की छपाई और वितरण सुनिश्चित करें :** मुख्य सचिव ने दुमका और रांची डीसी को निर्देश दिया कि वे गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रण पत्र की छपाई और वितरण ससमय सुनिश्चित करेंगे। वहीं रांची और दुमका में स्थापित महत्वपूर्ण प्रतिमा स्थलों की सफाई और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण की व्यवस्था, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को समारोह स्थल तक लाने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पंडाल, बैरिकेडिंग एवं बैठने की व्यवस्था, समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता इत्यादि की व्यवस्था, समारोह स्थल तक जाने वाले मुख्य मार्गों पर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, पुरस्कार- सम्मान पत्र का वितरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य जिला मुख्यालयों पर गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा हुई और निर्णय लिए गये।

### मोरहाबादी मैदान के पास लगे एलइडी स्क्रीन की क्वालिटी सुधारने का निर्देश

**मुख्य** सचिव ने मोरहाबादी मैदान के पास लगे एलइडी स्क्रीन की क्वालिटी सुधारने का निर्देश दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक के प्रस्ताव पर झांकी में झारखंड के वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी को अनुमोदित किया गया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झांकी में साइबर सुरक्षा को भी शामिल करने का सुझाव दिया। वहीं तय हुआ कि गणतंत्र दिवस परेड में सेना, सीआइएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी, जैप, जिला बल, एनडीआरएफ, फायर बिग्रेड के प्लाटून के साथ सेना, सीआरपीएफ और जैप के बैंड भाग लेंगे। इसका रिहर्सल 18 जनवरी से 24 जनवरी के बीच सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य सचिव के अलावा गृह सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, परिवहन सचिव कृपानंद झा, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त अंजनी मिश्रा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी, आइजी अभियान एबी होमकर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने सीसीएल सीएमपीडीआई को दी कई सौगात

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आए केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने गुरुवार को सीसीएल एवं सीएमपीडीआई में कार्यो की समीक्षा की एवं कर्मियों के हित सौगातों की बरसात भी की। अपने दौरे के पहले दिन केंद्रीय कोयला मंत्री ने सीसीएल के रांची स्थित गांधीनगर में सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का ना केवल उद्घाटन किया बल्कि मल्टी लेवल आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं महुआ माजी मौजूद थी।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि सीसीएल के अलग-अलग क्षेत्र में गुरुवार को प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। वहीं मल्टीलेवल आवासीय परिसर की भी आधारशिला रखी गई है। उन्होंने कहा कि कोल मंत्रालय के द्वारा कोल सेक्टर में अलग-अलग रिफॉर्म भी लाया जा रहा है। वहीं खनन क्षेत्र में नई-नई टेक्नोलॉजी यूज कर की जा रही है। सुरक्षा कर्मियों के कौशल को बेहतर बनाने में मिलेगी मदद।

कोयला मंत्री ने कहा कि सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण सुरक्षा कर्मियों को ओरिएंटेशन और रिफ्रेशर प्रशिक्षण देने के लिए किया गया है, ताकि उनके पेशेवर कौशल को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। अत्याधुनिक इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की विशेषता वाला यह केंद्र कर्मचारियों को उनकी क्षमताओं को बढ़ाने, सुरक्षित और अधिक कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनायेगा।

**बहुमंजिला आवासीय भवनों का शिलान्यास :** इसके अतिरिक्त कोयला मंत्री गांधीनगर में सीसीएल कर्मियों के लिए चार बहुमंजिला आवासीय भवनों के निर्माण का शिलान्यास किया। इस परियोजना में ग्राउंड+8 मंजिल के चार टावर बनाए जाएंगे, जिनमें कुल 112 आवासीय इकाइयां होंगी। इन इकाइयों में बी-टाइप के 32, सी-टाइप के 64 और डी-टाइप के 32 फ्लैट शामिल होंगे। परियोजना की कुल लागत 77.63 करोड़ रुपये है। इन भवनों में ग्रीन बिल्डिंग के तहत अत्याधुनिक सुविधाएं, जैसे कम्युनिटी पार्क, बैडमिंटन कोर्ट और वॉकिंग एरिया उपलब्ध कराए जाएंगे। इस परियोजना का निर्माण कार्य 4 जनवरी 2025 को शुरू होकर 4 जनवरी 2027 तक पूरा

### सीएमपीडीआई में देश का पहला 5जी यूज केस प्रशिक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन

सीएमपीडीआई में कोयला मंत्रालय के 5 जी प्रौद्योगिकी से युक्त 5 जी यूज केस प्रशिक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि यह देश का पहला कोयले के लिए हाईटेक डिजिटल प्रयोगशाला है। इसके माध्यम से सीसीएल क्षेत्र के खदानों में मजदूर काम कैसे कर रहे हैं इसकी गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मौसम बिगड़ने के बाद कई बार शिकायत प्राप्त होती है कि खदान के अंदर मजदूर फंसे हुए हैं, उनको बाहर लाने में यह सहायक होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में बिजली के मामले में भारत सरकार आत्मनिर्भर बनना चाहता है। इसको लेकर लगातार नए प्रयास किए जा रहे हैं।

## गवर्नर से मिले पूर्व सीएम, रक्षा राज्य मंत्री और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष







**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को ओडिशा के पूर्व राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सभी राजनेताओं ने राज्यपाल को नये साल की बधाई दी और प्रदेश की राजनीति पर चर्चा की। इस दौरान राज्यपाल ने भी सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनायें दीं।

### हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले दो सप्ताह तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। गुरुवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है।

## कांग्रेस को बाबा साहब पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : बाउरी



### भाजपा मुख्यालय में गुरूवार को संविधान गौरव अभियान को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में गुरूवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में संविधान गौरव अभियान की प्रदेश एवं जिला टोली की बैठक संपन्न हुई। इसमें सभी सांगठनिक जिलों से अभियान से जुड़े जिला संयोजक एवं सह संयोजक शामिल हुये। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, अभियान के सह संयोजक राकेश भास्कर, नंद जी प्रसाद, अमरदीप यादव उपस्थित थे।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुये संविधान गौरव अभियान के प्रदेश संयोजक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आगामी 15 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर बोलने का नैतिक अधिकार खो दिया है। उन्होंने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने बाबा साहब को चुनाव में हराने का प्रयास किया था। दलितों के प्रति कांग्रेस की सोच कैसी थी, यह कांग्रेस पार्टी के इतिहास से पता चलता है। उन्होंने कहा कि अपने परिवार के नेताओं केलिये बड़े बड़े स्मारक बनाने वाली कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केलिये दिल्ली में दो गज जमीन भी उपलब्ध नहीं कराया।

कांग्रेस पार्टी ने संसद में बाबा साहब के तैल चित्र तक नहीं लगाये। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब को भारत रत्न से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को भाजपा समर्थित वीपी सिंह की की सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया। उन्होने कहा कि अपने सत्ता केलिये संविधान में 90बार से अधिक संशोधन करने वाली कांग्रेस आज संविधान पर बोल रही है। आपातकाल के माध्यम से लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र की बात कर रही है। इससे बड़ा मजाक कुछ नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बताये कि बाबा साहब द्वारा जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 का विरोध करने के बाद भी पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसे लागू किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान गौरव अभियान के तहत हर जिलों, मंडलों में जनता को कांग्रेस पार्टी द्वारा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को किये गये अपमान को बतायेगी। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने कैसे बाबा साहब के नीतियों विचारों को सींचने का प्रयास किया है, उसे बतायेगी।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बाबा साहब से जुड़े पांच स्थल जन्मस्थली,निर्वाण स्थली, शिक्षा, दीक्षा भूमि को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिले सदान मोर्चा के अध्यक्ष



**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो से गुरुवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिले। शिष्टाचार मुलाकात विधानसभा अध्यक्ष के आवास पर हुई। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी और मूलवासी सदानों के सन्दर्भ में चर्चा की।

# योजनाओं को धरातल पर उतारने में सरकार के साथ रेस में शामिल हो जायें अधिकारी-कर्मचारी : शिल्पी

### बेड़ों में हाथी प्रभावित क्षेत्र में लगेगा विशेष कैंप, बांटे जाएंगे पटाखे और टॉर्च : कृषि मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को बेड़ों प्रखंड कार्यालय में सरकार की योजनाओं को लेकर मैराथन बैठक की। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से कहा कि सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर रेस है। लेकिन जब तक अधिकारी और कर्मचारी रेस नहीं होंगे, तब तक सरकार की योजना लाभुकों के दहलीज नहीं पहुंच पाएगी। आज के समय ये जरूरी है कि सरकार के द्वारा विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजना को समय पर लाभुक तक पहुंचाना। मंत्री ने कहा है कि इसको लेकर अधिकारी और कर्मचारियों को टास्क दिया गया है।

**कृषि विभाग की योजनाओं पर फोकस करेंगे वीएलडब्ल्यू :** खासकर वीएलडब्ल्यू कृषि विभाग की योजनाओं पर फोकस करेंगे। इससे पहले वो दूसरे विभाग की योजनाओं पर काम कर रहे थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ों में बिजली विभाग के अधिकारियों को भी जर्जर तार बदलने के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया गया है। 16 जनवरी को ऊर्जा मित्रों का एक कार्यशाला आयोजित किया गया है। इसके साथ ही हाथी के प्रभाव वाले क्षेत्र को लेकर भी प्रखंड के अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है। इस कैंप के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पटाखा, टॉर्च का वितरण किया जाएगा।

### योजनाओं को जमीन पर उतारने की जरूरत है

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि योजनाओं को जमीन पर उतारने की आवश्यकता है। आज भी सरकार की योजनाएं कागज तक ही सीमित है। कृषि विभाग में 700 करोड़ राशि का पीएल अकाउंट में रहना इसका प्रमाण है। इसलिए जरूरी है कि योजना की राशि भी खर्च हो और लाभुक को इसका लाभ भी मिले। बैठक में बीडीओ, सीओ के अलावा सभी विभागों के अधिकारी समेत प्रमुख बिनीता कच्छप, जिला परिषद सदस्य बेरोनीका उरांव, उप प्रमुख मुदस्सिर हक, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, पीसीसी डिलीगेट्स मजकुर आलम सिद्दीकी, नवल किशोर सिंह, पांचू मिंज, समशाद आलम, मन्कु कुजूर, फहीम हक, मुनना मलिक, राइफुद्दीन मीरदाहा,मीर मुस्लिम, संभु बैठा, रमेश उरांव,असारानी पन्ना, सोमरा लोहरा, राजेश गोप,सहबान, बिन्देश्वर गोप,बबलू खान,संजय कच्छप,रियाज, सुनील उरांव, चंद्रवाती देवी,प्रबला करकेप्ता, बुधराम लोहरा, बीरेंदर उरांव, रसीद मीर,गंगा मुंडा,चीना, पिंटू, रब्बुल, मजीद,बिश्वनाथ लाल,आदि उपस्थित थे।

# झारखंड आंदोलन में अगुवा बन कर उभरे थे एलपीएन शाहदेव

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 13 वीं पुण्यतिथि पर विशेष

उदय चौहान



**रांची।** झारखंड आंदोलन में जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने अगुवा की भूमिका निभायी थी। झारखंड राज्य निर्माण समिति ने जस्टिस शाहदेव के नेतृत्व में अलग राज्य बनने तक आंदोलन को बुलंद रखा। जस्टिस शाहदेव की आज 13वीं पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन है। मालूम हो कि 1998 में अलग राज्य की लड़ाई का अंतिम बिगुल फूंका गया। जस्टिस शाहदेव झारखंड क्षेत्र के आदिवासी-मूलवासी समुदाय के पहले व्यक्ति थे, जिन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। जस्टिस शाहदेव ने 16 विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच अलग राज्य की लड़ाई को बौद्धिक उर्जा प्रदान की थी। वर्ष 2000 में झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जस्टिस शाहदेव ने एक बार कहा था कि एकीकृत बिहार के दक्षिणी छोटानागपुर को शोषण की बेड़ियों से मुक्ति आवश्यक था। उन्होंने कहा था कि समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अलग राज्य का निर्माण जरूरी था। उन्होंने झारखंड में शिक्षा व रोजगार को बढ़ावा देने की भी वकालत की थी। जस्टिस शाहदेव ने संघर्ष से आंदोलन के अगुवा बने थे। वह चाहते तो अन्य न्यायाधीशों की तरह सेवानिवृत्ति के बाद किसी आयोग या कमीशन का अध्यक्ष बनकर आराम की जिंदगी व्यतीत कर सकते थे। लेकिन उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुनाण सेवानिवृत्ति के बाद वह किसी पार्टी से नहीं जुड़कर स्वतंत्र रूप से झारखंड आंदोलन के लिये अपनी लेखनी और संविधान विशेषज्ञ के रूप में सेवायें देते रहे।

दरअसल, 1998 में अलग राज्य की लड़ाई का अंतिम बिगुल फूंका गया था। उस समय लालू प्रसाद ने झारखंड मेरी लाश पर बनेगा जैसा विवादास्पद बयान दिया था। इससे झारखंड में भारी आक्रोश था। आंदोलन भी उस समय शिथिल सा पड़ गया था। तब आजसू, कांग्रेस, झामुमो, झारखंड पार्टी, झारखंड पीपुल्स पार्टी और समाजवादी पार्टी सहित 16 दलों ने एक मंच पर आकर अंतिम लड़ाई का बिगुल फूंका। जस्टिस शाहदेव को सर्वसम्मति से इस आंदोलन का नेतृत्व सौंपा गया था। जस्टिस शाहदेव हमेशा जोश के साथ-साथ होश में रह कर आंदोलन को परिणति तक पहुंचाने की बात किया करते थे। अलग राज्य बनने के बाद भी जस्टिस शाहदेव आंदोलनकारियों की आर्थिक स्थिति को लेकर बहुत चिंतित रहते थे। उनका मानना था कि झारखंड के आदिवासी और मूलवासी के साथ अन्याय हुआ है। उनके हक को बाहर के लोगों ने मार लिया है। वह अधिकांश संगोष्ठियों में भी इसकी व्यापक चर्चा किया करते थे कि यहां के भूमि पुत्रों को उनका हक मिलना चाहिये। जस्टिस शाहदेव के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उल्लेखनीय है कि 21 सितंबर को सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति के हुये ऐतिहासिक बंद ने बिहार और केंद्र सरकार को हिला दिया था। इस बंद के दौरान जस्टिस शाहदेव को पुलिस ने गिरफ्तार करके घंटों हिरासत में रखा था।

यह देश की पहली घटना थी, जब उच्च न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश को जनांदोलन में गिरफ्तार किया गया था। केंद्र सरकार ने अलग राज्य का बिल पेश किया था और बिहार में इसका व्यापक विरोध हो रहा था। लेकिन पूरा झारखंड एक होकर इसका समर्थन कर रहा था। बाद में सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति ने जस्टिस शाहदेव के नेतृत्व में अलग राज्य बनने तक आंदोलन को बुलंद रखा।

स्पीड न्यूज

### बालू लदे ट्रैक्टर से दबकर ड्राइवर की मौत

**चांडिल।** चौका थाना क्षेत्र के रोयाडीह के पास अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें ट्रैक्टर चालक चौका थाना क्षेत्र के काशिडीह निवासी 30 वर्षीय युवक प्रदीप हेंब्रम की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक शादीशुदा है। चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर मालिक चौका थाना क्षेत्र के चांदुडीह निवासी तापस मंडल है। परिजनों के लिखित आवेदन पर कार्रवाई की जायेगी।

### बेनाशोल में रक्तदान शिविर 16 फरवरी को

**जमशेदपुर।** शहीद दिलीप बेसरा स्मारक समिति, बेनाशोल और नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में 16 फरवरी 2025 रविवार को मुसाबनी प्रखंड के बेनाशोल पंचायत भवन में लगातार तीसरी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में कारगिल शहीद दिलीप बेसरा की 43वीं जयंती समारोह के अवसर पर पंचायत निवासी अपने वीर सपूत के लिए रक्तदान कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सौजन्य से रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। यह जानकारी ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर जमशेदपुर निवासी राजेश मार्डी ने बेनाशोल स्थित शहीद के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। वे कल शहीद दिलीप बेसरा के माता पिता से मिलने उनके बेनाशोल स्थित आवास पर पहुंच कर उनका कुशलक्षेम पूछा और माता पिता से आशिर्वाद प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ साथ विशेष रूप से उपहार देकर सम्मानित किया जायेगा और भविष्य में जरूरत पड़ने पर उन्हें रक्त भी उपलब्ध कराया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहीद की माता फुलमुनी बेसरा, पिता सिंगराई बेसरा, भाई नारायण बेसरा, प्रशांत कुमार हांसदा, गुमी बेसरा, चांदू राम टुडू, सोमनाथ हांसदा, मेघनाथ टुडू आदि उपस्थित रहे।

### 11 को मनेगी सांसद सुनील महतो की जयंती

**जमशेदपुर।** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के द्वारा 11 जनवरी 2025 को शहीद सांसद सुनील महतो की जन्म जयंती एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन जी का जन्म दिन मनाने का कार्यक्रम के लिए तैयारी बैठक की गय, जिसमें वीर सिंह सुरीन, शागेन पूर्ति, लालटु महतो, अरुण प्रसाद, राजा सिंह, अजय रजक, झरना पाल, सविता दास, दुर्गा बोयपाई, रानू मंडल तथा गुरमीत सिंह की उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर में शटर तोड़ चोरी का प्रयास

**चांडिल।** चांडिल मुख्य बाजार स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर में असमाजिक तत्वों द्वारा चोरी की नियत से शटर तोड़ने का असफल प्रयास किया गया। श्री खाटू श्याम मंदिर में बीते रात्रि असामाजिक तत्वों के द्वारा शटर को लोहे के छड़ से तोड़ने का असफल प्रयास किया। चोरी करने का कोशिश असफल रही। इसकी जानकारी श्री श्याम कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने चांडिल थाना में दिया है। मामले की छानबीन के लिए चांडिल थाना प्रभारी दिलशान बिरुआ मौके पर पहुंचे तथा मामले की छानबीन की।

### माधवपुर-दुबराजपुर में चला भाजपा का सदस्यता अभियान

**जमशेदपुर।** गुरुवार को बोड़ाम प्रखण्ड के माधवपुर और दुबराज पुर गांव में भाजपा बोड़ाम मंडल के अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा बोड़ाम मंडल के प्रवासी डॉक्टर जटा शंकर पांडेय के उपस्थिति में सघन सदस्यता अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। उक्त सदस्यता अभियान पर्व के अवसर पर डॉक्टर जटा शंकर पांडेय ने सदस्यता अभियान के महत्व पर बोले की कार्यकर्त्ता पार्टी की रीड हैं इसलिए हर एक कार्यकर्ता को कम से कम ऑन लाइन पचास सदस्य बनाना जरूरी है।

## डॉग शो 2025 : टाटा मोटर्स का बेल्यिम शेफर्ड त्रिशूल आज्ञाकारिता में बना चैंपियन, जीती रोलिंग ट्रॉफी

# टाटा स्टील के माइलों को मिली टाटा मोटर्स ट्रॉफी





1. आज्ञाकारिता चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने वाला टाटा मोटर्स का डॉग त्रिशूल अपने हैंडलर और अधिकारियों और मुख्य अतिथि श्रीमती रुचि नरेंद्रन के साथ। 2. सबसे आज्ञाकारी श्वान का खिताब जीतने वाला टाटा मोटर्स का श्वान त्रिशूल। 3. आज्ञाकारिता में दूसरे स्थान पर आया टाटा स्टील का डॉग माइलो अपने हैंडलर और अधिकारियों के साथ।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** यहां आज से शुरु हुए डॉग शो 2025 में पहला दिन देश भर से आये श्वानों के लिए आज्ञाकारिता की प्रतियोगिता आयोजित हुई। सी-6 कैटेगरी सबसे टफ कैटेगरीम आना जाता है। इस कैटेगरी में टाटा मोटर्स लिमिटेड का डॉग त्रिशुल (हैंडलर सदाशिव सेन) चैम्पियन ट्रॉफी जीतते हुए सबसे आज्ञाकारी डॉग का खिताब हासिल किया।

बेल्जियम शेफर्ड त्रिशूल की आज्ञाकारिता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने 300 अंक में से 298 अंक प्रतियोगिता में हासिल किए। टाटा मोटर्स के डॉग ने लगातार तीसरे वर्ष यह ट्रॉफी जीतने में कामयाब रहा है। इस कैटेगरी में टाटा स्टील का डॉग माइलो (हैंडलर चंदन) दूसरे स्थान पर रहा जबकि तीसरा स्थान टाटा स्टील के डॉग रिया (हैंडलर केके सिंह)और टाटा मोटर्स की तान्या (हैंडलर रिची ए. स्टैग) संयुक्त रुप से रहे। समाजसेवी और डॉग शो आयोजन समिति की अध्यक्ष श्रीमती रुचि नरेंद्रन ने उक्त चैम्पियनशिप ट्रॉफी प्रदान की तो उस समय मंच पर टाटा मोटर्स के जीएम ईआर सौमिक राय, एडमिन हेड विवेकानंद सिंह, टाउन एडमिस्ट्रेशन के हेड रजत सिंह, सीनियर मैनेजर विशाल कुमार और टाटा मोटर्स कैनेल के एम प्रसुमपोन के साथ हैंडलर सदाशिव सेन की खुशी देखते ही बन रही थी। टाटा मोटर्स के डॉग तक्ष हैंडलर (गंगा राम) ने सी-5 कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया। बेस्ट कंपेनियन डॉग का खिताब 35 नंबर के प्रियंका श्री बोस के जर्मन शेफर्ड बॉस्को को मिला। इसके पूर्व बुधवार की सुबह नौ बजे पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल ने टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी एवं आयोजन समिति की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन के साथ एफसीआई और जेकेसी चैम्पियनशिप डॉग शो का उद्घाटन किया। पहले दिन क्लास-5,6 और 7 कैटेगरी की आज्ञाकारिता प्रतियोगिता हुई।

**आज का कार्यक्रम :** 10 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से क्लास 1,2,3 और 4 कैटेगरी में आज्ञाकारिता प्रतियोगिता होगी। इसके साथ ही 48 वां लेब्राडोर रिट्रिवर स्पेशलटी शो, बीगल स्पेशलटी शो, डोबरमैन पिंचर स्पेशलटी शो और साईबेरियन हस्की स्पेशलटी शो होगा। टाटा स्टील के सीजे और नैंसी का रिजल्ट : टाटा स्टील के बेल्यिम शेफर्ड सीजे (हैंडलर दीपक रौशन बांड्रा) 12 व र्ष का है जिसने जमशेदपुर डॉग शो के अलावा देश भर के कई शहरों में जाकर इनाम जीते हैं। इस बार जमशेदपुर डॉग शो में सबसे उम्रदराज डॉग सीजे ही है जिसने आज्ञाकारिता प्रतियोगिता में सर्टिफिकेट हासिल किया जबकि उसके साथ टाटा स्टील की नैंसी को भी सर्टिफिकेट मिला है।

### पीएम नरेंद्र मोदी जिस देशी ब्रीड के हैं प्रशंसक, आज रानी का दिखेगा जलवा



कर्नाटक का राजापल्यम ब्रीड की मादा श्वान रानी।

**जमशेदपुर।** पीएम नरेंद्र भाई मोदी देशवासियों से विदेशी नस्ल के डॉग की जगह सर्वश्रेष्ठ कर्नाटक के स्थानीय ब्रीड राजा पल्यम को अपनाने की अपील कर चुके हैं। टाटा स्टील कैनेल क्लब ने पीएम के आह्वान पर ध्यान देते हुए राजा पल्यम ब्रीड की मादा श्वान रानी को अपने यहां आत्मसात किया। ढाई साल की हो चुकी रानी को उसके हैंडलर केसी सुंडी कड़ा प्रशिक्षण दे रहे हैं। रानी स्वदेशी ब्रीड की पहली मादा श्वान है जो डॉग शो के आज्ञाकारिता प्रतियोगिता सी-1 और सी-2 में भाग लेगी। टाटा स्टील कैनेल क्लब के अधिकारियों को भरोसा है कि गुरुवार को होने जा रही आज्ञाकारिता प्रतियोगिता में रानी इनाम जीतने में कामयाब होगी।

# पेयजल-स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव से मिले सरयू राय

- मानगो पेयजल परियोजना पर तीन दिनों में रिपोर्ट तलब
- परियोजना एजेंसी का करोड़ों का बकाया मामला भी उठाया
- प्रधान सचिव ने बकाये की विस्तृत रिपोर्ट मांगी, जल्द ही होगा भुगतान
- इंटेकवेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पानी टंकियों में एक-एक स्टैंडबाई मोटर लगेगा : प्रधान सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव ने मानगो पेयजल परियोजना के अनियमित परिचालन के बारे में तीन दिनों के भीतर विभाग के जमशेदपुर प्रमंडल के अधीक्षण अभियंता (सिविल) और अधीक्षण अभियंता (मैकेनिकल) को संयुक्त रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। यह निर्देश उन्होंने गुरुवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव कार्यालय में विधायक सरयू राय के साथ हुई बैठक के बाद दिया है।

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने प्रधान सचिव को बताया कि 100 करोड़ से अधिक की धनराशि से बने मानगो पेयजल परियोजना का पानी मानगो के अधिकाधिक इलाकों में नहीं पहुंच पा रहा है। मानगो के पृथ्वी पार्क में पानी की टंकी बनी है परंतु वह चालू नहीं है। बालीगुमा इलाके में पानी टंकी और घरों तक जाने वाली पाईप का लाभ भी नागरिकों को नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही इंटकवेल, जिससे स्वर्णरिखा नदी से पानी खींचा जाता है, वहां के 6 मोटरपंप में से 3 पूरी तरह खराब हैं और एक मोटर आंशिक रूप से कार्य कर रहा है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (जहाँ पानी की सफाई होती है) में लगे तीन मोटरपम्प खराब हैं। टंकियों में पानी चढ़ाने के लिए लगा मोटर भी आधा-अधूरा ही कार्य कर रहा है।



विधायक सरयू राय।

इस पर प्रधान सचिव ने मुख्य अभियंता को बुलाया और उनसे जानकारी ली और बताया कि मानगो पेयजल परियोजना के बारे में जमशेदपुर प्रमंडल के विभाग के अधीक्षण अभियंता (सिविल) और अधीक्षण अभियंता (मैकेनिकल) ने अलग-अलग रिपोर्ट भेजी है। दोनों ही रिपोर्टों में भिन्नता है। इस पर विभागीय सचिव ने निर्देश दिया कि मुख्यालय से दोनों अधीक्षण अभियंता को आदेश भेजा जाय कि तीन दिनों के भीतर वे संयुक्त प्रतिवेदन भेजें, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाये।

विधायक श्री राय ने बैठक में बताया कि जिस एजेंसी को मानगो पेयजल परियोजना के परिचालन की जिम्मेदारी दी गयी है, उस एजेंसी का विभाग पर लगभग 3 करोड़ 50 लाख बकाया है। उक्त धनराशि का भुगतान न होने से भी परिचालन अनियमित हो रहा है।

### पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा संगठन की मजबूती पर जुटी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जादूगोड़ा।** पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा संघटन की सशक्तिकरण को लेकर कमर कस ली है इधर आज बुधवार को, कालिकापुर के 10 पंचायतों में भाजपा नेत्री मीरा मुंडा व होपना महाली की अगुवाई में सदस्यता अभियान चलाया व सैकड़ों ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिखायी। इस बाबत उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 60 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन क्षेत्र के 10 पंचायतों के लोगो को नमो ऐप के जरिए लोगों को पहले चरण में प्राइमरी सदस्य के रूप में भाजपा से जोड़ा गया फिर आने वाले दिनों में सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा। इसमें भाजपा नेताओं तके हलधर नारायण साव, होपना महाली, पूर्व मुखिया चांद मुनि महाली, चंद्रशेखर गुप्ता, रतन महतो, जमीला दे, सूरज मंडल, जितेन नायक मनोज सरदार, पिंटू भगत, आकाश सरदार आदि थे।

### पूर्वी सिंहभूम जिले में चिह्नित किये गये सिकल सेल एनिमिया के 77958 संभावित मरीज

- डीसी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में खुलासा
- टीबीमुक्त भारत अभियान को निक्षय मित्र बन टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए की गयी अपील



बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपाकंर चौधरी, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं समेत गर्भवती महिलाओं, कुपोषण उपचार केंद्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, कन्यादान योजना समेत सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति कि विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। एनिमिया मुक्त भारत अभियान में पूर्वी सिंहभूम जिला पूरे राज्य में दूसरे स्थान पर है, इस उपलब्धि को और बेहतर करते हुए जिला को एनिमिया मुक्त करने हेतु प्रयास करने का निर्देश दिया गया।

बताया गया कि जिले में सिकल सेल एनिमिया के 77958 संभावित मरीज चिन्हित किये गये हैं जिनमें 22 मरीजों की पुष्टि हुई है। लगातार मरीजों का फॉलोअप करते हुए समुचित उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# गुदड़ी में सांसद जोबा माझी ने किया साइकिल-कंबल वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सोनुवा।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी बुधवार को नक्सल प्रभावित गुदड़ी प्रखंड कार्यालय में गत मंगलवार को आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुई। प्रखंड कार्यालय प्रांगण में उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत साइकिल का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने पास खड़े बीडीओ और अन्य अधिकारियों की तरह बनने और माता-पिता का नाम रौशन करने को कहा। बीईईओ ने बताया कि आज 351 छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया जा रहा है। वहीं सांसद ने प्रखंड क्षेत्र के सुदूर इलाकों से आये जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया।



छात्रों को साइकिल बांटती सांसद जोबा।

### पोटका के शिविर में 210 लोगों की स्वास्थ्य जांच, 175 लोगों को मिला राहत का कंबल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**पोटका।** विधायक संजीव सरदार की पहल पर टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) और वीर शहीद गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पल्ली मंगल उवि कैरासाई में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक संजीव सरदार ने किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य का सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ शरीर से व्यक्ति अपने जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। इस शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण का उद्देश्य रखा गया है।

# बेजुबानों का मददगार है द स्ट्रे आर्मी

- दलमा में चला रहा घायल, लावारिस कुत्ते समेत अन्य जानवरों का पहला संगठित पुनर्वास केंद्र

सत्येन्द्र कुमार

**जमशेदपुर।** दलमा पहाड़ की वादियों में घायल और लावारिस कुत्तों समेत अन्य जानवरों का पुनर्वास केंद्र डेढ़ एकड़ जमीन पर विकसित किया गया है। यह पुनर्वास केंद्र द स्ट्रे आर्मी चैरिटेबुल ट्रस्ट ने विकसित किया है। इस ट्रस्ट के संस्थापक दो युवा क्रमशः शिल्पा महापात्रा और पियूष अग्रवाल हैं। अब तक 204 कुत्तों समेत कुल 259 साड़, गाय, बिल्लियों आदि जानवरों को इस पुनर्वास केंद्र में नया जीवन मिल चुका है।



स्ट्रे आर्मी के फाउंडर शिल्पा महापात्रा और पियूष अग्रवाल।

आपको जान कर खुशी होगी कि शहर के इन दो युवाओं के कल्याणकारी उपक्रम के मुरीद टाटा समूह के दिवंगत चेयरमैन रतन एन टाटा, उनके सहयोगी शांतनु नायडु भी रहे हैं बल्कि ट्रस्ट के खुद के पुनर्वास केंद्र के विकास में इन लोगों ने न सिर्फ अपनी कंपनियों से मदद करवायी बल्कि नियमित रुप से ई-मेल के जरिए अपडेट भी लेते रहे। ट्रस्ट के सह संस्थापक सुश्री शिल्पा महापात्रा कहती हैं, हमें खुशी हैं कि हमारे पुनर्वास केंद्र को सर रतन टाटा का सपोर्ट मिला। मृत्यु से पूर्व तक श्री टाटा ई-मेल के जरिए हमारे वेंचर को प्रोत्साहित करते रहे।

गत 24 नवंबर 2024 को टीएसएसीटी के पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन श्रीमती रुचि नरेंद्रन ने किया था। इस अवसर पर टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव राय, टाटा स्टील के पूर्व डिप्टी एमडी डा टी मुखर्जी समेत कई विशिष्ट लोग उपस्थित थे। पुनर्वास केंद्र अब तक 204 लावारिस कुत्तों, 41 बिल्लियों, 8 जानवरों और 6 चिड़ियों को बीमारी एवं घायलावस्था में मदद कर उन्हें नयी जिंदगी दे चुका है।

## एक नजर में

### नमन परिवार की बैठक में युवा दिवस पर चर्चा



**जमशेदपुर।** गुरुवार को नमन परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक साकची कार्यालय में हुई। बैठक में 12 जनवरी को युवा दिवस के पावन उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद जी को स्मरण करते हुए भव्य और गरिमामय आयोजन को सफल बनाने हेतु गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिये और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। अध्यक्षता कर रहे संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने न केवल आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का संदेश दिया, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति बताया। उनकी शिक्षाएं हमें निडर, चरित्रवान और कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा देती हैं।

### सोनुवा में विधायक जगत मांझी ने सुनी समस्याएं



**सोनुवा।** अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विधायक जगत माझी ने प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर जनता दरबार में पहुंचे। इनमें आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, आयुष्मान योजना कार्ड, गांव में सार्वजनिक स्थान पर सड़क-पुलिया निर्माण, अबुआ आवास, पेंशन, नया राशन कार्ड, स्कूल चारदीवारी और शौचालय निर्माण, जमीन और अतिक्रमण संबंधी एवं अन्य समस्याएं शामिल रही। इनमें कुछ समस्याओं का विधायक ने तत्काल संधान किया। वहीं कुछ मामलों पर बीडीओ और सीओ को अवगत करा जल्द समाधान का निर्देश दिया। मालूम हो कि लगातार तीसरे सप्ताह विधायक ने सोनुवा में जनता दरबार आयोजित किया है। जनता दरबार आयोजित होने से ग्रामीणों को विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रखने में आसानी हो रही है। विधायक जगत माझी ने बताया कि जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभाग समस्या लेकर आ रहे है। उनकी कोशिश है ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का तत्काल समाधान कर क्षेत्र के लोगों के राहत दिलाया जाये।

### कचरे की सफाई के लिए एसडीएम को दिया धन्यवाद



**जमशेदपुर।** मानगो क्षेत्र में कचरे की सफाई की समस्या को लेकर प्रशासन ने सक्रिय कदम उठाये हैं। उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर एसडीएम शताब्दी मजूमदार ने क्षेत्र में उन स्थानों को चिह्नित किया जहां सड़क किनारे कचरे का जमावड़ा हो रहा था। इन स्थानों की तुरंत सफाई करवाने के लिए कार्रवाई की गयी। आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान और विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर निधि श्रीवास्तव ने एसडीएम शताब्दी मजूमदार से मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया। उन्होंने फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और अनुरोध किया कि जिस तरह ओल्ड और न्यू पुरुलिया रोड की सफाई की गयीहै, उसी प्रकार आजादनगर थाना क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। एसडीएम शताब्दी मजूमदार ने आश्वासन दिया कि अन्य क्षेत्रों में भी जल्द ही सफाई का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सफाई अभियान को नियमित रूप से चलाया जायेगा ताकि गंदगी से फैलने वाली बीमारियों से बचाव हो सके।

### रक्षा वाहिनी ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**जमशेदपुर।** शहर में बढ़ती ठंड को देखते हुए सनातन रक्षा वाहिनी संघ ने समाज सेवा के तहत रात्रि के समय जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण अभियान चलाया। संघ के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर उन लोगों को राहत पहुंचाई, जिनके पास ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े या अन्य साधन नहीं हैं। इस अभियान के तहत संघ के कार्यकर्ता मुख्य रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फुटपाथ और झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों में पहुंचे। उन्होंने ठंड की ठिठुरन झेल रहे लोगों को कंबल बांटे और उनके साथ मानवीय संवेदनाओं को साझा किया। संघ के सदस्यों ने आश्वासन दिया कि ठंड के मौसम में यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सनातन रक्षा वाहिनी संघ ने समाज के अन्य लोगों से भी अपील की कि वे आगे आएं और जरूरतमंदों की सहायता कर इस सर्दी को उनके लिए थोड़ा आसान बनाएं। संघ के संस्थापक अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने कहा सर्दी का मौसम गरीब और बेसहारा लोगों के लिए बेहद कठिन होता है। हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों को ठंड से राहत पहुंचाना और समाज में सहायता की भावना को बढ़ावा देना है। मौके पर अखिलेश सिंह, संदीप मिश्रा, कुणाल तिवारी, मंतोष सिंह, द्वितरंजन विश्वाल, विशाल सिंह आदि भी थे।

## स्पीड न्यूज

### नावाजयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन आरोग्य समिति का गठन




**पाटन पलामू।** नावाजयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्वी जिप रीता देवी की अध्यक्षता में जन आरोग्य समिति गठित की गयी। सामति में जिप अध्यक्ष रीता देवी को अध्यक्ष, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी श्रवण मेहता को उपाध्यक्ष, डॉ आनंद कुमार को सचिव, वरिष्ठ नागरिक जगदीश पांडेय, नावा खास मुखिया मनोज कुमार एवं निवर्तमान मुखिया चंद्रदेव सिंह को सदस्य चुना गया। आमंत्रित सदस्य पूर्व पंसस रामप्रवेश सिंह, युवा प्रतिनिधि चंचल कुमार बनाये गये। मौके पर एएनएम रीता कुमारी, नंद यादव, राज्य पर्यवेक्षक विरेंद्र पासवान एवं प्रखंड पर्यवेक्षक बीटीटी परशुराम पासवान उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद थाना प्रभारी के रूप में सोनू कुमार चौधरी ने दिया योगदान



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद थाना में थाना प्रभारी के रुप में सोनू कुमार चौधरी ने योगदान दिया। उन्होंने संजय यादव से प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद थाना परिसर का निरीक्षण कर थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री भाव पैदा कर बेहतर और भय मुक्त वातावरण तैयार करना है। वहीं उन्होंने तमाम थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील की। मौके पर एसआई आनंद कुमार सिंह, सीताराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोहर प्रजापति सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### कई पंसस के अनुपस्थित रहने से प्रखंड सभागार की बैठक स्थगित




**सतबरवा पलामू।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को आहूत बैठक में कई पंससों की अनुपस्थिति के कारण तत्काल बैठक स्थगित कर दी गयी है। इसकी जानकारी बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने दी है। बताया कि 9 जनवरी को प्रखंड के विकास संबंधी चर्चा को लेकर पंसस की बैठक थी। जिसमें पंसस, विधायक एवं सांसद प्रतिनिधियों के अलावा पदाधिकारी को शामिल होने की भी सूचना थी। बैठक में शामिल होने के लिए एमओ सह बीएओ अरविंद कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रोशन रंजन पाठक, पशुपालन चिकित्सा प्रभारी डॉ तौफीक अहमद, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, मनरेगा, पंचायती राज, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग के बीटीएम वरुण सिंह यादव, सीआई अनीश सिंह मौजूद थे।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण से की मुलाकात

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार के नेतृत्व में मोर्चा सदस्यों ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की। नई मुहल्ला स्थित अपने आवास पर सतीश से वार्ता के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी पहचान राज्य स्थापना के बाद ही मिली है। सरकार आंदोलनकारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत है। जल्द हेमंत सरकार झारखंड अलग राज्य के निर्माताओं को मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा करेगी व अलग पहचान देगी।

### समाज आगे कैसे बढ़े... इसपर ऋतिक परिवार प्रयासरत : रजनीकांत पांडेय



**मेदिनीनगर।** ऋत्विज परिवार का वनभोज सह मिलन समारोह 12 को होगा। उक्त जानकारी ऋत्विज परिवार के अध्यक्ष सह सेवानिवृत्त आपूर्ति पदाधिकारी रजनीकांत पांडेय ने दी। कार्यक्रम की शुरुआत चैनपुर प्रखंड के काराकाट खोहरी स्थित गंगा गार्डन में सुबह 11 बजे से होगी। वनभोज सह मिलन समारोह में ऋत्विज परिवार के सभी महिला-पुरुषों एवं युवाओं को आमंत्रित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि वनभोज सह मिलन समारोह में अधिक से अधिक समाज के लोगों को बुलाया जा रहा है ताकि परिवार एक दूसरे के सुख दुख को समझ सके और अपनी समस्याएं भी समाज के सयमझ रख सके ताकि समस्या का समाधान हो सके। मौके पर सचिव मणिकांत उपाध्याय, संयुक्त सचिव संजय ओझा, अवकाश प्राप्त अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला, विभाकर नारायण पांडे उर्फ चुनु पांडे, नवनीत पांडे, राजीव रंजन पांडेय, सत्येंद्र तिवारी, सुधीर दुबे सहित कई लोग थे।


### सतत मिलाप टीम 14 को जिला स्कूल मैदान में लगायेगी सहायता शिविर

**मेदिनीनगर।** रांची से प्रत्येक माह आने वाली सतत मिलाप टीम आगामी 14 जनवरी दिन मंगलवार को स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में पलामू जिला के पूर्व सैनिकों के सहायता हेतु एक शिविर का आयोजन करेगी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र और महासचिव दिनेश गुप्ता ने इसकी जानकारी दी। इस कैंप में मेडिकल चेक अप के लिए चिकित्सकों की टीम भी उपस्थित रहेंगे, जहां पूर्व सैनिक अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की चेक अप करवा कर अग्रिम उपचार हेतु परामर्श ले सकेंगे। इसके अलावा रन फॉर हेल्थ तथा कुछ मनोरंजक गेम भी आयोजित करने की योजना है। इस कैंप में पौधरोपण करने की भी योजना बनाई गई है। जिला में निवास करने वाली वीर नारियों और पूर्व सैनिकों के विधवाओं से विशेष अनुरोध किया गया है कि इस कार्यक्रम में वे लोग अवश्य हिस्सा लें। इसमें उनके डॉक्यूमेंटेशन, पेंशन या किसी और तरह की जो भी समस्या होगी उसका समाधान किया जायेगा। साथ ही साथ कैंप के दौरान उन्हें सम्मानित करने की योजना भी बनाई गई है। इस बार इस कैंप में पूर्व सैनिकों के लि सी एस डी कैंटीन की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। पूर्व सैनिक अपने कैंटीन कार्ड के द्वारा यहां रोजमर्रा की वस्तुओं की खरीददारी भी कर पायेंगे। जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने जिला के पूर्व सैनिकों से अपील की है कि इसमें ज्यादा से ज्यादा आयें।

# अगलगी में गढ़वा रोड जंक्शन पर खड़ा निरीक्षण यान जलकर हुआ खाक

- कड़ी मशक्कत के बाद ग्रासिम के दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू, दो घंटा रेलवे परिचालन ठप

**महेंद्र प्रजापति**


**क्या बोले स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार :** घटना के बाद से अप लाइन को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। वहीं डाउन लाइन को भी कुछ समय तक के लिए होल्ड किया गया था जिसके कारण रेल परिचालन लगभग दो घंटे तक बंद रहा जिससे कई यात्री ट्रेन व मालगाड़ी विभिन्न स्टेशनों पर रुकी रहीं। स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका है कि शॉट सर्किट से आग लगी होगी। नुकसान का पूर्ण आकलन भी अभी नहीं बता बता पायेंगे। मौके पर रेल पुलिस निरीक्षक बनारसी यादव, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार सहित कई रेल पदाधिकारी मौजूद थे।

**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड जंक्शन (रेहला स्टेशन) के यार्ड में खड़े निरीक्षण यान में एकाएक आग लग गयी। घटना गुरुवार 1.35 बजे की है। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रासिम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक रेल परिचालन ठप रहा।

जानकारी के अनुसार निरीक्षण यान गढ़वा रोड जंक्शन के यार्ड एक पर बीती रात से ही खड़ी थी जिसमें एकाएक आग लग गयी। रेल अधिकारियों ने ग्रासिम इंडस्ट्रीज से आग बुझाने के लिए रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज से अग्निशमन वाहन मंगवाया। ग्रासिम के दमकल कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान ग्रासिम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र केशव अवस्थी खुद भी घटनास्थल पहुंचे।

# पहले प्रशासन-जनप्रतिनिधियों ने दिव्यांगों के विकास के प्रति नहीं दिखायी संवेदनशीलता : डॉ शशिभूषण

- पांकी विधायक डॉ शशिभूषण के प्रयास से नीलांबर पीतांबरपुर में दिव्यांगों के लिए लगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खास बातें :** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि जैसे ही सभी कागजात बन जायेगा, उसके बाद उनका प्रयास है कि सभी दिव्यांगो को उनके जरूरतों के अनुसार उपकरण उपलब्ध हो सके। विधायक ने कहा कि सरकार मइया सम्मान देकर सराहनीय कार्य कर रही है लेकिन जो शारीरिक रूप से जो कमजोर है उन्हें समय पर पेंशन नहीं मिल रहा है। विधायक ने सरकार से दिव्यांगों को पांच हजार पेंशन देने की मांग की है ताकि दिव्यांग भी सामान्य लोगों की तरह जीवन यापन कर सकें। शिविर में विकलांग संघ की जिला इकाई टीम ने विधायक को 15 सूत्री मांग पत्र भी सौंपा। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, पायनियर पांडेय, रिंकी यादव, मिंटी वर्मा, राजकमल वर्मा, अजय पासवान, देवराज कुमार साव, सुधीर तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

**नीलांबर पीतांबरपुर।** गुरुवार को नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के मौर्या फार्म हाउस में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के प्रयास से दिव्यांगो के जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि अभी तक खास कर पांकी विस क्षेत्र में न तो प्रशासन ने तो कोई जनप्रतिनिधियों ने दिव्यांगजनों के विकास या उनके हितों के बारे में कभी भी संवेदनशीलता नहीं दिखायी।

दिव्यांग किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई दिव्यांगो अपनी समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने तय किया था कि सभी दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव ने मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की धीमी गति पर जतायी नाराजगी

- जुलाई तक कार्य पूर्ण करें वरना आठ प्रतिशत बढ़ोतरी राशि की लगेगी पेनाल्टी
- मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर को दुरूस्त करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जायजा लेने पहुंचे अधिकारी और उपस्थित अन्य लोग।

**मेदिनीनगर।** राज्य के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा व परिवार कल्याण विभाग के अजय कुमार सिंह पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सदर प्रखंड के पोखराहा स्थित मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन भवनों का जायजा लेते हुए धीमी गति निर्माण पर नाराजगी जताया। उन्होंने सापुर जी पालन जी कंपनी प्रा. लिमिटेड मुंबई द्वारा विगत छह वर्षों से निर्माण कार्य के धीमी गति पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि जुलाई माह तक निर्माण कार्य पूरा करें वरना आठ प्रतिशत बढ़ोत्तरी राशि का पेनाल्टी के तौर पर काटने की बात कही। कहा कि प्रत्येक माह दो प्रतिशत के हिसाब से पेनाल्टी काटी जायेगी। उन्होंने पोखराहा में ओपीडी भवन को अविलंब निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

- इसमें कैंसर, न्यूरो विभाग एवं हृदय रोग विभाग को अलग से सुव्यवस्थित करने के साथ दो सौ बेड के सुपर स्पेशलियटी वार्ड एवं तीन सौ जेनरल वार्ड को पूरी तरह से ठीक करने को कहा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि न्यूरो एवं कैंसर तथा हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सक जो निजी अस्पतालों में सेवा दे रहे हैं उनकी सेवा सरकारी अस्पतालों में लेना सुनिश्चित करें। उसके बाद उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला ओपीडी, स्पेशल न्यू बॉन केयर यूनिट, मैटरनिटी वार्ड, पोस्ट ऑपरिटिव वार्ड, प्रसव कक्ष समेत विभिन्न वार्डो का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला ओपीडी में उपस्थित चिकित्सकों से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

# राममय होगा वातावरण : मनोज सिंह

- चैनपुर में अयोध्या जैसा उत्साह का माहौल दिखेगा
- गंगा आरती, आतिशबाजी और झांकी होगा आकर्षण का केंद्र
- महान क्लब करायेगा चैनपुर के सूर्य मंदिर तालाब में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




जानकारी देते भाजपा नेता सह कार्यक्रम के पदधारी।

**मेदिनीनगर / चैनपुर।** अयोध्या में श्री राम मंदिर की स्थापना का प्रथम वार्षिकोत्सव 11 जनवरी को मनाया जाना है। इसे यादगार बनाने के लिए चैनपुर के महान क्लब ने विशेष तैयारी की है। मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह की अगुवाई में यह आयोजन हो रहा है। गुरुवार को शाहपुर में व्यू रिजॉर्ट में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में मनोज सिंह व महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने कहा कि हर भारतीय के लिए यह अवसर अविस्मरणीय है। इसे खास बनाने के लिए विशेष तैयारी की गयी है। प्रभु श्रीराम मानव जीवन की अमूल्य निधि है। महान क्लब शुरू से ही समाजिक और धार्मिक कार्यों को लेकर सक्रिय रही हैं। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के पहले दिन चैनपुर के सूर्य मंदिर तालाब परिसर में गंगा आरती होगी, श्री राम से जुड़े मनमोहन झांकी के साथ आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र होगा। इसके जरिये प्रयास यह किया जायेगा भले ही लोग अयोध्या न जा पाये पर उत्साह और उल्लास का ऐसा वातावरण बनेगा, जिससे लोग अपने आप को इस उत्सव में शरीक पायेंगे। श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन भक्ति जागरण होगा। इसमें भोजपुरी कलाकार बिहार के चर्चित गायक आर्यन बाबू, गायिका खुशी कक्कर और गायक अभिमन्यु क्रांति भाग लेंगे और भक्ति गानों से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन की भव्यता के साथ पूरा माहौल राममय होगा। प्रेस वार्ता में शैलू चंद्रवंशी, पिंकू तिवारी, आशीष भारद्वाज, महामंत्री अमन मालाकार, कोषाध्यक्ष अंकित, उपाध्यक्ष अनमोल मालाकार, राहुल सोनी, अविनाश गुप्ता, सोनू अमित, रूपेश कश्यप, राज गुप्ता, वीरू समेत महान क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।

# जनता के बीच पूरे पांच वर्षों तक रहकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करता रहूंगा : मुमताज अहमद खान

**शिवशंकर पासवान**



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुमताज।

**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी मुमताज अहमद खान ने चुनाव की समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरी मजबूती के साथ गांव पंचायत में जाकर मजबूत तरीके से संगठन को तैयार करने का चुनावी टिप्स दिया। जिससे चुनाव में बूथों से ज्यादा से ज्यादा कैसे वोट निकाले जाएं। इसकी रणनीति पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांटी गयी। बैठक में आने वाले विधानसभा चुनाव में कैसे ज्यादा से ज्यादा वोट घरों से निकालकर मतदान केंद्र तक पहुंचाये जायें, इसकी मंत्रणा पर जोर दिया। कहा कि मैं जनता के बीच पूरे 5 वर्षों तक रहकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करता रहूंगा। पांकी विस क्षेत्र की जनता अनुकरणीय है। इस क्षेत्र ने मुझे राजनीति में खूब सम्मान दिया है। उसे मैं कैसे भूल सकता हूं।

**...और क्या बोले मुमताज :** क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख में दिन रात सेवा करने को तत्पर हूं। बूथ कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाने की रणनीति बनी। आजाद समाज पार्टी के पांकी विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मुमताज अहमद खान ने सगालिम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में मिली हार से निराश न हों। हार जीत का चक्रव्यूह चलता रहा है। इस पर ज्यादा सोच विचार करने की जरूरत नहीं है। हमारे आगे अब मंजिल विधानसभा चुनाव है। इस चुनाव में मिली हार का बदला कैसे लिया जाये ये जरूरी है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से तैयार होना होगा। मौके पर आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह डाल्टनगंज भंडरिया विस के पूर्व प्रत्यासी अजय सिंह चेरो, संगठन के पांकी प्रखंड अध्यक्ष गुलशन अंसारी, सचिव नागमणि रजक, प्रदेश प्रवक्ता राम कुमार रवि, जिलाध्यक्ष सुनील उरांव, जिला उपाध्यक्ष सुहैल अंसारी, अजीत अंबेडकर, जिला महासचिव सीताराम दास, जिला उपाध्यक्ष अशोक अंबेडकर, कृष्ण कुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजा रवि, प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश राम, गुलशन अंसारी, अजय राम, आशा अंबेडकर, अनीश अंसारी, सुदर्शन कुमार, अफजल खान, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पांकी मतीन अहमद , हदीश अंसारी, रंजीत कुमार, ज्योति कुमारी, दीपक पासवान, दीपक कुमार आदि भी थे।

### आंगनबाड़ी सहायिका चयन में फर्जी आवेदन करने वाले हो जायें सावधान : बीडीओ



**पाटन पलामू।** बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अमित झा ने कहा कि ऐसा प्राय: पाया जा रहा है कि कई आवेदक फर्जी दस्तावेज बनवा कर आवेदन कर रहे हैं। साथ ही गलत तरीके से चयनित होने के प्रयास में लगे हुए हैं। सभी समर्पित दस्तावेजों को प्राधिकृत संस्था को भेजा जा रहा है। फर्जी आवेदन पाये जाने पर जेल जायेंगे। श्री झा ने लोगों से अनुरोध किया है कि छोटे-मोटे प्रलोभनों के चक्कर में आकर गलत तरीके से आवेदन करना बंद करें। आवेदक आवेदन करते समय अपना सही दस्तावेज का ही उपयोग करें। ऐसा करने में उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पलामू की बैठक चलानी किला शाहपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता बालकिशुन उरांव व संचालन दाऊद केरकेट्टा ने की। बैठक में 11 को रांची में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के सम्मान समारोह मे पलामू प्रमंडल से सैकड़ों लोग शामिल होंगे। 3 को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। बैठक में चंद्र धन सिंह चेरो, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, शंखनाथ सिंह व बालकिशुन उरांव दाऊद केरकेट्टा व पर्यवेक्षक प्रमंडलीय अध्यक्ष बिकेश शुक्ला मौजूद थे।

### मेरठ में होने वाली एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए तरहसी पलामू की चांदनी का चयन



**तरहसी पलामू (संजय पाठक)।** राज्य स्तरीय 59वें राष्ट्रीय क्रश कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन मेरठ में 12 जनवरी को होना निश्चित हुआ है। 10 किमी की दौड़ में पलामू जिले की ओर से इस प्रतियोगिता में जाने के लिए सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कालेज तरहसी की छात्रा चांदनी कुमारी का चयन हुआ है ।चांदनी कुमारी तरहसी प्रखंड अंतर्गत आरका पंचायत के पकरी गांव के बिरेंद्र सिंह की लड़की है । गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रभाकर ओझा, अवर निरीक्षक मनिंदर शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर मेरठ जाने के लिए महाविद्यालय से रवाना किया और सफल होने की कामना की। अपने चयन को लेकर चांदनी काफी उत्साह से भरी है।

# कॉलेज में कायम है अंधेरगर्दी, इसे जल्द दूर करेंगे : डॉ शशिभूषण मेहता

- मजदूर किसान इंटर कॉलेज में फर्जी नियुक्ति का मामला उजागर, जाली सर्टिफिकेट पर नौकरी की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर / पांकी।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड स्थित मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय, डंडारकला में फर्जी नियुक्तियों का गंभीर मामला सामने आया है। पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने आरोप लगाया है कि कॉलेज में कई कर्मियों की नियुक्ति फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर हुई है। विधायक ने इस विषय पर विस्तृत जांच की मांग की है। कॉलेज में वर्तमान में 27 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से 6 सेवा विस्तार शिक्षक कार्यरत पर हैं। कॉलेज की छात्र क्षमता तीनों संकाय (विज्ञान, वाणिज्य, और कला) को मिलाकर 3200 है। हालांकि, नामांकन और उपस्थिति के आंकड़े बेहद असंतोषजनक हैं। विज्ञान संकाय में 970, कला संकाय में 670 और वाणिज्य संकाय में केवल 20 छात्रों का नामांकन दर्ज है। विधायक डॉ मेहता ने बताया कि वर्ष 2019 में अनुबंध पर नियुक्ति शशिकांत कुमार यादव का प्रमाणपत्र पूरी तरह से जाली है।

# सनटेक प्लास्टिसाइजर ने वार्ड आठ के 75 जरूरतमंदों को दिया कंबल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला के डंडीला खुर्द स्थित सनटेक प्लास्टिसाइजर प्रा.लिमिटेड के द्वारा गुरुवार को कंबल वितरण अभियान की शुरूआत की गयी। अभियान के पहले दिन बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड आठ में 75 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश प्रसाद यादव,शिवानन्द कुमार,अशोक कुमार,अमरेशकांत मिश्रा,पंकज पांडेय व निवर्तमान पार्षद नजमुद्दीन नूरी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नरेश प्रसाद यादव ने कहा कि सनटेक प्लास्टिसाइजर कंपनी अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करती है। क्षेत्र में कई समाजसेवार्थ कार्य करते रहती है। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में अभावग्रस्त लोगों के बीच कंबल वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में लोगों को कंबल देना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# जे सी ई आर टी रांची के सहायक निदेशक ने सतबरवा के चार विद्यालयों का किया अनुश्रवण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निरीक्षण के दौरान आवश्यक जानकारी लेते सहायक निदेशक व उपस्थित अन्य।

**सतबरवा।** जे सी ई आर टी रांची के सहायक निदेशक बांके बिहारी सिंह ने गुरुवार को सतबरवा के चार विद्यालयों का अनुश्रवण किया। इस दौरान बांके बिहारी सिंह शिशु पंजी अद्यतन कार्य से संतुष्ट दिखे। वही उन्होंने शिक्षकों को कई आवश्यक निर्देश विद्यालय के हेडमास्टर, शिक्षक तथा सहायक शिक्षकों के अलावे प्रबंधन समिति के सदस्यों को दी। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में शिशु पंजी अघतन का कार्य चल रहा है, सभी विद्यालय अपने-अपने पोषक क्षेत्र में 3 से लेकर 18 वर्ष के आयु वर्ग के छात्रों का आंकड़ा का संग्रह करने का कार्य कर रहे है। इस दौरान जो भी ड्रॉप आउट बच्चे पाए जाएंगे उन्हे विद्यालय से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। शिशु पंजी अद्यतन को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से प्रत्येक जिला में एक अनुश्रवण टीम गठित की गई है जो प्रत्येक जिलों में जाकर शिशु पंजी अद्यतन कार्य का अनुश्रवण कर रही है। इस दौरान सहायक निदेशक ने राजकीय कन्या मध्य विद्यालय सतबरवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहरा पोखरी, राजकीय मध्य विद्यालय तुंबागडा तथा राजकीय मध्य विद्यालय बकोरिया का अनुश्रवण किया। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कापड़ी, बीपीएम सव्या कुमारी, बीआरपी शमशाद अहमद, चंद्रशेखर ठाकुर, सीआरपी सुधीर मिश्रा, विद्या कुमारी, वीरेंद्र साहू, विमला कुमारी, प्रभावती देवी के अलावे शिक्षक मौजूद थे।

# हम सभी का जीवन है अनमोल खुद सुरक्षित रहें: समाल अहमद

- सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर गिरिवर व केजी स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना करते लोग।

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत गिरवर स्कूल और केजी स्कूल के विद्यार्थियों शिक्षक, शिक्षिकाओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारी गण, वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा, कंचन गुप्ता, राखी सोनी और शुभम बिहार, यातायात पुलिस के जवान एवं सहायक पुलिस शामिल थे। रैली को यातायात प्रभारी समाल अहमद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली तिनकोनिया से होते हुए सादिक चौक, स्टेशन रोड, कचहरी चौक, छह मुहान चौक, हॉस्पिटल चौक, बाजार घड़ा पट्टी, जिला स्कूल चौक, पोस्ट ऑफिस रोड, शिवाजी मैदान में जाकर समाप्त हुआ। वहां पर सभी बच्चों को केक और पानी देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर यातायात प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि इन दिनों राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने चालकों समेत आमलोगों से वाहन चलाते समय सुरक्षार्थ हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने समेत यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है यात्रा करते समय खुद को सुरक्षित रखें।

# नियमित जांच कराने वाली महिलाओं के बच्चे होते हैं स्वस्थ : डॉ कुलदेव

## 45 गर्भवती महिलाओं की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरडीहा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बरडीहा में 45 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस अभियान के तहत प्रत्येक महीने 9 तारीख को एंटी नेटल केयर यानि एएनसी अर्थात प्रसव पूर्व जांच किया जाता है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि मां बनना एक स्त्री के लिए उसके जीवन का सबसे सुखद एहसास है। गर्भावस्था जहां खुशी का पल होता है इस दौरान जच्चा बच्चा की उचित देखभाल करना जरूरी होता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं की समय पर प्रसव पूर्व जांच जरूरी है। डॉ चौधरी ने कहा कि प्रसव पूर्व जांच से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, कुपोषण, खून की कमी आदि की पहचान कर उसका सही इलाज किया जाता है। गर्भावस्था के दौरान मां को होने वाली कई गंभीर बीमारियों का पता लगाकर समय रहते भ्रूण को बीमारी से बचाव किया जा सकता है। जांच के दौरान गर्भवती में कुपोषण का पता चल जाता है जिसके बाद उन्हें पोषक आहार संबंधी उचित परामर्श दिया जाता है। नियमित प्रसव पूर्व जांच कराने वाली महिलाओं के बच्चे स्वस्थ होते हैं। जो मातृ-शिशु की मृत्यु दर को भी काम करता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव काल के 9 माह में कम से कम चार बार प्रसव पूर्व जांच जरूर कराना चाहिए। जिसमें ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वजन, लंबाई, पेशाब में शक्कर व प्रोटीन जांच सहित एचआईवी, हेपेटाइटिस बी व अन्य प्रकार की आवश्यक जांच शामिल है। मौके पर सीएचओ वीरेंद्र कुमार, एएनएम देवंती देवी, एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार गुप्ता, फील्ड सुपरवाइजर राकेश कुमार, रजनीकांत सिन्हा, सहिया रेखा देवी, ललिता देवी, कविता देवी, मंजू देवी, उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।


जांच करते डॉ कुलदेव चौधरी

# मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने पर बीडीओ कार्यालय पहुंची महिलाएं


जानकारी देती महिलाएं

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय पर गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न भागों से सैकड़ों की संख्या में महिला एवं चार किशोरियों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने बीडीओ कार्यालय के समीप अपना अपना नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की झारखंड सरकार की सबसे बड़ी महत्वकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना का लाभ एक किस्त के बाद दोबारा नहीं मिला। वहीं कुछ महिलाओं ने आरोप लगाई कि सारी कागजी प्रक्रिया पूर्ण रूप से सही होने के बाद भी मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार को इस योजना के लाभ सबों को देनी चाहिए अन्यथा किसी को नहीं। आधी महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है, वहीं प्रखण्ड क्षेत्र की आधी महिला इस प्रखंड छेत्र में इस लाभ से वंचित हैं। इस संबंध में बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि वैसे सभी लाभार्थियों से पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक अकाउंट तथा अन्य कई कागजातों के साथ लिखित आवेदन लिया जा रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए सभी आवेदन को जिला में सुधार हेतु भेजा जायेगा। नाराजगी व्यक्त करने वालों में सविता देवी, रश्मि देवी, अनवारी देवी, खुशीर्दा बीबी, काजल कुमारी, पूनम देवी, सदरुन खातून, नजरुन खातून, नजबुन बीबी, कविता कुमारी, पूनम कुमारी आदि उपस्थित थी।

# हृदय गति रुकने से महिला की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खुटहेरिया गांव के बाबू खुटहेरिया टोला निवासी सुरेश सिंह की 65 वर्षीया पत्नी इंदु देवी की मौत बुधवार की रात्रि हृदय गति रुक जाने के कारण हो गयी। परिजनों ने बताया कि उन्हें छाती में दर्द व घबराहट होने पर स्थानीय डॉक्टर को बुलाया गया तो डॉक्टर ने बाहर ले जाने की सलाह दी। आनन फानन में रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिए। मृतका के तीन पुत्र जो सभी सीआरपीएफ के जवान हैं जो देश के विभिन्न हिस्सों रांची, रायपुर व नोयडा में तैनात हैं उनके के बाद दाह संस्कार किया जाएगा। मृतका के छोटे पुत्र दुर्गेश सिंह देश सेवा के साथ एक स्वयंसेवी संस्था के संस्थापक भी हैं जो सदैव गरीब व असहाय का मदद के लिए ततपर रहते हैं। पंचायत मुखिया अनिता देवी, उप मुखिया अतीस सिंह, गोरख सिंह, शम्भू नाथ सिंह सहित कई अन्य ने भी सुरेश सिंह की पत्नी की मौत पर दुःख व्यक्त किया है।

# सांसद से केशर प्लांट नीलामी को रोक लगाने की मांग

**भवनाथपुर।** कांग्रेस कमेटी गढ़वा जिलाध्यक्ष के पत्र के आलोक में झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सांसद सुखदेव भगत को पत्र लिखकर गढ़वा जिला अवस्थित भवनाथपुर में सेल द्वारा संचालित एशिया के सबसे बड़े केशर प्लांट के नीलामी को अविलंब रोक लगाने तथा तुलसीदामर डोलोमाईट खादान का एक्सटेन्शन ऑफ लीज दिलाने तथा विस्थापित के 9 मौजा के रैयतों की अधिग्रहित भूमि वापसी कराने की मांग किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि गढ़वा जिला में अवस्थित भवनाथपुर में सेल द्वारा संचालित एशिया का सबसे बड़ा केशर प्लांट अवस्थित है, जो सन 1978-79 से प्लांट को चालू कराया गया था, जिसका लीज 100 वर्ष का था। किन्तु सेल के उच्चाधिकारियों के इच्छाशक्ति कमजोर होने के कारण लगभग 20 वर्षों के उपरांत ही प्लांट को पूरी तरह बंद कर दिया गया।

# हाठू नदी पर निर्माणाधीन पुल में अनियमितता, हुआ विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** प्रखंड अंतर्गत हाठू नदी पर निमार्णाधीन पुल में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा सामने आई है। पुल के फाउंडेशन में मानकों की खुली अनदेखी कर संवेदक द्वारा बिना आवश्यक गहराई (रिक्वायर्ड डेप्थ) के ही ढलाई की तैयारी कर ली गई थी। फाउंडेशन में न तो पीसीसी किया गया और न ही निर्धारित मानकों के अनुसार रॉड का उपयोग किया गया। इसके बजाय, अधिक स्पेसिंग में लोकल रॉड, जिसकी कठोरता (हार्डनेस) मानक से अधिक थी, का इस्तेमाल किया जा रहा था। यदि ग्रामीण समय पर ढलाई नहीं रोकते, तो एक सप्ताह पूर्व ही फाउंडेशन की ढलाई पूरी कर दी जाती। 8 जनवरी को संवेदक द्वारा आनन-फानन में बंधाई की गई रॉड को फाउंडेशन से बाहर निकालकर 6 फीट गहराई और बढ़ाने की बात कही जा रही है। सवाल यह उठता है कि अगर उस दिन ग्रामीण विरोध नहीं करते, तो क्या मानकों के विपरीत ढलाई पूरी हो जाती ? इससे पुल के भविष्य में धंसने, डूबने और बहने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। विभाग के इंजीनियर से संपर्क करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि संवेदक मानकों का उल्लंघन करने का प्रयास कर रहा था। जांच में पाया गया कि फाउंडेशन की गहराई पर्याप्त नहीं थी। इससे स्पष्ट होता है कि यह संवेदक और इंजीनियर की मिलीभगत से योजनाबद्ध लूट का प्रयास था, जिसे ग्रामीणों की जागरूकता ने विफल कर दिया। ग्रामीणों ने भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी से संपर्क कर इस पूरे मामले की जानकारी दी। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह घटना सिर्फ एक पुल तक सीमित नहीं है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में सरकारी कार्यों में मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यह जनता के पैसों की लूट है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि यह घटना बताती है कि राज्य में किस प्रकार लूट और भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। जनता को जागरूक और संगठित होकर ऐसे भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आवाज उठानी होगी।


जानकारी देते ग्रामीण

# डीसी व एसी ने समाहरणालय में की जनसुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर तथा एसी सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी राज महेश्वरम की अध्यक्षता में गुरूवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिले के भंडरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत बिजका के 45 ग्रामीण, राशन कार्डधारी लाभुक उपस्थित थे। डीसी, एसी राशन कार्डधारियों के राशन उठाव में आ रही समस्याओं से अवगत हुए। कार्डधारियों का कहना था कि वर्तमान में उन्हें जिस राशन दुकान के साथ टैग किया गया है वह उनके घर से दूर है। ऐसे में राशन लेने के लिए दूरी तय कर जाना पड़ता है, जिससे समय ज्यादा लगता है। इसलिए नजदीक के राशन दुकान से टैग करते हुए राशन डीलर को राशन वितरण के लिए निर्देशित किया जाए। जनसुनवाई में सर्वसम्मति से पुराने राशन डीलर ईश्वर दयाल के स्थान पर राशन कार्डधारियों को नये राशन दुकान से टैग करते हुए डीलर जंगी सिंह को संबंधित कार्डधारियों को राशन वितरण का निर्देश देते हुए कार्डधारियों की सहमति से समस्याओं का निराकरण किया गया। वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पाण्डेय तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमित कुमार को सभी लाभुकों का पुराने डीलर के पास पड़े दिसंबर 2024 तथा जनवरी 2025 के राशन को उनके नये डीलर के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उसका वितरण शीघ्र सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त शिकायत की जांच करने झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष सह सदस्य शबनम परवीन गढ़वा जिले के प्रखंड भंडरिया के ग्राम पंचायत बिजका के एक दिवसीय दौरे पर आईं थीं। उन्होंने राशन कार्डधारियों से बात कर उनके शिकायत का निराकरण करते हुए राशन वितरण कराने का निर्देश दी थीं।

# एसडीओ ने किया प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

**कांडी।** सदर एसडीओ संजय कुमार ने गुरुवार को रूटिंग विजीट के तहत कांडी एफसीआई गोदाम का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय कर्मचारियों से कई बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया तत्पश्चात प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने कहा कि कांडी के पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा कांडी प्रमुख सतेंद्र पांडेय के खिलाफ दिए गए अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस अभी प्रक्रियाधीन है। सभी पंचायत समिति सदस्यों को नोटिस कराया जाएगा और पंद्रह दिनों के अंदर ही अविश्वाश प्रस्ताव की प्रक्रिया पूरा करते हुए आगे की करवाई सुनिश्चित किया जाएगा।

## जिप अध्यक्षा ने किया कंबल वितरण

**रमना।** गिरते तापमान और 24 घंटे बहती शीतलहरी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग 24 घंटे गर्म कपडे में दिख रहे है। आज भी बहुत से ऐसे गरीब मजबूर लाचार लोग है जिनके पास इस हाड़ कपाती ठंड में गर्म कपडे नहीं है। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने इस हाड़ कपाती ठण्ड के मद्देनजर ग्राम टंडवा पंचायत सचिवालय में गरीब असहाय ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर जिप अध्यक्षा ने कहा कि जो भी जरुरत मंद लोग है, उन्हें हरसंभव मदद किया जायेगा। किसी को कोई भी समस्या हो तो वो बेहिचक मुझे बताये उसका निरकारण अवश्य किया जायेगा। मौके पर उप मुखिया पूनम देवी, पंचायत समिति सदस्य बोधन सिंह, रोजगार सेवक रोहित शुक्ला, अमरावती कुंवर, फूल कुमारी देवी, सावित्री कुंवर, बिफनी देवी, फुलमतिया देवी, राजकुमारी देवी आदि उपस्थित थे।

## प्लांट की कटिंग के विरोध में 18वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

**भवनाथपुर।** एशिया के सबसे बड़े क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 18वें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड में, सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शनकारी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। विस्थापित संघर्ष समिति के संरक्षण सुशील चौबे ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर हम लोगों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव से मिलकर पत्र दिया है। कांग्रेस नेताओं ने इन मुद्दे को लेकर उचित कार्रवाई और समाधान का आश्वासन दिया है। मौके पर विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक, राजकुमार राउत, राजमोहन यादव, शमशेर अंसारी, गीत देवी, कौशल्या देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आरके पब्लिक क्वार्टर फाइनल में

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 24वें दिन बालिका वर्ग के मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को 9 विकेटों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आरके पब्लिक स्कूल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बीएसकेडी ने निर्धारित ओवर में 9 विकेट खोकर 38 रन बनाए। आरके पब्लिक की ओर से अंशु और श्वेता ने दो-दो विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक अंशु के 11 ओर साक्षी के 9 रन के सहारे पांच ओवर में एक विकेट खोकर जीत दर्ज कर लिया। बीएसकेडी की ओर से पुनिता ने एक विकेट प्राप्त की। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक स्कूल की अंशु को सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह और परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया ने प्रदान किया।

# मुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने किया कंबल व स्वेटर वितरण

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत राणाडीह पंचायत क्षेत्र ग्राम भंडरिया में प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पंचायत मुखिया एवं वार्ड सदस्यों ने असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। इस संबंध में पंचायत मुखिया ललित बैठा ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते बीडीओ के निदेर्शानुसार प्रखंड कार्यालय से 140 कंबल प्राप्त हुआ था, जो पंचायत क्षेत्र सभी वार्डों में वितरण कर दिया गया। आज ग्राम भंडरिया के वार्ड नंबर 12, 13 के दो दर्जन असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि भंडरिया आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका की नियुक्ति नहीं होने के कारण बाल विकास परियोजना से आंगनवाड़ी के 30 बच्चों के लिए स्वेटर प्राप्त हुआ था

# एनडीए उम्मीदवार ललन प्रसाद ने दाखिल किया नामांकन

## विधान परिषद उपचुनाव

**पटना।** बिहार विधान परिषद की खाली हुई एक सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार ललन प्रसाद ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया है। बिहार विधान मंडल में ललन प्रसाद के नामांकन के दौरान मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री समेत गठबंधन के अन्य बड़े नेताओं मौजूद रहे।

नामांकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ललन प्रसाद ने कहा कि बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार ने उन्हें अब एमएलसी उम्मीदवार बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। मैं जिस अति पिछड़ा समाज से आता हूं, उस वर्ग के व्यक्ति को मुख्यमंत्री ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। आज भी इन वर्गों के लोगों को संविधान के बारे में ज्यादा अवगत नहीं है। नीतीश कुमार जो काम कर रहे हैं, उसके बारे में भी ज्यादा जानकारी नहीं होता है। मैं नीतीश कुमार के कामों को गांव-गांव लेकर जाकर जदयू का परचम लहराऊंगा।

उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव वर्ष 2025 में नीतीश कुमार की जीत तय है। बिहार के जिस वर्ग को पचपनिया समाज कहा जाता है उस वर्ग को नीतीश कुमार ने बड़ा सम्मान देते हुए हमें एमएलसी उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे नौजवान साथी को उम्मीदवार बनाकर अति पिछड़ा को सम्मान दिया है. बिहार का पचपनिया समाज अब नीतीश की जय करेगा।



### मुख्यमंत्री के करीबी है ललन प्रसाद

ललन प्रसाद को मुख्यमंत्री नीतीश के करीबी नेता के रूप में जाना जाता है। धानुक जाति से आने वाले 52 साल के ललन प्रसाद शेखपुरा जिले के 2001 से 2005 तक घाट कुसुंबा प्रखंड के जदयू अध्यक्ष रहे है। साल 2009 से 2013 तक शेखपुरा में जदयू के जिला उपाध्यक्ष भी रहे। शेखपुरा में जदयू को मजबूत करने के लिए वे जदयू के शुरूआती दौर से ही सक्रिय रहे हैं। खासकर नीतीश कुमार के नजदीकी के तौर पर इलाके में उनकी पहचान रही है।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी
नया समाहरणालय भवन,ब्लॉक–सी0,चाईबासा रोड,खूँटी – 835210
Email ID – jepkhunti@gmail.com

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अज्ञात संस्था द्वारा झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय के नाम पर फर्जी पत्र निर्गत किया गया है। पत्र में DIGITAL SAKSHARTA ABHIYAN (foundation) Ranchi के क्रियान्वयन प्रस्ताव हेतु विषय DIGITAL SAKSHARTA ABHIYAN के द्वारा digital class & Implimentation of co- curricular Activity संचालन के संबंध में है। उक्त पत्र में पत्रांक 1133 दिनांक 24.11.2024 अंकित है। स्पष्ट किया जाता है कि यह पत्र / विज्ञापन पूर्णतः फर्जी है, झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय खूँटी से इस संदर्भ का कोई विज्ञापन निर्गत नहीं हुआ है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 343874 District(24-25).D



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag.
Very Short Notice Inviting e-quotation
Notice No. - 03 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2024-25

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials annexed as Annexure-1 for framing estimate of Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works/Repair Works from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials and its Specifications for Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works under D.W & S mechanical Division Hazaribag are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 11.01.2025 at 10:30 hrs. to 19.01.2025 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 20.01.2024 at 10: 30 Hours.
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of items /materials at par with lowest market rate, so that it can be incorporated in framing of estimates for the required works under D.W&S Mechanical Division Hazaribag.

**Address for Communication:-**
Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Division Hazaribag
Mail ID:- dwsdhazmech2010@gmail.com

Executive Engineer
DW&S, Mechanical Division
Hazaribag

PR 343932 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/07/2024-25/Gr-02 (2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला अन्तर्गत मरकच्चो प्रखण्ड के डगरनवा पंचायत के डगरनवा झावात्तरी में फुटलाही नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 25905800.00 | 518200.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 13.01.2025 से 20.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.01.2025 अपराह्न 02.00 बजे।
6. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9934546408 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. अधोहस्ताक्षरी / सक्षम पदाधिकारी के पास किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा तथा निविदादाता को कारणपृच्छा अधिकार मान्य नही होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 343928 Rural Work Department (24-25)_D



GOVERNMENT OF JHARKHAND
DEPARTMENT OF AGRICULTURE,
ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE
(DIRECTORATE OF SOIL CONSERVATION)
Jharkhand Agriculture Machinery Testing & Training Center (JAMTTC)
4th Floor Room No. – 403, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008
Telephone- 9472769373
e-mail - edjamttc@gmail.com, website - www.jamttc.org

मिनी ट्रैक्टर के परिचालन, पावर टीलर, पम्पसेट अन्य कृषि यंत्रों के विशेष मरम्मति एवं रख–रखाव हेतु एक माह का निःशुल्क आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।

SKILL DEVELOPMENT PROGRAMME

झारखण्ड राज्य में कृषको, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य सहायता समूहों को विगत कई वर्षों से कृषि उपकरण बैंक की स्थापना अन्तर्गत ट्रैक्टर / मिनी ट्रैक्टर, ट्रैक्टर चालित यंत्र, पावर टीलर, रीपर, पम्प सेट, राईस हॉलर, कल्टीवेटर, डिक्स हैरो, सीड ड्रील कम फार्टिलाईजर इत्यादि उपलब्ध कराया जा रहा है परन्तु स्थानीय स्तर पर कृषि यंत्रों के मरम्मति के अभाव में अधिकांश कृषि यंत्र का समुचित उपयोग में कठिनाई हो रहा है। संबंधित निर्माताओं / आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा मिस्त्री एवं मेकेनीक की उपलब्धता सभी प्रखण्ड एवं ग्राम स्तर पर सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। विशेषकर वांरटी अवधि में भी मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर, राईस ट्रासप्लाटर, पम्प सेट, राईस हॉलर इत्यादि की सभी आवश्यक सर्विसींग समय पर होने में कठिनाई हो रही है।
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के अधीन कार्यरत संस्था "जेएएमटीटीसी, राँची" द्वारा कृषि यंत्रों के विशेष मरम्मति, परिचालन एवं रख–रखाव हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में बांछित तकनीकी योग्यता वाले झारखण्ड राज्य के नवयुवकों को एक माह (30 दिन) का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षणार्थी **वरियतः आई0 टी0 आई0 / पॉलटेकनीक / मैकेनीकल इंजीनियरींग / आटोमोबाईल इंजीनियरींग / कृषि इंजीनियरिंग में डिग्री / डिप्लोमाधारी या समकक्ष तकनीकी योग्यताधारी हो।**

| क्र0 | प्रस्तावित तिथि | प्रशिक्षणार्थियों की प्रस्तावित संख्या |
|---|---|---|
| 01 | 16.01.2025 से 14.02.2025 तक | 25 |

चयनित प्रशिक्षणार्थी को उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये मोबाईल नम्बर / ईमेल के माध्यम से सूचित किया जायेगा जिनको निर्धारित तिथि 16.01.2025 को निम्न पते पर उपस्थित होना होगा।

**प्रशिक्षण केन्द का पता–जेएएमटीटीसी, राँची, ई0 टी0 सी0 परिसर, काजू बगान, हेहल, (सामने जुनियर डी0 ए0 वी0 स्कूल, हेहल) राँची, पीन कोड–834005**

किसी प्रकार की विशेष जानकारी हेतु जेएएमटीटीसी कार्यालय मोबाईल सं0 8299489438 / 9886251367 (केवल पूर्वाहन 10.30 बजे से संध्या 05.00 बजे तक) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशिक्षण हेतु इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपने जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी / भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी / जिला कृषि पदाधिकारी / जिला उद्यान पदाधिकारी से अनुशंसा कराते हुए सादे कागज पर अपने आवेदन में अपना नाम, पिता का नाम, ग्राम, पोस्ट, थाना, जिला, मोबाईल नम्बर, आधार संख्या, तकनीकी योग्यता के साक्ष्य प्रमाण पत्र, दो रंगीन फोटो के साथ आवेदन समर्पित करेंगे। आवेदन को संबंधित जिला के उक्त पदाधिकारी द्वारा अनुशंसा कराते हुए या कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जेएएमटीटीसी, राँची, कृषि भवन, कांके रोड, राँची–834008 को डाक से या सीधे email - edjamttc@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

ह0 / –
कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण)जेएएमटीटीसी, राँची

PR 343902 (Agriculture)24-25*D

# वायरस से दहशत

छोटे बच्चों में फैलने वाले इस वायरस को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एडवाइजरी बता रही है कि घबराने की जरूरत नहीं है। यह वायरस दुनिया के कई देशों में पहले से ही मौजूद रहा है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि चीन में फैल रहा वायरस कितना घातक है। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सलाह दी जा रही है कि सावधान रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं। लोग उसी गाइडलाइन का पालन करें जो कोविड के वक्त ह्यक्या करें और क्या न करेंह्न के रूप में जारी की गई थी। दरअसल, चीन में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी के मामलों में वृद्धि की खबरों ने पूरी दुनिया में चिंता बढ़ाई है। हालांकि, दुनिया के चिकित्सा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह सांसों से जुड़ा सामान्य वायरस है, जो सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां पैदा करता है। खासकर बच्चे व बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। लेकिन चिंता तब पैदा हो सकती है जब पता चले कि चीन के उत्तरी इलाकों में फैलने वाला वायरस म्यूटेशन से गंभीर बन गया है। हालांकि, चीनी नीति-नियंताओं की दलील रही है कि उत्तरी गोलार्ध में ठंड के मौसम में सांस की नली का संक्रमण आम बात है। चीन में इस वायरस को लेकर गंभीरता देखी जा रही है और उसके नियंत्रण के लिये चीन के नेशनल डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेन्शन संस्थान की देखरेख में विशेष निगरानी सिस्टम बनाया गया है। चीन सरकार ने दिसंबर के तीसरे सप्ताह में उत्तरी प्रांतों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों के इस वायरस से पीड़ितों की संख्या में वृद्धि के बाद यह कदम उठाया था। हालांकि, एचएमपीवी के स्रोत के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है।यदि हम सावधानी न बरतें तो वायरस हमें संक्रमित कर सकता है। लेकिन इसमें अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति कम ही आएगी।

## कार्टून वर्ल्ड






मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# अवैध निर्माण व कब्जा: भूमाफिया, भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल





- डॉ अनिल निगम

> सरकारी एवं अधिसूचित जमीनों का नियमित तौर पर सर्वे कराया जाए। इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा सकती है। हाल ही में दिल्ली में सरकारी जमीन पर कब्जे की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम और सर्वे ऑफ इंडिया ने एक अहम समझौता किया है। इसके तहत ड्रोन सर्वे की मदद से जमीन का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।

आज दिल्ली एनसीआर सहित देश के विभिन्न शहरों में अवैध निर्माण और कब्जा बहुत जटिल समस्?या बन गई है। विडंबना है कि देश के विभिन्न शहरों में भूमाफिया न केवल सक्रिय बल्कि वे जमीनों पर अवैध कब्जा कर अथवा अवैध तरीके से निर्माण कर जमीन और भवनों को भोलेभाले लोगों को बेच देते हैं। यह सारा काम प्रशासनिक अधिकारियों से साठगांठ से किया जाता है और बाद में इन अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए अदालतों में इस आधार पर अपील दायर की जाती है कि निर्माण अत्यधिक पुराना है लिहाजा उसे वैध कर दिया जाए। प्रश्न है कि भूमाफिया और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच इस षडयंत्र के कुचक्र को तोड़ने के लिए सरकारें क?या कर रही हैं प्रश्न यह भी है कि प्रदेश सरकारें इस कुचक्र पर प्रहार क्यों नहीं करती ऐसे मामलों पर अदालतों को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है कहीं ऐसा तो नहीं कि भूमाफिया के अवैध धंधों को संरक्षण मिला हुआ है

प्रशासनिक देरी, समय बीतने या निवेश के कारण कोई अवैध निर्माण वैध नहीं हो सकता। यह बात देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने गत माह 18 दिसंबर को एक फैसले के सिलसिले में यह टिप्पणी भी की। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज देश के विभिन्न नगरों एवं महानगरों में भूमाफिया सक्रिय हैं। वे न केवल अवैध कब्जा करते और निर्माण करते हैं बल्कि उन जमीनों पर कालोनी काटकर अथवा भवन बनाकर लोगों को बेच रहे हैं। इन भूमाफियाओं की स्थानीय अधिकारियों एवं नेताओं से इतनी गहरी साठगांठ होती है कि जब वे यह सब करते हैं तो प्रशासनिक अधिकारी और नेता इसकी न केवल अनदेखी करते हैं बल्कि समय बीतने के साथ ही वे अवैध निर्माण को वैध करने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं।

यूं तो संपूर्ण देश में अवैध निर्माण एक संगठित अपराध बनकर उभरा है पर देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में यह काम धड़ल्ले से चल रहा है। भूमाफिया काम के सिलसिले में देश के अनेक हिस्सों से आने वाले लोगों को मकान और दुकान बेचने के नाम पर ठग रहे हैं और वे भ्रष्ट अधिकारियों से साठगांठ कर सरकार को करोड़ों का चूना भी लगा रहे हैं। आज दिल्ली के अंदर आने वाले गांव, दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुड़गांव के गांवों के आसपास और शायद ही कोई ऐसा सेक्टर होगा, जहां पर भूमाफिया ने अवैध निर्माण कर लोगों को ठगा न हो।

मजे की बात यह है कि जब यह अवैध निर्माण चलता है प्राधिकरण अथवा प्रशासन के अधिकारी जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं करते क्योंकि माफिया इसके बदले अधिकारियों की जेबें जमकर गरम करते हैं। आपने सुना होगा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा अथवा गाजियाबाद प्राधिकरणों के अधिकारियों के घरों पर विजीलेंस, ईडी अथवा आयकर विभाग की टीमें प्रायः छापे मारती हैं और उनके घरों से अकूत संपत्ति भी पकड़ी गई है। नोएडा के कई ऐसे बहुचर्चित अधिकारी सरदार मोहिंद सिंह, रविंद्र यादव, यादव सिंह आदि हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं।

पहले निर्माण और बाद में बुल्डोजर चलाने के मामले में 18 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट को दिशा-निर्देश भी जारी करने पड़े। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि निर्माण के बाद होने वाले कानूनी उल्लंघनों के खिलाफ भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे निर्माण को गिराने के साथ दोषी अधिकारियों पर भी जुमार्ना लगाया जाना चाहिए। पीठ ने मेरठ में एक रिहायशी भूमि पर बने अवैध व्यावसायिक निर्माण के ध्वस्तीकरण को सही ठहराते हुए कहा, शहरी योजना से जुड़े कानूनों व अधिकारियों की जिम्मेदारियों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

अवैध निर्माण को नियमित करने वाली योजनाएं केवल असाधारण परिस्थितियों में और विस्तृत सर्वेक्षण के बाद आवासीय घरों के मामले में एक बार के उपाय के रूप में लाई जानी चाहिए। अनधिकृत निर्माण, उसमें रहने वालों और आस-पास रहने वाले नागरिकों के जीवन के लिए खतरा पैदा करने के अलावा, बिजली, भूजल और सड़कों तक पहुंच जैसे संसाधनों पर भी प्रभाव डालते हैं, जिन्हें मुख्य रूप से व्यवस्थित विकास और अधिकृत गतिविधियों के हिसाब से डिजाइन किया जाता है।

यहां अधिकारियों एवं सरकार के समक्ष अनेक सवाल रख रहा हूं। प्रश्न है कि अवैध कालोनी और फ्लैटों की रजिस्ट्री क्यों और कैसे होती है अगर जमीन और निर्माण अवैध है तो इन भवनों को कंपलीशन सर्टिफिकेट कैसे मिल जाता है बिजली विभाग यहां पर कनेकसन क्यों और कैसे दे दिया जाता है नगर निगम अथवा प्रशासन यहां पानी का कनेक्सन कैसे उपलब्ध करा देता है यह भी देखा गया है कि यह सब होने के बाद स्थानीय नेता यहां रहने वालों के राशनकार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनवा देते हैं, आखिर इस प्रक्रिया पर प्रतिबंध कौन लगाएगा

लोगों को अवैध निर्माण से मुक्त कराना है तो प्राधिकरणों और प्रशासन को अवैध निर्माण की निगरानी का सशक्त तंत्र बनाना चाहिए। अगर किसी भी इलाके में अवैध निर्माण हो रहा है तो अधिकारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही उसके ढहा देना चाहिए। बावजूद इसके यदि वहां अवैध निर्माण हो गया है तो उस क्षेत्र के अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा भूमाफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ संख्त कदम उठाए जाएं।

सरकारी एवं अधिसूचित जमीनों का नियमित तौर पर सर्वे कराया जाए।

इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा सकती है। हाल ही में दिल्ली में सरकारी जमीन पर कब्जे की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम और सर्वे ऑफ इंडिया ने एक अहम समझौता किया है।

इसके तहत ड्रोन सर्वे की मदद से जमीन का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। ड्रोन सर्वे से अतिक्रमण का आसानी से पता लगाया जा सकेगा और उस पर नजर रखी जा सकेगी।किसी भी शहर के सुनियोजित विकास और लोगों को समुचित सुरक्षित एवं गुणात्मक सुविधा प्रदान करना शासन और प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए भूमाफिया और भ्रष्ट अधिकारियों दोनों पर ही नकेल कसने की जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### लोकलुभावन वादे

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### गन कल्चर

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**सेवा** से अहमन्यता का नाश होता है और पवित्र अंतःकरण की निर्मिति होती है। अतः सेवा साधन नहीं अपितु समस्त आध्यात्मिक साधनों की फलश्रुति है। सेवा परमात्मा को रिझाने का अचूक साधन है, जो सेवा और पारमार्थिक कार्यों में संलग्न हैं, वही परमात्मा के प्रिय हैं। इस दृष्टि से देश के सुदूर और दुर्गमक्षेत्रों में कार्यरत सेवाव्रती परमात्मा के सच्चे प्रतिनिधि ही हैं ।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक अमर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह जी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन।

**- कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक**

# आपदाओं से निपटने में सरकारी तंत्र पहले से कितना बेहतर

## जयंती

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**प्राकृतिक** आपदा कब आ जाए, कुछ नहीं पता। देश में पूरे साल कहीं न कहीं कुदरत का रौद्र रूप कहर बरपाता रहता है। असम में तेज बारिश ने कमोबेश कुछ वैसी ही स्थिति उत्पन्न की हुई है। सवाल उठता है कि इस तरह की आपदा से निबटने के लिए हमारा सिस्टम पहले से कितना बेहतर हुआ या आत्मनिर्भरता के शोर में कुछ फीका पड़ गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सरकारी तंत्र के अलावा आमजन को भी आगे आने की जरूरत है। सिर्फ एनडीआरएफ और अन्य राहत-बचाव दलों के भरोसे नहीं रहना चाहिए।

पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में विभिन्न किस्म की प्राकृतिक घटनाओं में सरकारी तंत्र ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को बचाया और 8 लाख लोगों तक राहत एवं बचाव कर उन्हें आपदाग्रस्त क्षेत्रों से बाहर निकालने का काम किया। अचानक आई आपदा से निपटने के लिए हमारा तंत्र पूरी तरह एनडीआरएफ पर निर्भर है। क्योंकि ये विभाग भरोसे का प्रतीक बन गया है। एनडीआरएफ भारत ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी सेवाएं देने से पीछे नहीं हटता। फिर चाहे वह वर्ष-2015 में नेपाल में आया विनाशकारी भूकंप हो या साल 2023 में तुर्किये का भूकंप। हर जगह एनडीआरएफ दल के कर्मी वहां भगवान का दूत बनकर खड़े दिखाई दिए।

आपदाएं किसी को बताकर नहीं आती लेकिन अब ऐसे बहुत से साइंटिफिक संसाधन मौजूद हैं, जिससे हम प्राकृतिक आपदाओं का समय रहते आकलन और बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं। साल-2005 के बाद से सरकारी स्तर पर हालात बदले और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अथवा एनडीआरएफ का गठन किया गया। एनडीआरएफ के गठन के बाद से प्राकृतिक ही नहीं मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन की दशा भी बेहतर हुईं। अब संकट के समय अलग अतिरिक्त बल है जिसके पास अलग-अलग तरह के संकटों से निपटने की क्षमता और दक्षता दोनों है।

बहरहाल, एनडीआरएफ और इनके जैसी संस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक मदद और दीर्घकालिक सहायता दोनों चाहिए होती है। दीर्घकालिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार के पास समय होता है। पर, जो तात्कालिक मदद चाहिए, वह इतना त्वरित और प्रभावी होनी चाहिए कि आपदा का जनजीवन पर न्यूनतम असर हो। इसमें न केवल उनके जानमाल की रक्षा बल्कि कई बार उनके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था भी देनी होती है। इसीलिए एनडीआरएफ को त्वरित गति से सक्रिय करने के लिए केंद्र ने कई अहम निर्णय लिए हैं जो सराहनीय है। एनडीआरएफ को और सशक्तबनाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

आपदा प्रबंधन करने वाली कोई सरकारी संस्था ये मानकर नहीं चल सकती कि कुछ लोग तो मरेंगे ही। जब किसी संस्था के सामने ये लक्ष्य होता है कि हम आपदा में किसी एक की भी जान नहीं जाने देंगे, तो उनकी कार्यशैली अलग होगी। यह रक्षा दलों में जो आत्मविश्वास पैदा करता है उसके कारण उनकी सक्रियता ज्यादा तेज और जीवनोपयोगी हो जाती है।

केरल के वायनाड में बादल फटने से हुई भारी बारिश के बाद जो तबाही आई, उसमें एनडीआरएफ का राहत एवं बचाव कार्य सभी ने देखा। वहीं, केंद्र सरकार ने भी बिना राजनीतिक भेदभाव किए लोगों को बचाया और प्रत्येक परिस्थितियों पर नजर रखी और हरसंभव मदद पहुंचाई। होना भी यही चाहिए। आपदाओं के वक्त ये नहीं देखना चाहिए कि प्रदेश में किस दल की सरकार है। वहां तकाजा सिर्फ मानवता का होना चाहिए। गौरतलब है कि आपदाओं के वक्त कई बार ऐसा होता है कि घटना इतनी बड़ी हो जाती है कि अकेले एनडीआरएफ नहीं संभाल सकता। जैसे, गुजरात भूकंप, त्रिपुरा या केरल में आई बाढ़। उस समय पहले की तरह सैन्य बलों और स्थानीय राहत एवं बचाव कर्मियों के बीच समन्वय करते हुए एनडीआरएफ इस काम को अंजाम देता है।

यही कारण है कि गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि आपदाओं को लेकर अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जाए, ताकि ऐसी स्थितियों में आमजन भी एनडीआरएफ कर्मी का सहयोग करें। लोगों का अगर रक्षा एवं बचाव दलों के साथ समन्वय होगा, तो परिणाम और अच्छे निकलेंगे।केंद्र सरकार ने हाल ही में एनडीआरएफ की पोशाक में बदलाव किया है। इसके कर्मचारी अब भगवा रंग में दिखने लगे हैं।

# लोकतंत्र और इस्लामी मूल्यों के खिलाफ है वैश्विक खिलाफत की अवधारणा

## समाज

**गौतम चौधरी**

**वैश्विक** खिलाफत की काल्पनिक अवधारणा उसी प्रकार गैर वाजिब है, जैसे पुरातनपंथी हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा। यह दोनों अवधारणा काल्पनिक है और आधुनिक लोकतांत्रिक विश्व में इसका कोई स्थान नहीं है। दरअसल, आज इस बात की चर्चा इसलिए जरूरी है कि दुनिया के कुछ इस्लामिक चरमपंथियों ने एक बार फिर वैश्विक खिलाफत की बात प्रारंभ की है। विगत कुछ वर्षों में भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में इस विचार से प्रेरित युवकों को असामाजिक व गैर राष्ट्रवादी गतिविधियों में संलिप्त देखा गया। हाल के वर्षों में हिज्ब उत-तहरीर की गतिविधियों को लेकर भारत में चिंता बढ़ी है।

पहले तो हमें हिज्ब उत-तहरीर को समझना होगा। यह एक अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक संगठन है, जिसका उद्देश्य इस्लामी खिलाफत को पुनर्स्थापित करना है। इसका नाम अरबी में ह्यह्यहिज्ब-उत-तहरीरह्नह्न है, जिसका अर्थ है- ह्यह्यमुक्ति की पार्टीह्नह्न वर्ष 1953 में एक फिलिस्तीनी इस्लामिक चरमपंथी उकीउद्दीन नबहानी ने जेरूसलम में इसकी स्थापना की थी। हिज्ब-उत-तहरीर का दावा है कि वह राजनीतिक, बौद्धिक और वैचारिक तरीकों से काम करता है और हिंसा में कोई विश्वास नहीं करता लेकिन इसके कार्यकर्ता दुनिया के लगभग 50 देशों में हिंसक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। यहां तक कि कई इस्लामिक देशों में भी यह संगठन वहां की सत्ता के लिए चुनौती बना हुआ है। संगठन का मानना है कि मुसलमानों को एक खलीफा के नेतृत्व में एकजुट होना चाहिए, जो शरियत कानून के अनुसार शासन करे। इसका मुख्य उद्देश्य एक वैश्विक इस्लामी खिलाफत की स्थापना है, जो मुसलमानों की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन को इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार नियंत्रित करे।

वस्तुतः इस संगठन का दावा और हकीकत दोनों एक-दूसरे के विपरीत हैं। यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के मुताबिक, ये संगठन गैर-सैन्य तरीकों से खिलाफत की पुनर्स्थापना पर काम करता है। इसलिए कई देश, इस संगठन पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। हिज्ब-उत-तहरीर पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों में बांग्लादेश और चीन के अलावा जर्मनी, रूस, इंडोनेशिया, लेबनान, यमन, तुर्की और संयुक?त अरब अमीरात शामिल हैं। दुनिया के अन्य कई देश इस संगठन की निगरानी कर रहे हैं क्योंकि वहां की राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी यह चुनौती पैदा करने लगा है। इसके बावजूद, यह संगठन दुनिया के 50 से अधिक देशों में सक्रिय है। 10 लाख से अधिक इसके सक्रिय सदस्यों की संख्या बतायी जाती है। हिज्ब-उत-तहरीर का भारत में बहुत व्यापक आधार नहीं है लेकिन हाल के वर्षों में इसके प्रभाव और गतिविधियों पर ध्यान दिया गया है।


हिज्ब-उत-तहरीर का मुख्य उद्देश्य इस्लामिक खिलाफत स्थापित करना है, जो भारत के संविधान और धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। हिज्ब-उत-तहरीर ने भारत में बहुत अधिक खुले तौर पर गतिविधियां नहीं की हैं, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट और सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, यह गुप्त रूप से भारत में सक्रिय है। संगठन के सदस्यों पर भारत के विभिन्न हिस्सों में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और खिलाफत की विचारधारा का आरोप लगा है। भारत में सुरक्षा एजेंसियां इस संगठन पर नजर रखी है और इसके संभावित नेटवर्क को रोकने के प्रयास करती है। इस क्रम में भारत सरकार ने हाल ही में इस कट्टरपंथी समूह को प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है। इसपर प्रतिबंध के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि हिज्ब-उत-तहरीर का लक्ष्य लोकतांत्रिक सरकार को जिहाद के माध्यम से हटाकर भारत सहित विश्व स्तर पर इस्लामिक देश और खिलाफत स्थापित करना है। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा है कि हिज्ब-उत-तहरीर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर हिज्ब-उत-तहरीर को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के साथ, यह समझना महत्वपूर्ण है कि न केवल इसकी गतिविधियां भारतीय कानून के तहत अवैध हैं, बल्कि यह मूल इस्लामिक सिद्धांतों के खिलाफ भी है। इससे भारतीय मुस्लिम समुदाय के लिए दोहरी दुविधा पैदा होती है। भारत का संविधान धर्म और राज्य के मामलों के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखते हुए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करता है। यह अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतंत्र, मतदान और मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करता है। हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्यों की हरकतें, जिनमें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भागीदारी के खिलाफ प्रचार करना, संविधान को चुनौती देना और शरिया कानून द्वारा शासित वैकल्पिक राज्यों को बढ़ावा देना शामिल है, जो अंततोगत्वा देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरे में डालेगा। लोकतंत्र के प्रति हिज्ब-उत-तहरीर का वैचारिक विरोध खुद को उन मूल सिद्धांतों के खिलाफ खड़ा करता है, जिन्होंने मुसलमानों सहित विभिन्न समुदायों को भारत में शांतिपूर्वक सहअस्तित्व की अनुमति दी है। संविधान विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देकर संगठन न केवल मुसलमानों और बहुसंख्यक समाज के बीच दरार पैदा करता है, बल्कि अलगाववादी रवैये को भी बढ़ावा देता है, जो इस्लाम के सामाजिक सामंजस्य सिद्धांत के खिलाफ है।

हिज्ब-उत-तहरीर की गतिविधियां इस्लामिक शिक्षाओं का भी खंडन करती है। इस्लामिक चिंतकों के अनुसार, इस्लाम एक आस्था के तौर पर अराजकता से बचने को महत्व देता है। इस्लामिक राजनीतिक विचार में एक प्रमुख सिद्धांत यह है कि किसी भी वैध इस्लामिक शासन को एक वैध प्रक्रिया के माध्यम से बदला जा सकता है, विशेष रूप से व्यापक सामुदायिक समर्थन वाले मुस्लिम शासक के नेतृत्व में ही यह संभव है।

## स्पीड न्यूज

### पशुपालन मंत्री से मिले गिरधारी गोप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राजद का प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से सचिवालय में मुलाकात की। मुलाकत के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने पशुपालकों से संबंधित समस्याओं से मंत्री को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान प्रभारी गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, मुखिया सत्येंद्र यादव ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से कहा कि झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत चौपारण जहां बिहार-झारखंड का बॉर्डर पर पशुपालकों को पशुधन, पशुओं को लाने- ले जाने पर रोक लगा दी गई है। अन्य रास्तों से लाने पर पशुपालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और लागत भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि पशुपालक सरकार द्वारा निर्धारित सभी कायदे-कानून का पालन करते हैं। इसके बाद भी परेशानी हो रही। जिसके चलते दुधारू पशु झारखंड के कई क्षेत्रों में नहीं पहुंच पा रहे हैं। मंत्री ने सभी बातों को गौर करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कराएंगें। और पशुपालकों को कोई दिक्कत न हो ऐसा रास्ता निकाला जाएगा।

### कुजू में भाजपा का सदस्यता अभियान



**कुजू।** भारतीय जनता पार्टी मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को कुजू चौक में संगठन महापर्व संस्था अभियान 2024-30 के निमित्त सदस्यता शिविर लगाकर सैकड़ो जनमानस को भाजपा के सदस्यता से जोड़ा गया। मौके पर नेताओ ने कहा कि लोगों को पार्टी से जोड़ना के उद्देश्य आने वाले समय भाजपा के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का। भाजपा का सदस्यता लेकर क्षेत्र के विकास में सहभागिता निभाने को बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप मांडू मंडल प्रवासी डॉक्टर संजय सिंह ,भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष शप्रवीण मेहता,वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा,मांडू मंडल महामंत्री अशोक कुमार ,उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू ,मांडू मंडल मंत्री अखिलेशवर प्रसाद ,राजेश प्रसाद, आशीष कुमार ,भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, मुकेश साहू, पंचित महतो ,नकुल कुमार, सूरज शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा ने मतकमा चौक पर लगाया शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल के तत्वावधान में मंडल अध्यक्ष सागर दांगी की अध्यक्षता में मतकमा चौक के समीप गुरूवार को सदस्यता अभियान को ले शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला सह संयोजक संजीव कुमार बावला उपस्थित थें। शिविर में दर्जनों लोग ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि पार्टी के नीति-सिद्धांतों और क्रिया-कलापो से प्रेरित होकर हम लोग भाजपा में शामिल हुए हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाया जा रहा है। साथ ही लोगों को राष्ट्रहित के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। जिला सह संयोजक संजीव कुमार बावला ने कहा कि पीएम मोदी के विकास योजनाओं और उनके कार्यों से प्रेरित होकर ही दिन-प्रतिदिन लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने भाजपाईयों से पीएम मोदी के हाथों को और मजबुत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा में जोड़ने का आह्वान किया। सदस्यता अभियान शिविर में राजेंद्र मुंडा, बालेश्वर राम, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, आनंद कुमार, सिद्धार्थ कुमार, देवानंद कुमार, दीपक देव, लालू बेदिया आदि मौजूद थे।

### अग्रसेन स्कूल में शिक्षकों को दी गयी ट्रेनिंग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित कैसे करें विषय पर शिक्षकों के लिए विशेष ट्रेनिंग सेशन का आयोजन हुआ। ट्रेनिंग सेशन का उद्घाटन प्राचार्य विवेक प्रधान व रिसोर्स पर्सन एचके सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। रिसोर्स पर्सन एचके सिंह ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए कई बातों पर शिक्षकों और अभिभावकों का ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए पढ़ाई में उनकी रुचि जरूरी है। अगर बच्चे पढ़ाई में अच्छे होंगे तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। वे नई चीजें को सीखने में रूचि दिखाएंगे। स्कूल के दौरान बच्चों पर पढ़ाई से संबंधित जिम्मेदारियां ज्यादा होती हैं। कुछ बच्चे सभी कामों को समय पर पूरा कर लेते हैं, तो कुछ बच्चे ऐसा नहीं कर पाते हैं। स्कूल में शिक्षक व घर पर अभिभावक उन कारणों का पता लगाएं कि आखिर किन वजहों से बच्चा पढ़ाई से दूर हो रहा है। इन कारणों में आत्मविश्वास की कमी, पढ़ाई में बोरियत, टीवी और मोबाइल का ज्यादा उपयोग या अन्य कोई बात सामने आ सकती है। उनकी समस्याओं को समझें। उसे धीरे-धीरे दूर करने और उसे पढ़ाई से जोड़ने का प्रयास करें। घर पर बच्चे को शांत एवं ध्यान न भटकाने वाला वातावरण तैयार करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने सत्र में कहा कि बच्चे को पढ़ाई के प्रति प्रेरित रखने के लिए पुरस्कार प्रणाली का तरीका अपनाएं।

### रामगढ़ गुरूद्वारा के प्रधान बने कालरा



**रामगढ़।** रामगढ़ गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के लिए गुरूवार को चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें 352 लोगों ने मतदान किया। मतदन के बाद हुई मतगणना में परमदीप सिंह कालरा को 235 मत और परमिंदर सिंह जस्सल को 114 मत मिले। जबकि 3 मत रद्द घोषित किया गया। इस तरह चुनाव में परमदीप सिंह कालरा विजय घोषित किये गये। चुनाव समिति के कवलजीत सिंह लांबा, हारमिंदर सिंह जौली, गुरप्रीत सिंह चाना, ने बताया कि चुनाव में 352 लोगों ने मतदान किया। जिसमें से 235 मत परमदीप सिंह कालरा को मिले। 114 मत परमिंदर सिंह जस्सल को मिले। 3 मत रद्द हुए। चुनाव में परमदीप सिंह कालरा की जीत हुई।

# रामगढ़ जिले में 115 मॉडल गांवों का 13 जनवरी से शुरू होगा सत्यापन

## जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में डीसी ने दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के 326 गांव में से 115 गांव मॉडल के रूप में घोषित हो चुके हैं इन सभी गांव का सत्यापन 13 जनवरी से शुरू होगा। यह निर्देश गुरुवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने दिया है। कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के जरिये स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन के वर्तमान स्थिति के बारे में बताया गया। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के जरिये बताया गया कि वर्तमान में 326 गांव के विरुद्ध 115 गांव मॉडल के रूप में घोषित हो चुके हैं। इसके सत्यापन के लिए टीम का गठन किया गया है। डीसी ने कहा कि कि 13 जनवरी को सभी प्रखंडों में टीम का प्रशिक्षण करते हुए सत्यापन प्रक्रिया को प्रारंभ किया जाए। साथ ही 20 जनवरी से पूर्व सभी गांव का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। बैठक में यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार के जरिये बताया गया कि वर्तमान में कुल 244 गांव में तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित व्यवस्था है। इस संबंध में उपायुक्त के जरिये निर्देशित किया गया कि शेष 74 गांव का सर्वे करते हुए प्रतिवेदन 11 जनवरी के शाम तक उपलब्ध कराएं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण से संबंधित प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया की 18 जनवरी से पूर्व सभी गांव का सर्वे पूरा करें। कचरा वाहन के नियमित संचालन के लिए उपायुक्त के जरिये निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर वाहन का संचालन करें। गोवर्धन योजना से संबंधित समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के जरिये बताया गया कि चितरपुर प्रखंड के सेवई उत्तरी पंचायत में गोबर गैस प्लांट निर्माणाधीन है। जिस पर यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त के जरिये दिया गया। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण तथा संचालन के क्रम में कार्यपालक अभियंता के जरिये बताया गया कि रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड के मांडू चट्टी पंचायत में इकाई का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त के जरिये निर्देशित किया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता अपने-अपने क्षेत्र के अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र भूमि प्रतिवेदन प्राप्त करें,

# हजारीबाग के दो क्रिकेट स्टेट खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**शिवांश और जीवन पटेल को सांसद मनीष जायसवाल ने बढ़ाया हौसला**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** खेल के क्षेत्र में संपूर्ण झारखंड के साथ उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल मुख्यालय जिला हजारीबाग की रत्नगर्भा धरती ने एक से बढ़कर एक खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फलक पर हजारीबाग का नाम रोशन किया है। ऐसे तो हजारीबाग के खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में सीमित संसाधन के बावजूद अपनी प्रतिभा का जौहर का लोहा मनवाया है। लेकिन क्रिकेट के क्षेत्र में हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के प्रयास से हजारीबाग की गलियों में क्रिकेट खेलने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों को अब उन्नत साधन- संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका सुखद प्रतिफल है कि लगातार हजारीबाग जिले के खिलाड़ी अपना उम्दा प्रदर्शन कर हजारीबाग का मान बढ़ा रहें हैं ।हाल के दिनों में जिले से जुड़े दो युवा क्रिकेट खिलाड़ियों ने स्टेट टीम में शानदार परफॉर्मेंस कर हजारीबाग का नाम रोशन किया। इन दोनों खिलाड़ियों का गुरुवार को सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद सेवा कार्यालय में सम्मान कर हौसला बढ़ाया और उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जायसवाल हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं और उनके कार्यकाल में क्रिकेट के क्षेत्र में हजारीबाग में अभूतपूर्व बदलाव आया है। हजारीबाग में स्व.संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम का कायाकल्प हुआ

बीते दिनों हजारीबाग जिले के एक क्रिकेट खिलाड़ी शिवांश (उम्र 18 साल) ने अंडर 19 स्टेट टीम में बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-19 कुच बिहार ट्रॉफी-2024-25 में झारखंड, असम, बिहार और केरल में मैच खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। शिवांश विकेट कीपर सह बैट्समैन है और केरल के खिलाफ खेलते हुए 32 रन बनाए । शिवांश हजारीबाग के कार्मेल चौक के निवासी हैं और उनके पिता का नाम सत्येंद्र उपाध्याय ( शिक्षा विभाग में क्लर्क ) हैं। 4 साल से क्रिकेट खेल रहे हैं और इसी सीजन में उनका चयन अंदर-19 स्टेट प्लेयर के रूप में हुआ है। इससे पहले इन्होंने जिला और कैंप टीम में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरे खिलाड़ी के रूप में जीवन कुमार पटेल (उम्र 14 साल) हैं जो अंडर 16 स्टेट प्लेयर हैं। ये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं और हाल ही में विजय मर्चेंट ट्रॉफी-2024 में अनाधप्रदेश में पांच मैच में तीन मैच खेलते हुए 3 विकेट झटकाए थे। अंडर 16 स्टेट प्लेयर जीवन कुमार पटेल विष्णुगढ़ के रहने वाले हैं। उनके पिता जीभादन महतो ( मुंबई में चालक हैं) ।शिवांश और जीवन पटेल ने उपलब्धि का पूरा श्रेय हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सांसद मनीष जायसवाल और सचिव बंटी तिवारी को दिया

### शांति निकेतन विद्यालय में बच्चों को दी गयी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शांति निकेतन विद्यालय बगरैया उरीमारी में विद्यालय प्रबंधन ने किया शोकसभा। गुडविल मिशन स्कूल तिरला रामगढ़ में बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में मृतक छात्र-छात्राओं के प्रति दुःख प्रकट करते हुए कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राए और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में विद्यालय के निदेशक नरेश करमाली, प्रधानाध्यापक दिनेश करमाली, राजेन्द्र राम, पिंटू कुमार, रंजीत करमाली, राजू बेसरा, पूनम, सरोज किंडों, अर्चना कुमारी, सूरज कुमार, सुशील कुमार, संगीता कुमारी, सेवामुनी टुडू, बिनोद हांसदा, पूनम भारती, सुमन हांसदा, बबीता सोरेन, विकाश करमाली, सबिता देवी, प्रीति देवी, सिकेन्द्र अंसारी सहित शामिल थे।

# सदर विधायक के हस्तक्षेप से अस्पताल में ऑफलाइन पर्ची फिर से शुरू हुयी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद गुरुवार सुबह करीब 8:00 बजे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। आम जनता की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वहां की स्थिति को देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की। अस्पताल में पिछले दो-तीन दिनों से केवल ऑनलाइन पर्ची काटने की प्रक्रिया चल रही थी, जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। खासतौर पर वे लोग, जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है या जो ऑनलाइन प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं, वे इस नई व्यवस्था के कारण अस्पताल में इलाज कराने में असमर्थ हो रहे थे। विधायक ने इसे गहरी चिंता का विषय बताते हुए डीसी, डीडीसी से वार्ता किया वही अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि तुरंत ऑफलाइन पर्ची काटने की सुविधा बहाल की जाए।

**एम्बुलेंस की बदहाली पर जताई नाराजगी :** निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस की खराब स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कई एम्बुलेंस लंबे समय से मरम्मत के अभाव में अनुपयोगी पड़ी हुई हैं। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिया कि सभी एम्बुलेंस को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए, ताकि मरीजों को समय पर सुविधा मिल सके।

### बुध बजार चीफ हाउस पंचायत में 150 ग्रामीणों को मिला कंबल



भुरकुंडा (रामगढ़)। बढ़ती ठंड को देखते रिवर साइड बुध बजार चीफ हाउस पंचायत में गुरुवार को मुखिया विकाश पांडेय और पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार उर्फ पिंटू ने पंचायत के 150 वृद्ध, विधवा, गरीब असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। मौके मुखिया विकाश पांडेय ने कहा कि जब तक मैं हूं किसी को ठंड से जूझने नही दुगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाई जाएगी। मुखिया श्री पांडेय ने कहा कि पंचायत का चहुंमुखी विकास और पंचायत के जरूरतमंदों के सुविधाओं का ख्याल रखना ही मेरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप मुखिया विंदा देवी, वार्ड सदस्य मालती देवी, जया देवी, राजू गुप्ता, रेखा देवी, अंजनी देवी, रीता देवी, प्रदीप श्रीवास्तव, समाजसेवी रामवृक्ष राम, दिगम्बर साव आदि का विशेष योगदान रहा।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा को लेकर उपायुक्त ने जागरूकता रथ किया रवाना

▸▸ **बाइक सवार हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगायें**




**रामगढ़।** 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु लोगों में जागरूकता लाने हेतु चलाए जा रहे अभियान का गुरुवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ एवं मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले के सभी क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। ज़िले के सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें। उन्होंने ऑटो डीलर्स से कहा कि वाहन विक्रेता के रूप में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है, वाहन देते समय जरूर आश्वस्त हो लें कि सभी कागजात पूर्ण हो, ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से हो। किशोर वर्ग के युवाओं के द्वारा फर्राटे से दोपहिया वाहन चलाए जाते हैं जो नियम के विरुद्ध है एवं काफी खतरनाक है। वाहन एजेंसी वाले वाहन के साथ या तो बिल में या फिर अलग से एक पंपलेट दें जिसमें जागरूकता संदेश हो। इसके अलावा उन्होंने अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट प्रयोग करने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर सामूहिक सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में सबों की भूमिका है। घर से अगर कोई भी वाहन लेकर निकल रहे हैं तो परिवार की सदस्यों की जिम्मेवारी होगी कि बाइक है तो बिना हेलमेट वाहन चलाने ना दे अगर कार है तो सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करने बोले। साथ ही उन्होंने सभी जिले वासियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें, लोगों को जागरूक करें। जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने कहा कि जागरूकता रथ पूरे माह जिले के सभी शहरी व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में घूम-घूम कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी पहुंचाने का काम करेगी साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दे। वहीं, सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील भी की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, एसडीपीओ ( हेड क्वार्टर) चंदन वत्स, परिवहन कार्यालय के सभी कर्मी, सड़क सुरक्षा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### गैस सिलेंडरों में रिफलिंग, वीडियो वायरल



**हजारीबाग।** जिले में एक जानी-मानी गैस एजेंसी पर सिलेंडरों की रिफिलिंग में धांधली के आरोप लग रहे हैं। एक वायरल वीडियो ने इस मसले को हवा दी है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि सिलेंडर से 2 से 4 किलो तक गैस निकालकर ब्रांडेड सील के साथ ग्राहकों को सप्लाई किया जा रहा है। हालाँकि, खबरमंत्र इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है, लेकिन उपभोक्ताओं के अनुभव और वायरल वीडियो की गूंज ने इस मुद्दे को गंभीर बना दिया है। कुछ स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि बीते कुछ महीनों से उन्हें सिलेंडरों में कम गैस दी जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद उनकी शंकाओं को बल मिला है। एक ग्राहक ने कहा, ₹गैस बुक करने से लेकर डिलीवरी तक हर कदम पर हमसे पैसे लिए जाते हैं। फिर सिलेंडर में गैस कम क्यों दी जा रही है? इधर इस मामले पर एक गैस एजेंसी के संचालक से जानकारी हासिल करने की कोशिश की गयी तो उन्होंने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे गैस एजेंसियो को बदनाम करने की साजिश करार दिया। उनका कहना है कि वीडियो फर्जी है और किसी ने एजेंसी की छवि खराब करने के लिए इसे बनाया है। वहीं, एजेंसी के कुछ कर्मचारियों ने नाम न बताने की शर्त पर यह स्वीकार किया कि कुछ एजेंट पैसे कमाने के लिए ऐसी हरकतें करते हैं। ₹यह कोई नई बात नहीं है। कई एजेंट इस खेल में शामिल हैं,₹ उन्होंने कहा।

### विधायक ने की अधिकारियों के साथ की बैठक

**बरही।** विधायक मनोज कुमार यादव ने गुरुवार को बरही प्रखंड कार्यालय सभागार में पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बीडीओ जयपाल महतो व सीओ अमित किस्कू ने विधायक का स्वागत किया। विधायक यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो और अंचल अधिकारी अमित किस्कू को अपने कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि जनहित कार्य के लिए आम जनता को परेशान नहीं किया जाए। विशेष रूप से पेयजल एवं स्वस्छ्ता विभाग के जेई, बिजली विभाग के जेई एवं सप्ताह में एक दिन प्रखंड कार्यालय में बैठने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि राशन कार्डधारियों को समय पर राशन दें। मनरेगा बीपीओ को योजनाओं का स्थल निरीक्षण व वेंडर से अवैध वसूली पर फटकार लगाई। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी, जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीती गुप्ता व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

हजारीबाग। सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है ।युवक हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड के मसरातु पंचायत के मोहुड़र गांव का रहने वाला अनिल रजक उम्र लगभग 35 वर्ष पिता अशोक राम रजक है जो हजारीबाग जिले के सुरेश कॉलोनी से रात लगभग 10 बजे काम कर के वापस अपने घर मोहुडर लौट रहा था तभी खीरगांव में मुक्तिधाम के निकट यूनियन बैंक के समीप अनियंत्रित सब्जी के पिकअप वाहन चपेट में आ गया जहां से स्थानीय लोगों की सहायता से उसे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए आरोग्यम लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई ।

### बरकट्ठा : बंडासिंघा में जल्द बनेगा अंडरपास

बरकट्ठा ।प्रखंड के महत्वपूर्ण बंडासिंघा मोड़ स्थित जीटी रोड और इचाक पीडब्लूडी चौक के पास महत्वपूर्ण पब्लिक अंडरपास का शीघ्र निर्माण होगा। इस बाबत केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव ने एनएचएआइ के आरएम वाय अवतकर के साथ हुई बैठक में निर्णय हुआ। विधायक अमित कुमार यादव ने बताया कि बरकट्ठा में केसर ए हिन्द भूमि पर बने स्ट्रक्चर का पुनर्मूल्यांकन समेत बंडासिंघा चौक पर अंडरपास व चोरदाहा से लेकर गोरहर तक सिक्सलेन चौड़ीकरण में संवेदक द्वारा बरती जा रही कोताही को लेकर चर्चा की गई। एनएचएआइ के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तीन माह में संवेदक अपनी निर्माण गति को तेज करेगा। वही टीम बनाकर बरकट्ठा में केसर ए हिन्द भूमि पर बने संरचना व हनुमान मंदिर का पुनर्मूल्यांकन करेगा। उन्होंने कहा बरकट्ठा में किसी के साथ अन्याय नही होने दिया जाएगा।

### विधायक ने चौराहों पर करायी अलाव की व्यवस्था

बरही। विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने निजी खर्चे से कड़ाके की ठंड से परेशान आम जनता को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करवाई है। विधायक ने कहा कि मानव जीवन सर्वोपरि है और इसकी सेवा करना कई तीर्थयात्राओं के समान है। उन्होंने इसे अपना नैतिक कर्तव्य बताते हुए कहा कि मानव जीवन को संरक्षित करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा, हमारा जीवन जनता की सेवा के लिए है। मैं बरही विधानसभा का नेता नहीं, बल्कि जनता का चहेता बनकर अपनी भूमिका निभाना चाहता हूं। चुनाव में जीत या हार से मेरा कोई विशेष उद्देश्य नहीं रहा है। मैंने हमेशा आम जनता के बीच भाई और बेटे की तरह काम किया है और आगे भी नि:स्वार्थ भाव से सेवा करता रहूंगा। विधायक ने यह भी कहा कि जब तक ईश्वर ने उन्हें सामर्थ्य दिया है, वे जनता की सेवा में लगे रहेंगे। ठंड के इस मौसम में अलाव की व्यवस्था करवाकर उन्होंने गरीब और असहाय लोगों को बड़ी राहत दी है। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, गुरुदेव गुप्ता, राज सिंह चौहान, नंदकिशोर कुमार,और सोनू चंद्रवंशी प्रमुख थे।

### बरही में केसरवानी समाज का सम्मेलन 23 फरवरी को

**बरही।** केसरवानी समाज के सम्मेलन की तैयारियों के लिए बैठक केसरवानी आश्रम, पटना रोड में हुई। बैठक की अध्यक्षता बलराम केसरी ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि 23 फरवरी को आयोजित होने वाला केसरवानी सम्मेलन पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसके अलावा, सम्मेलन से पूर्व समाज के पदाधिकारियों के चुनाव 18 जनवरी 2025 को कराने का भी निर्णय लिया गया। बलराम केसरी (नगर अध्यक्ष), महेंद्र केसरी (महामंत्री), और काशी केसरी (कोषाध्यक्ष) ने आयोजन की योजना पर विस्तार से चर्चा की। राजेश केसरी उर्फ मेवालाल को मीडिया प्रभारी एवं प्रशासनिक सहयोगी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें भगवान केसरी, डॉ. कृष्ण केसरी, परमेश्वर केसरी, जगदीश साहू, रत्नेश्वर मास्टर, राजेश केसरी (पंचायत अध्यक्ष गया रोड), उमेश केसरी (पंचायत अध्यक्ष बरहीडीह), संतोष केसरी (पंचायत अध्यक्ष कोनरा), लखन केसरी (हजारीबाग रोड पंचायत अध्यक्ष), और अन्य गणमान्य शामिल थे।

### एनएच पर पशुओं की तस्करी जारीः मनोहर यादव

**बरही।** कांग्रेस बरही विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि गोवंशीय पशुओं को एनएच मार्गों से क्रूरता पूर्वक ले जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इस विषय पर बोलते हुए समाजसेवी मनोहर यादव ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन जानबूझकर इस समस्या की अनदेखी कर रही है और संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मनोहर यादव ने बताया कि गोवंशीय पशुओं को बिना उचित देखरेख के लाया जाता है, जिससे उनका शारीरिक शोषण हो रहा है। उनके अनुसार, यह स्थिति केवल उन पशुओं के लिए ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा बन चुकी है। इस मामले में प्रशासन की चुप्पी और कार्रवाई की कमी पर सवाल उठाते हुए श्री यादव ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि इस क्रूरता को रोका जा सके और प्रभावित पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके।

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिए निर्देश

# बागीटांड़ स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

- विभिन्न विभागों की ओर से निकाली जाएंगी आकर्षक झांकियां

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्य समारोह स्थानीय बागीटांड़ स्टेडियम में होगा, इसके लिए समारोह स्थल की साफ-सफाई समेत, साज, सज्जा, परेड का रिहर्सल, समारोह स्थल जाने वाले सभी मुख्य मार्गों की साफ-सफाई आदि करवाने का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय समारोह के दिन यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद रखें, साथ ही विभिन्न विभागों को गणतंत्र दिवस समारोह में कल्याणकारी योजनाओं से सम्बंधित आकर्षक झांकियां निकालने आदि का निर्देश दिया। वहीं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाने, विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को राष्ट्रीय त्यौहार के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने आदि का निर्णय लिया गया।

मौके पर डीएफओ सौमित्र शुक्ल, डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीएसओ अविनाश पूर्णेन्दु, डीएसडब्ल्यूओ कनक कुमारी तिर्की, डीटीओ विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, डीईओ अविनाश राम, सीएस डॉ. अनिल कुमार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## शहरी क्षेत्रों के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण का करें कार्य

- उपायुक्त ने नगर प्रशासकों के साथ बैठक कर दिए कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर प्रशासकों की बैठक हुई। बैठक के दौरान झुमरीतिलैया नगर पर्षद, डोमचांच और कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीसी ने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में डीसी ने नगर प्रशासकों को निर्देशित करते हुए कहा कि तीनों शहरी क्षेत्रों के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण करना सुनिश्चित करें, शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सार्वजनिक शौचालय के लिए स्थल चिन्हित करने, फुटपाथ में दुकान लगाने वालों को वेंडिंग जोन में व्यवस्थित करने आदि का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने नगर प्रशासकों को अपने-अपने क्षेत्र के पार्कों व तालाबों की नियमित साफ-सफाई व जीर्णोद्वार करने, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने, शहरी क्षेत्रों के शहीद स्मारकों का सौंदर्यीकरण करने, सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए स्थल चिन्हित करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे नगर प्रशासक अंकित गुप्ता, शंभु प्रसाद कुशवाहा, नगर प्रबन्धक आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### चतरा में पांच दिवसीय गौ कथा का शुभारंभ



**चतरा।** शहर के हरलाल तालाब स्थित गौशाला परिसर में पांच दिवसीय गौ महिमा कथा का शुभारंभ हो गया है। यह आयोजन 9 जनवरी से 13 जनवरी तक चलेगा, जिसमें प्रसिद्ध गौ कथा वाचक गोपाल मणि महाराज गौ माता के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम का आरंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि पूरे देश में एक समान गौ संरक्षण कानून लागू होना चाहिए। धर्मगुरुओं ने गौ माता के धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि गौ माता केवल सनातन धर्म का आधार नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य गौ माता के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना है।

### फसल सुरक्षा पर किसान गोष्ठी का आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर स्थित सिंगल विंडो सेंटर में गुरुवार को फसल सुरक्षा योजना के तहत एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता साइंटिस्ट धर्मा उरांव ने की। गोष्ठी में किसानों को फसलों में लगने वाले कीटों, उनकी पहचान और रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, जीवामृत और बिजामृत बनाने की विधि, नैनो यूरिया, नीम आधारित कीटनाशक के बारे में बताया गया। मिट्टी नमूना संग्रह के तरीके और उसके लाभ पर भी चर्चा की गई। इस आयोजन में बीटीएम प्रभात कुमार, एटीएम सोनम कुमारी और स्थानीय किसान उपस्थित थे।

### भाजपा का सदस्यता अभियान के तहत डोर टू डोर कैंपेनिंग



**इटखोरी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान के तहत डोर टू डोर कैंपेनिंग शक्ति केंद्र टोनाटांड़ के बूथ संख्या 202 में आयोजित की गई। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं को प्राथमिक सदस्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह, भाजपा नेता श्यामदेव सिंह, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा आशीष मिश्रा, छोटन सिंह तथा कई महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा की नीतियों और योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुँचाया और उन्हें पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### एसडीओ ने छापेमारी कर अवैध भंडारित बालू किया जब्त



**सिमरिया।** अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के नेतृत्व में गुरुवार को सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी अंतर्गत तपसा और हुड़मुड जंगल में अवैध रूप से भंडारण किए गए बालू के खिलाफ कार्रवाई की गई। छापेमारी टीम में अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय, माइनिंग इंस्पेक्टर चतरा और शिला ओपी प्रभारी राहुल दुबे शामिल थे। एसडीओ ने बताया कि बालू माफियाओं ने हुड़मुड जंगल में अवैध रूप से आठ हाइवा ट्रकों में लगभग 6400 सीएफटी बालू जमा किया था, जिसे जब्त कर लिया गया।यह कार्रवाई प्रशासन द्वारा अवैध बालू उत्खनन और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है, जिससे बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि आगे भी ऐसे अभियानों को जारी रखा जाएगा।

### पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न विभागों की हुई समीक्षा



**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रोहन साहू ने की। जबकि संचालन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया। बैठक में सिमरिया पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिसद् सदस्य देवनंदन साहू और उपप्रमुख दामोदर गोप मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में बारी- बारी से बिंदुवार योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई और संचालित योजनाओं की अद्यतन रिपोर्ट का जानकारी ली गई। बैठक में जेई नीतीश कुमार पसंस परमेश्वर यादव, प्रभारी बीपीओ मुकेश कुमार, मिथलेश सिंह, मुखिया पूरण राम, एजीएम कुंवरजीत सिंह, रोहित कुमार, प्रधान सहायक चंदों राम, जितेंद्र कुमार नायक प्रभारी चिकित्सक डॉ अशोक करमाली सहित अन्य कई विभाग के लोग उपस्थित थे।

### पहरा पंचायत में वार्ड नंबर 12 में कंबल का वितरण



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के पहरा पंचायत के वार्ड नंबर 12 में गुरुवार को कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण का आयोजन मुखिया बेबी देवी, पंचायत समिति सदस्य लालों साव, वार्ड सदस्य कुलदीप साहू, प्रदीप राम, अशोक राम, मंजू देवी, संगीता देवी, शान मोहम्मद, अंगिरा कुमारी और राजू भुइयां द्वारा किया गया। इस दौरान कुल 152 कंबल जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी मुकेश कुमार साहू, नंद किशोर साहू और विभिन्न गांवों से लाभुक उपस्थित थे। इस वितरण कार्यक्रम से स्थानीय लोगों को सर्दियों में राहत मिली।

### जीपीडीपी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में गुरुवार से 'सबकी योजना, सबका विकास' के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रकाश राणा द्वारा लोगों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी जा रही हैं। इस प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, महिला समूहों के सदस्य, प्रतिनिधि और अन्य लोग भी शामिल हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयोजित किया गया है, ताकि लोगों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### जमीन आपसी बंटवारा को लेकर पंचायतों में लगेंगे शिविर



**गिद्धौर।** प्रखंड के सभी पंचायतों में जमीन के आपसी बंटवारे और नामकरण से संबंधित शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला अपर समाहर्ता के निर्देशानुसार और अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा के आदेश पर आयोजित किया जा रहे हैं। गिद्धौर पंचायत में 10 जनवरी, बारिसाखी पंचायत में 11 जनवरी, मंझगावां पंचायत में 13 जनवरी, पहरा पंचायत में 15 जनवरी, बरियातू पंचायत में 16 जनवरी और द्वारी पंचायत में 17 जनवरी को यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस कार्य के लिए प्रतिनियुक्त कर्मी प्रमोद कुमार सिंह, रघुनाथ सिंह और पप्पू कुमार यादव का नाम शामिल है। अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपने जमीन के आपसी बंटवारे का निष्पादन करवा सकते हैं।

### पहरा पंचायत में लगा 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम शिविर



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के पहरा पंचायत में जलसा रांची के निर्देशानुसार 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को एक शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय प्रधान जिला एवं शस्त्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के मार्गदर्शन और माननीय सचिव महोदय के नेतृत्व में हुआ। इस शिविर में मुखिया और वार्ड सदस्य के नेतृत्व में ठंड से बचने के लिए लगभग 50 से 100 ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसके अलावा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल मजदूरी, बाल विवाह, महिलाओं का सम्मान, सड़क सुरक्षा, जीवन ज्योति बीमा, सरकारी आवास, राशन कार्ड, माइयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कानूनी विधि व्यवस्था के बारे में ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम की संचालनकर्ता पीएलभी प्रेरणा दास ने ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस आयोजन में दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मारपीट में युवक घायल, सदर अस्पताल में इलाज जारी



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरनानगर पंचायत स्थित राजाबागी में मारपीट के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राजाबागी निवासी 25 वर्षीय रौशन दास पिता अनिल दास ने बताया कि मैं सुबह अपने गाय को चराने के लिए निकला। इसी दौरान पड़ोस के लालधारी दास, उनके भाई की पत्नी और उनके बेटे ने धारदार हथियार से हमला बोल दिया, जिसमें मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद परिजन घायल युवक को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज किया जा रहा है। वहीं मारपीट की सूचना पुलिस को दी गयी। जहां पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव ने गुरुवार को नगर पंचायत क्षेत्र विभिन्न वार्डों में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमे वार्ड 11 में आरसीसी नाली निर्माण ढक्कन सहित, वार्ड 12 में आरसीसी नाली, वार्ड 13 में स्वास्थ्य केंद्र भवन का जीर्णोद्वार व आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड 15 में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का गेट व बॉउंड्री निर्माण आदि शामिल हैं। शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से नगरवासियों को काफी सुविधा मिलेगी, उन्होंने कहा कि योजनाओं को पारदर्शी पूर्वक पूर्ण करें, ताकि नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। मौके पर अजय पांडेय, संजीव यादव, प्रवीण पांडेय, महेश यादव, धर्मेंद्र यादव, चंदन सिंह, दिवाकर कुमार, आदित्य पांडेय, राजू यादव, दीपक यादव, अजय कुमार, मनोज यादव आदि मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गयी विदाई



**कोडरमा।** विदाई समारोह आयोजित कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोंडो के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक वीरेश कुमार को भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि मुखिया कोयल देवी व अन्य के द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को बुके देकर सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक अनिवार्य प्रक्रिया है, इससे एक न एक दिन हम सबों को गुजरना पड़ता है। वहीं उन्होंने कहा कि वीरेश सर ने अपने कार्यकाल में जिस प्रकार शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया है, उससे हम सबों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर धनबाद सीओ डॉ. संजय कुमार सिंह, सुदीप सहाय, उमेश सिंहा, अजित कुमार आजाद, अशोक कृष्ण, कॉलेश्वर ठाकुर, दिलीप बर्णवाल, राजकिशोर दास, संजीव मिश्रा, शिवशंकर मोदी, राजू कुमार, अरविंद कुमार, शिवशंकर रजक, रविकांत कुमार रवि, माधव कुमार, शंकर दयाल आदि मौजूद थे।

### मरकच्चो में सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई विदाई



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय के प्राचार्य धर्मचंद मंडल गुरुवार को सेवानिवृत्ति के पश्चात् विद्यालय के नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में संतोष प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने सेवानिवृत्ति प्राचार्य और नए प्राचार्य का स्वागत गुलदस्ता व माला पहनाकर किया। इसके पूर्व नए प्रभारी प्राचार्य सन्तोष प्रसाद व विद्यालय में शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्राचार्य सन्तोष प्रसाद ने विद्यालय में शैक्षणिक माहौल को बरकरार रखते हुए छात्रों को 75 फीसदी उपस्थिति पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं पूर्व प्राचार्य धर्मचंद मंडल ने नए प्राचार्य को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर सौरभ कुमार पांडेय, हरिहर सिंह, योगेंद्र प्रसाद, आलोक कुमार, रामचंद्र दास, रवि कुमार, अशोक कुमार, श्रीकांत कुमार, कौशल कुमार गुप्ता, राधाकांत भारती आदि मौजूद थे।

## मांगों को लेकर जेजे कॉलेज के शिक्षकेत्तर कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय, महाविद्यालय शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 4 सूत्री मांगों को लेकर जेजे कॉलेज शिक्षकेतर कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार से शुरू हो गया।

हड़ताल के पहले दिन कॉलेज गेट के समीप हड़ताली कर्मियों ने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नही हो जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ के नेता अशोक यादव ने कहा कि एसीपी, एमएसीपी और लम्बित वेतन निर्धारण व प्रोन्नति सम्बन्धी समस्याओं का समाधान करते हुए सरकार हमारी मांगों को पूरा नही करती, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। वहीं संघ के प्रदेश प्रवक्ता रितेश माधव ने कहा कि विभावि प्रशासन की ओर से वर्ष 2015 से कर्मचारियों को एसीपी एमएसीपी का भुगतान किया जा रहा था, मगर वित्त समिति की बैठक में उक्त भुगतान को स्थगित करने और भुगतान किए गए राशि को एडजस्ट करने का निर्णय लिया गया है, जो गलत है, विभाग के इस निर्णय से कर्मचारियों में आक्रोश है। विभाग जल्द से जल्द इस निर्णय को वापस ले, साथ ही हमारी अन्य मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मांगों को पूर्ण करे।

मौके पर मानवेन्द्र सिंह, क्रांति सिंह, राजेन्द्र राम, कैलाश राणा, अखिलेश मिश्रा, संजीव सिंह, राहुल कुमार, दिलीप मिश्रा, जानकी साव, राधिका देवी, समृद्धि श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानों और प्रतिष्ठानों में चलाया छापामारी अभियान

- 12 दुकानदारों से कोटपा एक्ट के तहत वसूला गया जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी और टोबैको कंट्रोल सेल की टीम के द्वारा गुरुवार को होटलों समेत अन्य प्रतिष्ठानों में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 12 दुकानों में तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद सम्बन्धी पदार्थ की बिक्री करते पकड़े गए, जिसके बाद ऐसे प्रतिष्ठानों के खिलाफ कोटपा एक्ट 2003 के विभिन्न धाराओं के तहत 1350 रुपये का आर्थिक जुर्माना वसूला गया। साथ ही दोषी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया कि दुकानों में 6ए का साइनेज लगाएं, इसके अलावे शिक्षण संस्थानों के 100 गज की दूरी के दायरे में किसी भी प्रकार का तम्बाकू या इससे बने उत्पादों को नहीं बेचने अन्यथा सख्त कार्रवाई करने की बात कही गयी। अभियान के दौरान जिन दुकानों में फूड लाइसेंस नहीं मिला उन्हें जल्द से जल्द लाइसेंस लेने आदि का भी निर्देश दिया गया। मौके पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के अलावे जिला परामर्शी दीपेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार आदि मौजूद थे।

**छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गयी :** अभियान के दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिरसोडीह में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को तम्बाकू या इससे बने अन्य उत्पादों के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गयी और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को तंबाकू का इस्तेमाल नहीं करने से संबंधित शपथ दिलवायी गयी। इसके अलावे स्लोगन लिखो प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## मनमानी तरीके से कार्य करने को लेकर वार्ड सदस्यों ने दिया उपायुक्त को आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मुखिया ममता देवी एवं पंचायत सचिव पूजा भारती व वर्तगान में प्रफूल सिंह के द्वारा सभी योजनाओं में मनमानी करने को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में बताया कि कार्यकारिणी समिति की बैठक में मुखिया एवं पंचायत सचिव दोनों मिलकर योजना पारित करते हैं और फर्जी तरीके से वार्ड सदस्यों का हस्ताक्षर कर दिया जाता है, जिसकी जानकारी किसी वार्ड सदस्य को नहीं देते है। पंचायत स्तरीय चुनाव के बाद से समिति का विस्तार, गठन नहीं किया गया है। पंचायत में विकास का आय-व्यय की जानकारी भी किसी वार्ड सदस्य को नहीं है जबकि हम सभी वार्ड सदस्य आय-व्यय का सूची एवं एक वर्ष पूर्व में भी आय-व्यय की लिखित सूची का मांग किया गया था। पंचायत में जो जलगीनार लगाना था वह जलगीनार नगर पंचायत डोमचांच में नावाडीह के मुखिया के द्वारा लगाया गया है। पन्द्रहवीं वित्त योजना के तहत देख-रेख के लिए मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा बोला जाता है कि जेसीबी के माध्यम से काम नहीं करवाना है, जबकि रात के अंधेरे में मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा बिचौलिया के माध्यम से जेसीबी से काम करवाया जाता है। जिस वार्ड में काम करवाया जाता है, उस वार्ड में वार्ड सदस्य को भी जानकारी नहीं दिया जाता है। जिसकी छायाप्रति संलग्न है। पंचायत में अबुआ आवास भी मुखिया एवं पंचायत सचिव के द्वारा मनमानी तरीके से लाभुक का चयनित करते हैं, जो योग्य लाभुक हैं उसे अबुआ आवास का लाभ नहीं दिया जाता है। बिना लाभुक समिति का चयन के योजना तथा बिना ग्राम सभा के पास कर दिया जाता है और कार्य प्रारंभ कर दिया जाता है।

वार्ड सदस्यों ने कहा कि नावाडीह पंचायत के सभी वार्ड सदस्य इस्तीफा देने पर मजबूर हो जायेंगे।

### मुखिया ने कहा-आरोप बेबुनियाद

इस मामले में नावाडीह पंचायत की मुखिया ममता देवी ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है। अगर ऐसा है तो गांव में आकर जांच कर लिया जाए।

## कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग में क्रेशर से निकलने वाले डस्ट से आमजन परेशान

**डोमचांच (कोडरमा)।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग में पचगावां मोड़ के आस-पास क्रेशर के संचालन से उड़ने वाले डस्ट से आने-जाने वाले राहगीर परेशान हैं। साथ ही क्रेशर से निकलने वाले डस्ट आस-पास के खेतों में लगे फसल को भी नष्ट कर रहे हैं। दूसरी ओर यह डस्ट आम लोगों के शरीर में नाक के माध्यम से अंदर जाकर बीमार भी कर रही है। आस-पास अवस्थित दुकानों, होटलों में काम कर रहे लोग तथा इन स्थानों पर आने वाले लोगों को डस्ट से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्रेशरों के चारों ओर पानी छिड़काव नहीं होने से पंचगांवा और मसनोडीह जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा क्रेशर से निकलने वाले डस्ट सड़क किनारे जमा हैं, जिसके कारण राहगीरों को आवाजाही में दिक्कत होती है, साथ ही दुर्घटना का भय बना रहता है। वहीं क्रेशर संचालकों द्वारा पानी का छिड़काव भी नही किया जा रहा है, जिस कारण डस्ट वायु को भी प्रदूषित कर रहा है। वहीं आम लोग डस्ट से होने वाली से परेशानी के निवारण की मांग स्थानीय प्रशासन या जिला प्रशासन से कर रहे हैं।

## अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति अब व्यक्तिगत संपत्ति बन रही है : नितेश चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा एड्डी बांग्ला समिति झुमरीतिलैया में हो रही अनियमितता के विरुद्ध भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य नितेश चंद्रवंशी एवं कोडरमा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, समिति के पुराने सचिव एवं पदाकिारी के बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वहीं नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि एड्डी बांग्ला दुर्गा मंडप पूजा समिति अब सार्वजनिक न होकर व्यक्तिगत संपत्ति होती जा रही है। इस समिति में वर्तमान कोई अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष अथवा पूरी कमेटी का कोई अता-पता नहीं है, मगर इस मंदिर में काम हो रहे हैं। काम किसके आदेश से हो रहा है, कहां से रुपए आ रहे हैं, कौन दानदाता है, कितना दान दे रहा है, इसका कोई हिसाब किताब देने-लेने वाला नहीं है। वर्तमान में यह समिति वन मैन शो होकर रह गयी है। किसी एक व्यक्ति की बदौलत समिति चल रही है या चलेगी। मनमानी ढंग से कुछ वर्ष पूर्व बबलू सोनकर इस समिति के अध्यक्ष बने और अध्यक्ष बनते ही अपनी मनमानी करनी शुरू कर दिए। वहीं उन्होंने कहा कि हमारा मानना है किसी एक व्यक्ति के कारण माता दुर्गा कर्जदार हो गई हैं, तथाकथित अध्यक्ष बबलू सोनकर हमेशा आवेश में आकर सभी कार्यकर्ताओं से बात करना, सभी भक्तजनों से यह उलाहना देना कि मैं रुपया लगा रहा हूं, मैं जैसे चाहूंगा वैसे करता रहूंगा, इसमें किसी को बोलने की आवश्यकता नहीं है। इन बातों को ध्यान में रखकर आम भक्त एवं कार्यकर्ता में काफी रोष है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि मैं भी एक दानदाता हूं, मुझे भी यह जानने का हक है कि इस मंदिर परिसर में क्या हो रहा है, कहां से राशि आ रही है, क्यों इस मंदिर की पवित्रता भंग हो रही है।

वहीं पूर्व अध्यक्ष आलोक सरकार ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब आम भक्त जन पूरी तन्मयता के साथ एकजुट होकर नई कमेटी बनाएंगे और इस मंदिर परिसर का ठीक से जीर्णोधार किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हरि पंडित, आलोक सरकार, अमिताभ सिंह, प्यारेलाल मेहता, सुमित जायसवाल, राजेश कुमार, श्यामजीत यादव, राम सिंह, अमित यादव, राहुल कुमार, जितेंद्र कटारिया, सुमित सिंह, राजू यादव, राजू कुमार, विजय शर्मा, देवानंद प्रसाद, संतोष केसरी, सोनू सिंह, गौतम कुमार, प्रशांत सिंह, विक्रम राज, राजु केशरी समेत कई पुराने और समर्पित भक्त जन उपस्थित थे।

## इटखोरी मुख्य बाजार में अतिक्रमण से जाम, कब मिलेगी मुक्ति?

- सीओ का नोटिस अतिक्रमणकारियों के लिए केवल कागज

पंकज सिंह



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी मुख्य बाजार में अतिक्रमण की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। सड़क किनारे दुकानों और ठेले वालों द्वारा किए गए अवैध कब्जे के कारण हर दिन जाम लग रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों को घंटों तक परेशान होना पड़ता है।

मुख्य बाजार में सड़कें इतनी संकरी हो चुकी हैं कि बड़े वाहन तो दूर, दोपहिया वाहनों के निकलने में भी मुश्किलें हो रही हैं। खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर ही गाड़ियां खड़ी करनी पड़ती हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। दुकानदार अपनी दुकान के आगे सामान रखकर सड़क को और संकुचित कर रहे हैं।

ठेले और फुटपाथ पर बनी अस्थायी दुकानों ने भी हालात को बिगाड़ दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बाजार में अतिक्रमण की वजह से रोजाना यातायात व्यवस्था चरमराई रहती है, लेकिन प्रशासन इससे अनजान बना हुआ है।

### नोटिस के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

सीओ ने कुछ दिन पहले बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इससे स्थानीय निवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई, तो बाजार की स्थिति और भी खराब हो जाएगी। इटखोरी के लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। बाजार में वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था और सड़कों पर ठेले व अन्य अवैध कब्जों को हटाने की मांग की गई है।

## स्पीड न्यूज

### सिविल सर्जन ने पांच टीबी मरीजों को लिया गोद

**गुमला।** सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने गुरुवार को पांच यक्ष्मा रोगियों को गोद लिया है। गोद लेने के साथ ही लगभग छह माह तक उनको पोषाहार सिविल सर्जन की ओर से प्रदान किया जाएगा। जिले में यक्ष्मा को जड़ से मिटाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषाहार उपलब्ध करा रहे हैं।

### मनरेगा कर्मियों ने ग्रामीण विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**गुमला।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय के घाघरा पहुंचने पर प्रखण्ड के मनरेगा कर्मियों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मियों ने पिछले दिनों सरकार के साथ हुई समझौता,वेतन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन आदि को लागू कराने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि आप सबों की मांगे हमारे संज्ञान में है, जल्द ही पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान गोपाल पांडे, निर्मल उरांव, संतोष मिंज, दिनेश उरांव, सहित सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### सर्वजन, विधवा व दिव्यांग पेंशन की अविलंब भुगतान की मांग

**गुमला।** मईयां सम्मान योजना को लेकर खुद की पीठ थपथपा रही झारखंड सरकार के राज्य में सर्वजन, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के लाभुकों की चिंता बढ़ी हुई है। पिछले कई माह से इनके खाते में पेंशन की राशि नहीं आने के कारण इनमें निराशा व्याप्त है। इस बाबत सरकार का ध्यानाकृष्ट कराते हुए भाजपा नेत्री सह निवर्तमान वार्ड पार्षद शैल मिश्रा ने कहा है कि असहाय वृद्धों, विधवाओं तथा शारीरिक रूप से अक्षम दिव्यांगों का पेंशन अवरुद्ध होना सरकार की इनके प्रति असंवेदनशीलता को दशार्ता है।

### सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवकों की हुई मौत

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के बांसडीह-कांसीर रोड में परसा के समीप सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की है। मृतकों में डुमरी थाना क्षेत्र के कठ गांव निवासी 26 वर्षीय अजय कुजूर व 25 वर्षीय राजनाथ कोरवा के नाम शामिल है। घटना की सूचना पर रायडीह पुलिस देर रात ही घटनास्थल पहुंचकर मृतकों के शव को कब्जे में ले लिया और अग्रेतर कारवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक बाईक में सवार होकर गुमला से परसा होते हुए डुमरी की ओर जा रहे थे।

### हमदर्द पंचायत के फिर से सदर बने मो. करीम

**गुमला।** हमदर्द पंचायत की बैठक पंचायत के अध्यक्ष मोहम्मद करीम उर्फ कल्लू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पंचायत का विस्तार करते हुए मोहम्मद खालिद को उपाध्यक्ष के लिए और मोहम्मद शाकिर को जॉइंट सेक्रेटरी बनाया गया। इसके अलावे बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। हमदर्द पंचायत का सत्र समाप्त हो चुका है।

# पुरोहितों का जीवन मानव सेवा के लिए होता है समर्पित: बिशप लिनुस

## डिकन अनूप मिंज का हुआ पावन पुरोहिताभिषेक, भिखमपुर पारिश में हुई धर्म विधि संपन्न





पुरोहिताभिषेक कार्यक्रम को संबोधित करते बिशप, डिकन अनूप मिंज को पुरोहिताई जीवन में प्रवेश कराते बिशप व कार्यक्रम में शामिल लोग

### कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हुए मसीही समाज के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**जारी।** जारी प्रखंड के भिखमपुर पारिश में गुरुवार को पावन पुरोहित अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डिकन अनूप मिंज का पुरोहित अभिषेक हुआ। समारोह के मुख्य अधिष्ठाता गुमला धर्म प्रांत के बिशप लिनुस पिंगल एक्का थे। जिनके अगुवाई में पुरोहिताभिषेक की विधि संपन्न हुई। मौके पर बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि पुरोहित कलीसिया के चरवाहा होते हैं। उनका जीवन समाज के लिए समर्पित होता है। समाज को खुशी होती है जब कोई पुरोहित बनता है। समाज की सेवा के लिए पुरोहितों के आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुरोहिताई जीवन एक कठिन रास्ता है। पुरोहित जीवन भर लोगों की सेवा करते हैं। साथ ही अनुयायी व ईश्वर के साथ सामंजस्य स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने अनूप मिंज को बुलाहट किया। बुलाहट से अनूप हम सबों की सेवा करना चाहते हैं। अनूप का जीवन सफल हो इसलिए ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए। ईश्वर ने अनूप मिंज को एक वरदान के रूप में हम सबों को दिया है। कलीसिया की सेवा के लिए उनके माता-पिता भाई-बहन को भी धन्यवाद देते हैं जिन्होंने अपने बेटे को हम सबों की सेवा और ईश्वर की सेवा के लिए हमें दिए। पुरोहित का मुख्य काम लोगो को आध्यात्मिक रूप से सहयोग करने का होता है। अब फादर अनुप मिंज मिस्सा अनुष्ठान कर विश्वासियो को पवित्र करेंगे। इस अवसर पर बिशप ने डिकन अनूप मिंज को अज्ञाकारिता व अन्य चीजों का शपथ दिलाकर उसको पुरोहिताई जीवन में प्रवेश कराया। पुरोहित अभिषेक को सफल बनाने में काथलिक सभा के भालेन मिंज उपसभापति प्रकाश कुजूर सहित महिला समूह के लोगों ने सफल बनाया। मौके पर फादर रिमिश टोप्पो, फादर दिलीप मिंज, फादर अमृतलाल, फा. ग्रेगोरी कुल्लू, फादर जोन टोप्पो, फादर निरंजन एक्का,फादर ललित जोन एक्का, फादर अमृत कुजूर,फादर प्रेम प्रकाश इन्दवार, फादर प्रकाश लकड़ा, फादर अलेक्स लकड़ा, फादर विनय मिंज, फादर बसंत, फादर बरथोलुम्बी, फादर अमृत फादर कल्याण, फादर विलियम, फादर आलोक, फादर आदेश, फादर मिलियन, फादर मारियानुस, फादर माइकल, फादर शांति प्रकाश, फादर फुलजेंस, फादर अमित, फादर कुलदीप, फादर अरविंद, फादर सुशील, फादर रविंद्र, फादर डेविड, फादर अनिमा प्रकाश, फादर वीरेंद्र, फादर मिलयानुस, फादर जस्टिन, फादर डोमिनिक, फादर सीरिल, फादर स्टीफन, फादर संतोष, फादर पात्रिक आदि उपस्थित थे।

**फादर अनुप मिंज का जीवनी परिचय :** फादर अनूप मिंज का जन्म 24 अक्टूबर 1990 ईस्वी में गुमला जिला के ग्राम गोविंदपुर में हुआ था। परिवार में माता-पिता और सात भाई बहनों में सबसे छोटा है। पिता का नाम स्वर्गीय अगस्तुस मिंज व माता का नाम श्रीमती सेलेस्टीन मिंज है। फादर अनूप छोटे से ही प्रभु यीशु का बड़ा क्रूस को बड़े शौक से पहनता था और सबको यह क्रुश उसके गले में लटकता हुआ दिखाई देता था। जिसकी वजह से सभी प्रियजन उसे फादर के नाम से संबोधित करते थे। उनकी प्राथमिक शिक्षा होली क्रॉस भैया थान में हुआ था। मीडिल स्कूल की शिक्षा संत जेबियर स्कूल अम्बिकापुर में अपस्तोलिक में रहकर की। हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी की शिक्षा संत जेबियर अम्बिकापुर से किया। प्रारंभिक जीवन से फादर अनूप पढ़ने लिखने में तेज थे और आध्यात्मिक जीवन में रुचि रखते थे।

# लंबित मामलों को जल्द करे निष्पादित: डीडीसी

## डीडीसी ने की बाल कल्याण समिति के कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा



बैठक में मौजूद अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में गुरुवार को बाल कल्याण समिति के कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा निर्धारित प्रपत्र के अनुसार बाल कल्याण समिति लोहरदगा में लंबित मामलों की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त द्वारा स्पॉन्सरशिप, अनाथ बच्चों इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि प्रावधानों के अनुसार लंबित मामलों को जल्द निष्पादित किया जाए।तत्पश्चात जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के संबंध में जानकारी दी गई कि यह बैठक जिले में बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान मे रखते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु आयोजित की गई है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा बताया गया कि संकटग्रस्त बालकों हेतु कार्य करने में अगर कोई कठिनाई हो रही हो तो इस बैठक के माध्यम से उसका समाधान किया जा सकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री शेखावत द्वारा निर्देश दिया गया कि बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मियों द्वारा प्रोएक्टिव वर्क किया जाए?। प्रखंड पंचायत में जाकर बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल शोषण इत्यादि हेतु जागरूकता कार्यक्रम करें तथा ऐसे मामलों को चिन्हित करें। संस्थागत देखरेख में रहने वाले बच्चों को परिवार में पुनर्वासित करने का काम किया जाए। स्पॉन्सरशिप से आच्छादित बालको को चिन्हित कर अध्ययन किया जाए कि उन्हें प्राप्त हो रही प्रयोजन की राशि का सदुपयोग हो पा रहा है या नहीं। साथ ही एक समिति के गठन का निर्देश दिया गया जिसके माध्यम से संकटग्रस्त बच्चों का दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया आसान हो। बैठक में डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मी इत्यादि मौजूद थे।

# बस स्टैंड रोड निवासी दिलीप सरदार का शव मिला उनके घर के छत से

## शव से दुर्गंध आने के बाद पडोसियों ने देखा तो दिलीप सरदार छत पर पड़े दिखे




घटना की सूचना पर मृतक के घर के पास जुटे लोग



मृतक सरदार दिलीप सचदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** शहर के पटेल चौक बस पड़ाव रोड निवासी 60 वर्षीय दिलीप सिंह सचदेव उर्फ दिलीप सरदार अपने घर के छत पर ही मृत अवस्था में मिले। बुधवार की देर शाम पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। शव से दुर्गंध आने के बाद पडोसियों ने जब उनका छत देखा तो उनका शव पड़ा हुआ था। जिसके बाद घटना की सूचना गुमला थाना को दी गई। इधर घटना की जानकारी होने पर आस-पास के लोगों की भीड़ उनके घर के समीप लग गई। देर शाम ही पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। मृतक दिलीप सिंह सचदेव अपने मकान के ग्राउंड फ्लोर में मोटरसाइकिल मरम्मती का गैराज चलाते थे। एक सप्ताह पूर्व पड़ोसियों ने उन्हें अंतिम बार देखा था। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। दुकान भी एक सप्ताह से नहीं खुल रहा था। लेकिन किसी पड़ोसी ने इस बात को गंभीरता से नहीं लिया। बुधवार की शाम कुछ पड़ोसियों को उनके घर से दुर्गंध आने लगी। बुधवार की रात करीब 8 बजे जब लोगो को शव की दुर्गंध आने लगी। तब पड़ोसियों ने किसी अनहोनी की आशंका को लेकर दुसरे की छत को लांघ कर उनकी छत में पहुँचे तो देखा कि छत के ऊपर दिलीप का शव पड़ा था। बताया तो यह भी जा रहा है कि घटनास्थल पर खून के छीटें भी थे। इस के बाद लोगों को उनकी मौत की जानकारी हुई। बताया जाता है कि मृतक दिलीप का भरा पूरा परिवार है। मगर परिवार के किसी भी सदस्य से उनकी नहीं बनती थी। पत्नी,दो बेटे व बहु को वे घर से निकाल चुके थे। जिसके कारण पूरा परिवार पिछले एक साल से जमशेदपुर रह रहा था। इसके बाद दिलीप घर पर अकेले रहते थे। इसके बाद यह बात पुरे शहर में फैल गई और लोग तरह तरह की चर्चा करने लगे। मौके पर बड़ी संख्या में लोगो की भीड़ जुट गई।

### स्वास्थ्य संबंधी बीमारी के कारण हुई मेरे पिता की मौत: पुत्र

मृतक के पुत्र गौरव सचदेव ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर कहा है कि उसकी पिता की मौत बीमारी से हुई है। गौरव ने बताया कि वह मुसाबिन में पुलिस विभाग में पदस्थापित है और वहीं रहता है। उनके पिता गुमला में अकेले रहते थे। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी बीमारी थी। पिछले 15 दिनों से पिता से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। जिस कारण परिवार को उनकी चिंता सता रही थी। 9 जनवरी को वे गुमला पहुंचे और घर के छत पर जाकर देखा तो उनके पिता मृत अवस्था में पड़े हुए थे। स्वास्थ्य संबंधी बीमारी के कारण मेरे पिता की मौत हुई है।

# भू-अर्जन पदाधिकारी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई




पदाधिकारी को सम्मानित करते डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गये। बीपीएससी 47वें बैच के पदाधिकारी श्री सामंता लोहरदगा जिला में वर्ष 2023 में उप विकास आयुक्त के पद पर भी रहे। गुरूवार को इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से एक विदाई कार्यक्रम समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा श्री सामंता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि श्री सामंता ने लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य किया। चाहे वह उप विकास आयुक्त के रूप में हो या जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में। अपने निर्णय व समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित कर सभी को प्रभावित करने का कार्य किया। सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ इनका संबंध बेहद अच्छा रहा। सेवानिवृत्ति नौकरी के स्वभाविक प्रक्रिया है जिससे सभी नौकरीपेशा के लोगों को सामना करना ही पड़ता है।

उपायुक्त ने श्री सामंता के बेहतर स्वस्थ जीवन की कामना की। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि श्री सामंता का व्यक्तित्व बेहद सरल और शांत रहा। इनके कार्यकाल में बेहतर कार्य लोहरदगा जिला में हुआ। उप विकास आयुक्त रहते हुए इन्होंने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य किये।

वहीं भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में भी इन्होंने बेहतर कार्य किया। सेवानिवृत्त पदाधिकारी जय ज्योति सामंथा ने कहा कि अपने जीवन में पश्चिम बंगाल और बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन में नौकरी करने का अवसर मिला और अनुभव बेहद शानदार रहा। वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों का बहुत सानिध्य प्राप्त हुआ और सभी से कुछ ना कुछ बेहतर सीखने का मिला।

जीवन में जो सफलता मिली वह सभी के सहयोग से ही संभव हो सका। सेवाकाल के दौरान अपने स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव की स्थिति आयी लेकिन अपने कार्य संपादन को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया। कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर ने भी अपने विचार व्यक्त किये और श्री सामंता के मिलनसार प्रवृत्ति व स्वभाव की प्रशंसा की। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया योजना का निरीक्षण

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा किया गया। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिला परिषद विभाग से निर्मित सेन्हा राइस मिल एव कलेहपाट गांव में पीसीसी पथ निर्माण का निरीक्षण किया तथा प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत में मनरेगा योजना से हो रहे कार्य बागवानी,ट्रेंच कटिंग, कूप निर्माण एव अबूआ आवास योजनाओं का निरीक्षण करते हुए कार्य मे प्रगति लाने के लिये प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि मनरेगा योजना कार्य मे अधिक से अधिक मजदूरों को काम देने और ससमय योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत उरांव, वंदना कुमारी,आरती चेरमाको सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सांसद सुखदेव भगत देवघर एम्स का स्थायी सदस्य बने

**लोहरदगा।** लोकसभा सचिवालय ने देश के 12 अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान एम्स में सांसदों को स्थायी सदस्य बनाया है ।लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद सुखदेव भगत को देवघर एम्स (अक्क्टर)का स्थायी सदस्य बनाया गया है ।यह जानकारी डायरेक्टर संजय शेट्टी ने पत्र के माध्यम से सांसद को दिया। लोकसभा सचिवालय द्वारा मनोनीत सांसदों की सूची केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव को भेज दिया गया है। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को देवघर एम्स का स्थायी सदस्य बनने से झारखंड वासियों को काफी फायदा होगा। सांसद सुखदेव भगत जल्द ही देवघर एम्स का दौरा कर वहां के स्वास्थ्य संबंधी स्थिति का जायजा लेंगे और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा झारखंड वासियों को दिलाने का प्रयास करेंगे।

### ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय पहुंची घाघरा, कार्याकर्ताओं से मुलाकात की

**घाघरा।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय गुरूवार को घाघरा पहुंची। जहां कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के आवास में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात उनकी समस्या से रूबरू हुई। पार्टी संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। वहीं उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार से अबुवा आवास योजना से संबंधित जानकारी ली। इस क्रम में घाघरा प्रखंड के स्वयंसेवको ने लिखित आवेदन देकर सरकार द्वारा स्वयंसेवकों के लिए की गई घोषणा को लागू कराने की मांग की। जिस पर मंत्री ने कहा कि आप लोगों की मांग जो है उसे पूरा करने को लेकर पहल की गई है। आप सभी परेशानी ना हो। मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व रांची महापौर सह कांग्रेस नेत्री रमा खलखो, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमृता भगत, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, देवा उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के घर पहुंची मंत्री दीपिका पांडेय

**घाघरा।** ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने घाघरा स्थित शोकाकुल प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बॉबी भगत और उनके परिवार से मुलाकात किया। इस क्रम में गले लगाकर बॉबी भगत को ढांढस बंधाया। पुत्र की आत्महत्या की जानकारी ली। इस क्रम में बाबी भगत ने बताया कि उसका पुत्र काफी सरल था। किसी तरह का कोई भी वाद विवाद भी नहीं हुई थी। लेकिन उनके बड़े पुत्र गौतम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जो गहरा चोट दे दिया। इस पर मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने कहा कि पूरा परिवार की जिम्मेदारी आप माता-पिता की है। पुत्र और पुत्री है। अब उनका लालन पालन बढ़िया से करें।

### बीएस कॉलेज की दो छात्रा का चयन विश्वविद्यालय कुश्ती टीम में हुआ, लोगो ने दी बधाई

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज महाविद्यालय के दो छात्राएं नीतू कुमारी (बी ए सेमेस्टर 4 हिन्दी) और सीता कुमारी (बीए पॉलिटिकल साइंस सेमेस्टर 4) का सिलेक्शन रांची विश्वविद्यालय कुश्ती टीम के लिए हुआ है। दोनों छात्राएं आज 10 जनवरी को रांची विश्वविद्यालय टीम के साथ भटिंडा पंजाब के लिए रवाना होंगे ।बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शशि कुमार गुप्ता ने दोनों छात्राओं को उनके चयन पर बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में बी एस कॉलेज लगातार बेहतर कर रहा है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से जिले के नाम रौशन हो रहा है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही साथ डॉ सुमन कुजूर, डॉ संतोष स्वरूप शांडिल्य, कुमार नीरव, अमित कुमार, पीटीआई सोनू कुमार बड़ाईक सभी ने इन दोनों छात्राओं को उनके चयन के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दिए हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया हैं।

### 38वें नेशनल गेम्स के लिए चयनित हुए जिले के तीरंदाज कृष चंद्र देव

**लोहरदगा।** आगामी 28 जनवरी 2025 से 9 फरवरी 2025 तक देश के उत्तराखंड राज्य में आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स में लोहरदगा जिला अंतर्गत सुकुमार गांव निवासी दिलीप कुमार साहू के पुत्र कृष चंद्र देव तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कृष चंद्र देव का चयन झारखंड तीरंदाजी टीम में हुआ है। विदित हो अगस्त 2024 में एशिया कप स्टेज 3 जो साउथ कोरिया के सुबेन में कंपाउंड तीरंदाजी के रूप में भाग लेकर दसवां रैंक लाने के सफल रहे थे। जिसको लेकर 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस समारोह जिला लोहरदगा में पूर्व में रहे वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं आरक्षी अधीक्षक हरीश बिन जामा के द्वारा पुरस्कृत किया गया था। कृष चंद्र देव बिरसा आर्चरी अकादमी सिल्ली में 2014 से प्रशिक्षण प्राप्त कर वर्तमान में हरियाणा के सोनीपत में अभ्यास रत है । कृष चंद्र देव ने 15 से भी अधिक नेशनल चैंपियन तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लिया है। जिसमें अभी तक पांच स्वर्ण, सात रजक पदक के साथ कांस्य पदक भी अपने नाम किया है।

### चेंबर चुनाव हेतु अंतिम दिन पांच प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, मैदान में कुल 26 उम्मीदवार

**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला के आम चुनाव सत्र 2025 हेतु चेम्बर कार्यालय में मुख्य चुनाव पदाधिकारी व सहायक चुनाव पदाधिकारी के समक्ष गुरूवार को कुल 5 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज किया है। वहीं जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने बतलाया की 8 जनवरी को अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन हुई। जिसमें 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। वहीं आज 09 जनवरी जो की नामांकन का अंतिम दिन तय था। उसमें पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज करवाया है। इस तरह अब चुनाव मैदान में कुल 26 प्रत्यशियों ने अपना नामांकन किया है। जिसमे कई निर्दलीय प्रत्याशी के नाम भी शामिल हैं। जिनमें सोनू एच. डी. (अभिषेक कुमार), शंकर लाल साहू, संजीव शर्मा व बाबू गुड़लक (योगेश शर्मा) के नाम हैं व सदस्य ज्योति कुमारी ने टीम लीडर राजेश सिंह के नाम अपनी सहमति देते हुए भी अपना नामांकन पत्र भरा है। नामांकन का अंतिम दिन होने के कारण गुमला शहरी क्षेत्र में मुख्य चुनाव पदाधिकारी द्वारा चुनाव हेतु व्यापारियों को जागरूक करने के उदेश्य से एनाउंसमेंट भी करवाया गया। चुनावी अधिसूचना के अनुसार अब 10 जनवरी को अपराह्न 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जाँच के उपरांत चुनाव हेतु वैध उम्मीदवारों के नाम साफ हो जाएगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए विद्यालय का तड़ितचालक तोड़ा

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के फुलसु पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मतकोमा में लगे तड़ितचालक को बिते रात जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए तोड़ दिया वहीं रासोई रूम का दरबाजा तोड़ने का प्रयास किया। तोड़फोड़ की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीण चलितर गंझु, महावीर गंझु, मुन्ना लोहरा, तिरसु पाहन सहित कई लोगो ने हाथी को भगाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के भगाने पर पास के जंगल में जाकर जमे हुए है। जंगली हाथी के लगातार उत्पात से उक्त क्षेत्र के लोग दहशत का माहौल बना हुआ है, ग्रामीणों द्वारा लगातार वन विभाग से उचित कदम उठाने व हाथियों को क्षेत्र से भगाने का मांग किया जाता रहा है लेकिन विभाग अनभिज्ञ बना हुआ है।

### दुखद : संकुल साधन सेवी विनोद छाबड़ा उर्फ राजू का निधन



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के पंजाबी मोहल्ला निवासी संकुल साधन सेवी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी के पति विनोद छाबड़ा उर्फ राजू का निधन बुधवार की देर शाम 9 बजे के करीब हो गया। वह काफी लंबे समय से गंभीर व असाध्य बीमारी से ग्रसित थे। विनोद छाबड़ा के असामयिक निधन की खबर सुनकर शिक्षा विभाग के साथ-साथ उनके सहकर्मियों और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी पत्नी, मां व भाई समेत घर वालों का रो रोकर बुरा है। लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को सहन शक्ति देने की प्रार्थना की। वहीं गुरुवार को आदर्श नगर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां भारी संख्या में लोग उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



कंबल का वितरण करते लोग।

**चंदवा।** पीवीयूएनएल की बनहरदी परियोजना के द्वारा सर्दी व कपकपाती ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को बनहरदी कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक चंद्रशेखर नेतृत्व में सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्राम बारी (पुरुषोत्तमपुर), ग्राम जगलदगा, तथा ग्राम आन में लगभग 480 जरूरतमंदों और बुजुर्ग लोगों को कंबल वितरण किया गया। पीवीयूएनएल अधिकारियों ने कहा कि प्रबंधन परियोजना प्रभावित क्षेत्र में लोगों को मिलने वाली सुविधा को पहुंचाने के प्रतीक तीर्थ संकल्पित है। आप सभी ग्रामीण आगे जाकर संचालित योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से पीवीयूएनएल बनहरदी कोयला खनन परियोजना के अपर महाप्रबंधक अरबी सिंह, उप महाप्रबंधक अमरेश चंद्र राउल, वरिष्ठ प्रबंधक आर एंड आर विनेश कुमार, शुभंकर मंडल, अबीरनाथ कार्यपालक का सराहनीय योगदान रहा।

## मनिका थाना क्षेत्र में अपराध की बड़ी साजिश नाकाम, पुलिस ने हथियार के साथ तीन अपराधियों को पकड़ा

# एनएचएआइ के ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने की बना रहे थे योजना

- एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं यामाहा का बाईक बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में अपराध की बड़ी साजिश को मनिका पुलिस ने नाकाम कर दिया है। वहीं पुलिस के द्वारा हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दिन गुरुवार को मनिका थाना परिसर में बरवाडीह डीएसपी भरत राम के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया गया कि 8 जनवरी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एनएचएआई के मुंशी एवं ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने के लिए दहशत फैलाने की योजना बनाते हुए हथियार से लैश होकर अपराधकर्मी मनिका के तरफ आ रहे हैं वहीं प्राप्त सूचना को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में एसआई सत्येंद्र कुमार,एएसआई मनोज कुमार दुबे एवं सशस्त्र बल के द्वारा दोमुहान पुल के पास वाहन चेकिंग किया गया इस दौरान एक मोटरसाइकिल में सवार तीन युवकों को पकड़ा गया। जिन्होंने अपना नाम अक्षय कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता संजू पासवान, ग्राम मनिका टोला बेलवाटांड़, पप्पू कुमार उर्फ मनीष कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता रमेश पासवान, ग्राम मनिका, टोला बेलवाटांड़ एवं प्रमोद यादव, उम्र 35 वर्ष, पिता पच्चू यादव, ग्राम बंदुआ तीनों थाना मनिका जिला लातेहार बताया। उन्होंने बताया की श्रीकांत उरांव, पिता रामलाल उरांव, ग्राम जान्हों, थाना मनिका, जिला लातेहार से एक पिस्टल एवं गोली लेकर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। वहीं पप्पू कुमार उर्फ मनीष कुमार के पास से एक पिस्टल एवं दो जिंदा गोली बरामद किया गया। अपराधियों के पास से एक पिस्टल,दो जिंदा कारतूस और एक यामाहा मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 03 एएन-9553) बरामद किया गया है। वहीं गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधियों के खिलाफ मनिका थाना कांड संख्या-05/2025 के तहत धारा 25(1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही तीन अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास भी रहा है इनके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज है। इस अभियान में थाना प्रभारी शशि कुमार, एसआई सत्येंद्र कुमार, एएसआई मनोज कुमार दुबे, आ०उदित कुमार व आ०भीम कच्छप शामिल थे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते डीएसपी व गिरफ्तार अपराधी।

## शव को घर ले जाने के लिए मोक्ष वाहन नहीं मिलने पर परिजनों ने किया डेढ़ घंटे सड़क जाम

**प्रशासन के द्वारा काफी समझाने के बाद भी नहीं माने लोग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर अस्पताल में युवक के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव ले जाने के लिए मोक्ष वाहन नहीं मिलने से आक्रोशित परिजनों ने समाहरणालय के समीप एनएच 39 सड़क को करीब डेढ़ घंटे जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलर चौड़े, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो पहुंचे और परिजनों से बात कर जाम हटाने की बात कहीं। लेकिन परिजनों द्वारा सिविल सर्जन पर कार्रवाई की मांग को लेकर खड़े रहे। प्रदर्शनियों ने जब उग्र प्रदर्शन करना शुरू किया तो पुलिस को प्रदर्शन रोकने के लिए लाठी चार्ज करना पड़ा। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे दो व्यक्ति को थाना लाया गया। जिसमें वीरेंद्र कुमार व पंचम कुमार राम शामिल है। सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि बिना परमिशन के धरना प्रदर्शन कर रहे थे। समझाने के बाद भी इन लोगों द्वारा उग्र प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इसके बाद इन लोगों पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। सभी पर कार्रवाई की जाएगी। इधर, मृतक के चचेरा भाई पंचम कुमार राम ने कहा कि मेरे भाई को महुआडांड बुलाकर उसकी हत्या कर दी गई है। शव को एक पेड़ में लटका कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस कारवाई नहीं की। उन्होंने आगे बताया कि सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव ले जाने के लिए मोक्ष वाहन की मांग की गई लेकिन सिविल सर्जन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया।

इससे हम लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। भीम आर्मी के नेता वीरेंद्र राम ने कहा कि दलित, आदिवासी के शव को ले जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। जब हम लोग अपने हक अधिकार के लिए सड़क जाम कर रहे हैं, तो पुलिस द्वारा दबाव बनाया जा रहा था।



लोगों को समझाते पदाधिकारी।

## सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उदेश्य से फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन



शपथ लेते अधिकारी, मीडिया व जनप्रतिनिधि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत सड़क दुर्घनाओं को कम करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उदेश्य से फैंसी फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच प्रशासन एकादश बनाम नागरिक एकादश के बीच खेला गया। प्रशासन एकादश 3-0 से फैंसी फुटबॉल मैच में विजय हुए। जिसमे आए हुए दर्शकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। अंत में सभी खिलाड़ियों के द्वारा सड़क सुरक्षा की प्रतिज्ञा लिया गया। लातेहार जिला खेल स्टेडियम में आयोजित फैंसी फुटबॉल मैच में सड़क सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन कर जीवन को सुरक्षित रखने की बात रखी गई। सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार वाहन चलाने की अपील की गई। इस फैंसी फुटबॉल मैच में उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, ज़िला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, ज़िला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार राम, सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन, कांग्रेस पार्टी के पंकज तिवारी, आफताब आलम, ज़िला परिषद सदस्य विनोद उरांव शामिल थे। लातेहार कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि हेलमेट पहन कर ही दो पहिया वाहन चलायें। इसके अलावा सीट बेल्ट, ड्रिंक ड्राइव, ओवरस्पीड हिट एंड रन गुड समेरिटन आदि के बारे मे जानकारी दी।

## एक नजर में

### सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो की दयालुता से वृद्ध को मिला कंबल, वृद्ध ने दिया साधुवाद



वृद्ध को कंबल देकर कुशक्षेम पुछते सीओ।

**लातेहार।** लातेहार अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने मानवता का परिचय देते हुए वृद्ध को कंबल प्रदान किया है। ज्ञात हो कि अंचलाधिकारी क्षेत्र भ्रमण से वापस अपने कार्यालय की ओर लौट रहे थे, इस दौरान चटनाही और चार मुहान के बीच उनकी नजर एक वृद्ध पर पड़ी जिसके बाद अपने वाहन से उतरकर वृद्ध का कुशलक्षेम पुछा और उनकी समस्या को सुना फिर उन्हें कंबल प्रदान किया। जिसके बाद वृद्ध के चेहरे पर खुशी देखी गई और वृद्ध ने सीओ को साधुवाद दिया। आस-पास के लोगों ने कहा कि ज्यादात्तर पदाधिकारी अपने वाहन से ऐसे ही पार हो जाते है समस्या पर नजर पड़ने के बाद भी कोई मतलब नहीं होता है। उनका मनतव्य होता है कि मेरे कार्यालय में आयेंगे तो समस्या का निदान किया जाएगा। हमने देखा है इससे पहले भी श्री टोप्पों ने अपने वाहन से उतरकर कंबल का वितरण किया है। जो एक अच्छा व्यक्तिव का परिचायक है।

### उपायुक्त ने अधिकारियों साथ किया बैठक



बैठक करते पदाधिकारी।


**लातेहार।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियों के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई। उक्त बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास एवं ध्वजारोहण के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड किया जाएगा। परेड का पूर्वाभ्यास मुख्य समारोह स्थल पर होगा। बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य गण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### शबनम परवीन ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**लातेहार।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की सदस्य सह अध्यक्ष शबनम परवीन की अध्यक्षता में गुरूवार को परिसदन लातेहार में बैठक आहूत की गई। बैठक में झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के जिला स्तर पर आवंटन की स्थिति, पंचायत स्तर पर राशि की उपलब्धता और व्यय की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उद्देश्य समाज के सबसे पिछले तबके के लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है। यह सुनिश्चत करें कि जिले या आपके क्षेत्र में कोई खाद्यान्न के अभाव में न रहे। समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को गोदामों से समय पर खरीद और वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, ब्लॉक आपूर्ति अधिकारियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप लोग ऐसा प्रयास करें कि किसी भी लाभुक को दिक्कत न हो। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रम, नगर प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार, राजीव रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिप अध्यक्ष व सदस्य ने किया जिला परिषद मार्केट व बस पड़ाव का औचक निरीक्षण



निरीक्षण करते जिप अध्यक्ष।

**चंदवा।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी व चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी ने गुरुवार को चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद मार्केट कंपलेक्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष और सदस्य के सामने कई खामियां व समस्याएं खुलकर सामने आयी, जिस पर समाधान व अग्रतर कार्रवाई को लेकर विभागीय अधिकारियों को पत्राचार करने की बात अध्यक्ष पूनम देवी ने कही। आगे बताया कि दुकानदारों ने निरीक्षण के क्रम में जो समस्याएं रखी है, उसमें प्रमुख समस्या जिला परिषद मार्केट कंपलेक्स के ऊपरी तल्ले की जर्जर स्थिति व आवागमन को लेकर सीढ़ी का ना होना है। जिस कारण ऊपरी तल्ले की कई दुकानें खाली है। अनियमितता और समस्याओं को लेकर जल्द ही वे विभागीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान बने रहे नए दुकान व जिला परिषद बस पड़ाव राजस्व उगाही की भी जानकारी ली। इसके पूर्व जिप अध्यक्ष पूनम देवी व सदस्य सरोज देवी ने लगातार दूसरे दिन प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण भी किया। इस दौरान बीडीओ चंदन प्रसाद से कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली व गरीबों को मिलने वाले कंबल का एकत्र सेंपल का जांच भी किया। मौके पर प्रखंड व अंचल के कर्मी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**चंदवा।** ग्राम पंचायत विकास योजना 2024 के अन्तर्गत प्रखंड कार्यलय सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया जाने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हो गया। गुरुवार को तीसरे दिन मास्टर प्रशिक्षक पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार एवं जेएसएलपीएस बीपीएम के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कई निर्देश दिए गए। पहले दिन से तीसरे दिन में मास्टर ट्रेनर द्वारा सबकी योजना सबका विकास विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए 9 विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

## बीस सूत्री सदस्य ने मंत्री दीपक बिरुवा से की मुलाकात, भूमि व परिवहन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

# जिले में भूमि का रिसर्वे कराना बेहद जरूरी: शशि भूषण तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग मंत्री दीपक बिरुवा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लातेहार जिले में भूमि और परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री तिवारी ने लातेहार जिले में जमीन से जुड़े विवादों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जिले में जमीन के सर्वेक्षण, निबंधन और स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा और इनके शीघ्र समाधान के लिए जिले में री सर्वे कराने की मांग की। इसके साथ ही लातेहार जिले में सड़क संरचना के विकास और यातायात सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की गई। जिसमें परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। वहीं मंत्री दीपक बिरुवा ने बातों को गंभीरता से सुना और इन मुद्दों पर शीघ्र कारवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार लातेहार जिले के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, और सभी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह तत्पर है। वहीं बीस सूत्री सदस्य ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और जिले के विकास में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।



मंत्री दीपक बिरुवा से वार्ता करते जेएमएम नेता।

### घर से टीवीएस एक्सल उड़ा ले गए चोर

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगा पाने में पुलिस पूरी तरह नाकाम है। एक चोरी की घटना का सुराग मिल नहीं रहा है, तब तक दूसरी शिकायत थाना में पहुंच जा रही है। इस बार बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के गढ़वाटांड़ निवासी सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मण मिस्त्री के घर से चोर उनकी बाइक टीवीएस एक्सल चुरा ले गए। घटना बुधवार देर रात की है। घटना की जानकारी देते हुए सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मण मिस्त्री ने बताया चोरों ने देर रात घर की चहारदीवारी से अंदर प्रवेश किया और अंदर से ही मेन गेट को खोलकर उनकी टीवीएस एक्सल जेएच -19 ए/0686 को निकाल कर फरार हो गए। उन्होंने बरवाडीह थाना में पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कारवाई की मांग की है। वहीं पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। बता दें कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं लोगों के लिए भारी परेशानी तथा बरवाडीह पुलिस के लिए गले की फांस बन चुकी है। अभी तक पुलिस चोरों पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रही है। एक ओर पुलिस चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करती है, लेकिन जांच में पिछली घटनाओं का सुराग मिलता नहीं, उससे पहले ही और नया मामला सामने जाता है।

## सीआरपीएफ ने बच्चों के बीच किया पाठ्य सामग्री का वितरण, बुजुर्गो को बांटे कंबल

# मूल्यों के उत्थान के लिए कार्य करती है सीआरपीएफ : पिताबासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित व सुदूरवर्ती क्षेत्र लात पंचायत के टोंगारी में सीआरपीएफ डी/11 बटालियन कमांडेंट याद राम बुनकर के निर्देश पर बुधवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित द्वितीय कमान अधिकारी पिताबासा पांडा, डिप्टी कमांडेंट सोमनाथ यादव और कंपनी कमांडर वेद प्रकाश के नेतृत्व में जवानों ने स्कूली बच्चों के बीच बैग, कॉपी, कलम व पेंसिल का वितरण किया। इसके अलावा उपस्थित सैकड़ों बुजुर्गों, असहाय और जरूरतमंद महिला पुरुषों के बीच कम्बल का भी वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए द्वितीय कमान अधिकारी पिताबासा पांडा ने कहा बताया कि ग्रामीणों व सुरक्षा बलों के बीच अच्छे सम्बंध स्थापित करने और गरीब बच्चों के बीच पढ़ाई के साथ खेलकूद की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीआरपीएफ द्वारा समय-समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जाता रहा है। बताया कि सीआरपीएफ मानवीय मूल्यों के उत्थान के लिए कार्य करती है। उधर पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर हर्ष का माहौल दिखाई दिया। वहीं कड़कड़ाती सर्दी में कम्बल मिलने पर वृद्धों के चेहरे खिल उठे। स्थानीय लोगों ने सीआरपीएफ के इस पहल की काफी सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक उपनिरीक्षक माला बैठा, उपनिरीक्षक मधुकर थोसार, विक्रम प्रताप सिंह, प्रियम कुमार, पंकज गुप्ता, रामकुमार पाठक, सौरभ कुमार, प्रकाश ठाकुर, रमेश कुमार, सुशील उरांव, मुकेश मांझी और विद्यासागर समेत अन्य जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



पाठ्य सामग्री व कंबल वितरण करती सीआरपीएफ।

## मनिका प्रखंड में पीसीसी पथ निर्माण में भारी अनियमितता देख भड़के जिप सदस्य, काम को रोका

# पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत कराया जा रहा सड़क निर्माण

- शिलान्यास के एक वर्ष बाद संवेदक द्वारा आनन-फानन में कराया जा रहा निर्माण कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित पंचफेड़ी चौक से बंदुआ भैया पल्हैया पथ का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा भारी अनियमितता बरतने से नाराज पश्चिमी जिप सदस्य बलवंत सिंह एवं स्थानीय ग्रामीणों ने दिन गुरुवार को कार्यस्थल पर पहुंचकर काम को बंद करवा दिया। वहीं जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा की पंचफेड़ी से बंदुआ भैया पल्हैया पथ आम लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण सड़क है और सरकार की दस करोड़ से भी अधिक राशि इस सड़क निर्माण में खर्च होगी। ऐसे महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य के दौरान कार्यस्थल पर विभागीय इंजीनियर तक उपस्थित नही रहा करता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बने सड़क में मजदूरों से झाड़ू मरवाकर पीसीसी पथ की ढलाई की जा रही है। यहां पर प्रेशर मशीन का प्रयोग नही किया जा रहा है और पूर्व में बनाई गई सड़क के उपर पीसीसी ढलाई से शहरी क्षेत्र में जल निकासी की समस्या विकट समस्या बन जायेगा। वहीं जिप सदस्य ने कहा की सड़क निर्माण कार्य को लेकर कार्यस्थल पर लगे बोर्ड में जितना भी दिशा-निर्देश दिया गया है वह एक भी दिशा-निर्देश का पालन किए बिना हीं संवेदक के द्वारा आनन-फानन में सड़क निर्माण कार्य को कराया जा रहा है। वहीं सड़क निर्माण कार्य को जिप सदस्य के द्वारा रोके जाने का स्थानीय ग्रामीणों ने भी समर्थन किया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त सड़क की कुल लंबाई 14.127 किलोमीटर है। जिसका शिलान्यास एक वर्ष पूर्व में वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा किया गया था। जहां आनन-फानन में एक वर्ष बाद ठेकेदार के द्वारा सड़क बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहु,ग्राम प्रधान रजत कुमार, अंकित कुमार गोलू, बली यादव, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र पासवान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव, बच्चन यादव, सुजीत कुमार साहू,समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।



कार्यस्थल पर उपस्थित लोग।

स्पीड न्यूज

## प्री-बोर्ड परीक्षा में कम उपस्थिति पर 28 स्कूलों को स्पष्टीकरण का आदेश

**बोकारो।** जिले की उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार कक्षा 10 के छात्र – छात्राओं के लिए 07 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्री–बोर्ड परीक्षा में छात्रों की उपस्थिति कम होने को लेकर संबंधित 28 मध्य विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछा गया है। डीईओ ने जारी पत्र में कहा है कि जिला स्तरीय प्री–बोर्ड परीक्षा के संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया था। परीक्षा विषय में बच्चों को सूचित करने एवं शत–प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके बावजूद 07.01.2025 को आयोजित प्री–बोर्ड परीक्षा में 28 विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति 50 प्रतिशत एवं उससे कम पाई गई। कसमार प्रखण्ड में कुल 11 में से 05 विद्यालयों में उपस्थिति कम पाई गई जो काफी चिंताजनक है।

## सेक्टर 3ई में चोरों ने गहनों सहित लाखों का किया सफाया

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 3ई लेक रोड के निकट स्थित एक डी टाइप क्वार्टर में विगत सायं लगभग आठ–साढ़े आठ बजे चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुषमा सिंह अपने पति के साथ बेटे को बोकारो स्टेशन छोड़ने शाम को करीब 7 बजे गई थीं। ट्रेन लेट होने के कारण वे लोग लगभग 9 बजे लौटे। लौटने पर बाहर से खिड़की खुली देखकर उन्हें कुछ अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने ताला खोलकर घर के मुख्य दरवाजा को खोलने का प्रयास किया तो उसे अंदर से बंद पाया। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग आये तबतक चोर घर के पीछे के रास्ते से रफूचक्कर हो चुके थे। चोरों ने अंदर से दरवाजा बंद कर लगभग ढाई तीन लाख के जेवर एवं लगभग एक लाख से ज्यादा नगदी का सफाया कर दिया। श्रीमती सिंह के पति पुलिस महकमे में बोकारो शहर से बाहर पदस्थापित हैं।

## श्री राम कथा का आयोजन 27 मार्च से मजदूर मैदान में

**बोकारो।** श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट द्वारा एक प्रेस वार्ता में बताया गया कि श्री राम कथा का आयोजन चैत नवरात्रि में 27 मार्च से स्थानीय सेक्टर–4 स्थित मजदूर मैदान में आयोजित है। परम पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज के कृपा पात्र राजन जी महाराज अपने श्रीमुख से 27 मार्च से 4 अप्रैल तक दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक आम जनता के हितार्थ श्री राम कथा वाचन करेंगे। आयोजकों ने लगभग दस हजार से ज्यादा लोगों के उक्त आयोजन में भाग लेने की उम्मीद जाहिर करते हुए नगर वासियों से समय पर पहुँच कर श्री राम कथा का आनंद लेने का अनुरोध किया है। वार्ता में शशिभूषण ओझा मुकुल अशोक पांडेय सहित आयोजक मंडली के अनेक सदस्य मौजूद थे।

## महिला से दुष्कर्म, आरोपी साला गिरफ्तार, जीजा फरार

**हंसडीहा।** दुमका जिले हंसडीहा थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ आरोपी जीजा शाला ने बारी बारी से दुष्कर्म किया। मामलें को लेकर पुलीस ने कार्यवाही करते हुए शाला हेमंत यादव को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया जबकि दूसरा आरोपी मनोज यादव पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रहा है। मामलें को लेकर पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि 25 दिसम्बर की रात वे अपने घर में अकेली सोई थी इतने में देर रात हेमंत यादव व उसका जीजा मनोज यादव मेरे घर में घुसकर छेड़खानी करने लगा व बारी–बारी से दुष्कर्म किया। उक्त मामलें को लेकर हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़िता के द्वारा दिये आवेदन पर कांड संख्या 04/25 दर्ज कर आरोपी युवक हेमंत यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है साथ ही छानबीन की जा रही है।

# बीडीओ सह प्रभारी एमओ पीडीएस दुकानों की जांच को पहुंचे जारंगडीह

### जांच के दौरान एक पीडीएस दुकान बंद दूसरे के स्टॉक में मिला गड़बड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो / जारंगडीह।** बृहस्पतिवार को बेरमो प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी एमओ मुकेश कुमार जारंगडीह उतरी पंचायत पहुच कर जनवितरण प्रणाली की दो दुकानों का औचक निरीक्षण किया जिसमे बलवंत सिंह नामक डिलर की दुकान बंद पाई गई बताते चले कि दुकान बंद होने के कारण बलवंत सिंह जनवरी माह का राशन उठाने गोदाम गये हैं। वहां से बीडीओ श्री कुमार दुसरे पीडीएस डीलर मुख्तार सिंह के दुकान पहुचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन वितरण से जुड़ी सभी खाता बही की जांच पड़ताल की जिसके बाद उन्होंने स्टोक मे गड़बड़ी की बाते कही जबकि डिलर मुख्तार सिंह के अनुसार दिसंबर माह में आधे लाभूलो के द्वारा राशन वही उठाया गया जिस कारण अनाज का स्टोक अधिक दिखाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश पीडीएस डिलरो द्वारा आज तक स्टोक रजिस्टर नही बनाया गया है जिस कारण निरीक्षण करने वाले



अधिकारियों को वास्तविक स्थिति की जानकारी ही ना मिल पाये और आसानी से कालाबाजारी की जा सके। इस मौके पर बीडीओ श्री कुमार के अलावे जारंगडीह उतरी पंचायत के मुखिया पति मो इम्तियाज अंसारी जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मुखिया पति सुदेश भूईया के अलावे पीडीएस डिलर मुख्तार सिंह एंव दर्जनों लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे जबकि यहां से जांच उपरांत बीडीओ श्री कुमार दक्षिण पंचायत स्थित पीडीएस दुकान की जांच के लिए निकल गए। बीडीओ की माने तो इस जांच की रिपोर्ट वे आला अधिकारियों को भेज दिया जायेगा।

# हरी झंडी दिखा सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ किया रवाना



जागरूकता रथ रवाना करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, मोटरयान निरीक्षक दुमका, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य गण ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।

वाहनों में ओवर लोडिंग नहीं करें। भ्रमण के दौरान लोगों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिका एवं पंपलेट का विवरण किया जाएगा। वहीं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ने कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना इत्यादि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण है। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी जयप्रकाश करमाली, मोटरयान निरीक्षक दुमका विनय किशोर देव, अरविंद तिरु, अभय टेटे, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य डॉ मनोज कुमार घोष, डॉ अमरेन्द्र सुमन, नीलकंठ झा, रमण कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, सुरेश साह सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला प्रबंधक दीपक कुमार, मनोज उरांव, अमित कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिंदगी की जंग से हारकर संतोष ने कर ली आखिर आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ग्राम तुलसी कित्ता, थाना पथरगामा, जिला गोड्डा पुत्र दीनदयाल भगत के 38 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस को घटना की जानकारी मिली और शव को अपने कब्जे मे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गोड्डा लाया गया। मृत्यु के कारण की जाँच मे जुटी पुलिस और वास्तविकता आएगी सामने। लेकिन ये दौर क्यों नहीं थम रहा आत्महत्याओं का क्या हो गया हैं आजके युवाओं मे इतनी निराशा और हताशा की वजह क्या हैं?



विषय गंभीर हैं और इन आत्महत्याओं के जिम्मेवार कौन हैं? पारिवारिक विवाद? बेरोजगारी, आर्थिक तंगी, प्रेम सम्बन्ध, जीवन साथी की प्रताड़ना, या न्यायिक ब्यवस्था से निराश होकर थक कर यही एक रास्ता बचता हैं ये कौन बताएगा?

## मईयां सम्मान योजना की राशि लेने को बैंक शाखाओं में लगी भीड़

**बेरमो।** झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की स्वीकृत राशि 2500 रुपए राज्य के महिलाओं एवं 18 साल से उपर की बच्चियों के खाते में जमा कर दिया गया है। इसके बाद से बैंको में अचानक भीड़ बढ़ गयी है। मालूम हो कि, जिनकी राशि कतिपय कारणों से उसकी बैंक खाता में नही पहुंच पाई है, वे निराश लौट भी रही हैं। महिलाओं की इस अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए अन्य कई खाताधारी बैंक में अपने आवश्यक कार्य नहीं करा पा रहे है।

# क्वेस्ट अलायन्स संस्था का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



प्रशिक्षण में शामिल संस्था के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के चार प्रखंडों के 24 विद्यालयों से जुड़े 48 नोडल शिक्षकों के लिए क्वेस्ट अलायन्स संस्था ने 'मास्टर कोच फॉर टीचर' कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया। यह कार्यक्रम होटल अशोका इन और युवराज पैलेस होटल में दो बैचों में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को करियर एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि वर्तमान समय में उपलब्ध करियर विकल्प क्या हैं और भविष्य में छात्रों तथा समाज के लिए संभावित करियर की दिशा कैसे तैयार की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने करियर जागरूकता से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया और यह सीखा कि वे छात्रों को सही करियर विकल्प चुनने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए मार्गदर्शन कैसे दे सकते हैं। साथ ही, उन्हें प्रभावी शिक्षण दृष्टिकोण और करियर एक्सप्लोरेशन के आधुनिक तरीकों से भी परिचित कराया गया।

टीम इस अवसर पर कहा, शिक्षक केवल ज्ञान का स्रोत नहीं होते, वे छात्रों के भविष्य निर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को इस जिम्मेदारी को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बीएसएल में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा विकसित ग्रीनको रेटिंग सिस्टम पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यकारी निदेशक प्रभारी व ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रँगानी के द्वारा किया गया। मौके पर ईडी एमएम सीआर मिश्रा ईडी माइंस विकास मनवटी बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सीआईआई के सी शिवानंद विवेक कुमार सिंह एवं श्री रवि कुमार के साथ सीजीएम विभागाध्यक्ष तथा वरीय अधिशासी गण उपस्थित थे। ग्रीनको रेटिंग सिस्टम ऊर्जा के क्षेत्र में दस मुख्य कारकों दक्षता नवीकरणीय ऊर्जा जल संरक्षण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी अपशिष्ट प्रबंधन सामग्री संरक्षण पुनर्चक्रण हरित आपूर्ति श्रृंखला उत्पाद भण्डारण जीवन चक्र मूल्यांकन पर्यावरण और हरित बुनियादी ढांचे के लिए नवाचार और पारिस्थितिकी जैसे प्रथाओं के मूल्यांकन और उन्हें बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। जीएम ईसीएस एनपी श्रीवास्तव ने सभी लोगों का स्वागत किया तथा एजीएम नितेश रंजन द्वारा बोकारो स्टील में अपनायी गयी प्रक्रियाओं पर एक प्रस्तुतीकरण किया गया। सीआईआई के ग्रीनको टीम के द्वारा भी एक प्रस्तुतीकरण किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्रॉस फंक्शनल टीमों का गठन किया गया है जो मिलकर ग्रीनको रेटिंग प्रणाली के लागू करने के बारे में काम करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के विभागाध्यक्ष एके सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का सञ्चालन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक सुश्री देव्यानी चक्रवर्ती ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जीएम सुश्री अनुपमा तिवारी ने किया।

# नगर थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को दी यातायात सुरक्षा की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी के निर्देश और कुछ यातायात से सम्बंधित विशेष जानकारी देते हुए उन्हें स्कूली बच्चो को ट्रैफिक से सम्बंधित जानकारी देने का निर्देश दिया। इस निर्देश के मुताबिक नगर थाना पुलिस के द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो में छात्र छात्राओं को ट्रैफिक नियम एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। मौके पर नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा, एएसआई गौरव कुमार, एस आई भोलानाथ दास एवं अन्य उपस्थित थे। ट्रैफिक नियम की जानकारी देते हुए नगर थाना प्रभारी



दिनेश महली ने उपस्थित छात्र छात्राओं से कहा अपने जीवन की सुरक्षा का दायित्व सबसे पहले अपने आप से प्रारम्भ होता हैं जब हम सुरक्षित नहीं होंगे हम दुसरे की सुरक्षा नहीं कर सकते। वाहन चालक अगर ट्रैफिक नियम और कानून से प्रशिक्षित नहीं होगा वो अपनी जिंदगी के साथ दूसरों की जिंदगी के लिये खतरा बन जाता हैं। शराब या अन्य नशे का सहारा लेकर वो बाईक चलाता हैं वाहन चलाता हैं तो उसके वाहन पर सवार यात्री उसका विरोध कर उसके साथ यात्रा करने से बचें और इसकी सूचना अविलम्ब पुलिस प्रशासन को दें। घर के सदस्य जब बाईक या चार पहिया वाहन लेकर निकलें उसे फौरन उसके हेलमेट और अन्य सवार को हेलमेट पहनने के लिये बाध्य कर दें।

अभिभावको का भी फर्ज बन जाता हैं अपने बच्चों को बाध्य करे फिर उन्हें गाड़ी की चाबी दें। संकेतक चिन्हो के विषयो पर ज्ञान देते हुए बताया जब अपने वाहनों के साथ मार्ग पर यात्रा करें तीन तरह के संकेतक चिन्हो द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें जो सड़क मार्ग पर अंकित किये गए हैं दूसरा बोर्ड पर अंकित चिन्हो का अनुसरण करें जिसमें दशार्ये जाते हैं यहाँ स्कूल हैं बच्चों के चिन्ह हैं आपको वाहन स्लो मोशन मे चलाना हैं हॉस्पिटल के की फोटो हैं वहाँ आपको कड़े हॉर्न नहीं बजाना हैं और तीसरा लाइट संकेतक होते हैं हरी लाइट जलने पर आप आपको आगे बढ़ने के संकेत हैं लाल बत्ती जलने पर आपको रुकने का संकेत दे रहा हैं पीली बत्ती जलने पर धीमी गति से आपको चलना हैं। रेलवे क्रॉसिंग मे बोर्ड पर संकेत मिलते हैं। दाएँ बाएं मुड़ने के साथ गणतब्य स्थान की जानकारी होल्डिंग और बोर्ड से मिलते हैं। इस तरह की जानकारी चालक और सवारी यात्री दोनों को होनी चाहिए। इस तरह की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा सफल चालक वही हैं जो खुद की सुरक्षा करते हुए अपने यात्रियों की सुरक्षा करे और राह मे चलने वाले यात्रियों की भी सुरक्षा करे।

एक नजर में

## स्वास्थ्य सेवाओं के खराब प्रदर्शन पर डीसी नाराज, अफसरों के वेतन पर लगाया रोक

**बोकारो।** सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में बोकारो जिले की बदहाल स्थिति पर उपायुक्त विजया जाधव ने नाराजगी जताते हुए वरीय अधिकारियों को शोकॉज जारी किया। साथ ही सीएस सहित अन्य संबंधित अफसरों के वेतन पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगाने का भी निर्देश दे दिया है। सिविल सर्जन डा अभय भूषण प्रसाद डीएसडब्ल्यूडी डॉ सुमन गुप्ता सभी प्रखंडों के एमओआईसी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में बोकारो के 6 बच्चों सहित 14 हुए शामिल

**बोकारो।** भोपाल के रविंद्र भवन कन्वेंशन हॉल में आयोजित 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में राज्य के 14 बाल वैज्ञानिकों ने अपने वैज्ञानिक कौशल का परिचय दिया। इनमें बोकारो की 6 टीमें शामिल रहीं। इस 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में भारत सहित विदेशों से भी कुल 680 बाल वैज्ञानिकों की प्रस्तुति रही। सभी टीमों ने कार्यक्रम के मुख्य विषय-स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना पर अपने प्रदर्श प्रस्तुत किए। इनमें झारखंड टीम में शामिल विद्यार्थियों ने अपनी कुशल रचनात्मकता और नवोन्मेषता की बदौलत सबकी भरपूर सराहना पाई।

## भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**बेरमो /फुसरो।** भाजपा पार्टी द्वारा देश भर में सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है। जिसको लेकर भाजपा नेताओ व बूथ स्तर के कार्यकर्ता भाजपा सदस्यता अभियान में अपनी रुचि दिखाते हुए धरातल पर कार्य कर रहे है। इसी कड़ी में फुसरो नगर प्रभारी सह किसान मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष चन्द्र शेखर महथा के नेतृत्व में फुसरो नगर में सदस्यता अभियान चलाकर दर्जनो लोगो को भाजपा पार्टी का सदस्य बनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद गिरीडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा पार्टी ही ऐसा राजनितिक दल है। जो सरकारी योजनाओं से लेकर संगठन के कार्य को धरातल स्तर पर करता है। जिसके परिणामस्वरूप आज विश्व भर में भाजपा पार्टी नंबर वन पर है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के फाइनल में पहुंचा आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र

**बेरमो।** कथारा क्षेत्र में आयोजित सीसीएल अंतर फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया है जिसमें सीसीएल अंतर्गत चौदह क्षेत्रों के टीमों ने भाग लिया जिसमें आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बरका सयाल को ड्राई वेकार में 5-4 से पराजित कर तीसरी बार फाइनल में प्रवेश किया है। फाइनल मैच आज आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र बनाम सीसीएल हेडक्वार्टर रांची के बीच खेला जाएगा। मैच के मैन ऑफ द मैच रहे विनोद उरांव उर्फ कटप्पा।

## मैट्रिक परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को किया गया मोटिवेट

**बेरमो।** राम रतन उच्च विद्यालय ढोरी में बुधवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी सफीक आलम और बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार पहुंचकर छात्र–छात्राओं ने फरवारी माह में होने वाले मैट्रिक परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के लिए मोटिवेट किया। यहां पंचायती राज पदाधिकारी ने छात्र–छात्राओं को परीक्षा की तैयारी को लेकर कई सवाल पुछे और सुझाव भी दिया। परीक्षा किस तरह से भयमुक्त होकर देना है इसे लेकर बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफल की शुरूआत मैट्रिक की परीक्षा से होती है। इस परीक्षा में बेहतर अंक आने से एक अच्छे कॉलेज में दाखिला मिल सकता है। पॉलिटेक्निक व अन्य परीक्षा में भाग लेने का मौका मिल सकता है। साथ ही आगे की पढाई भी जारी रहेगी।

## नवाचार और उत्कृष्टता को सम्मानित कर कोयला मंत्रालय द्वारा नये आयाम स्थापित

**बेरमो /कथारा।** सुषमा स्वराज भवन में कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर 2.0 ने खनन एवं ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार, कुशल प्रशासन और उत्कृष्टता को नए आयाम दिए। केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता और केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे की सह-अध्यक्षता में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशक मंडल, मंत्रालय और कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी तथा खनन और ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

## जारंगडीह मनसा नगर में धड़ल्ले से बिक रहा है अवैध महुआ शराब

**बेरमो /जारंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मनसा नगर में इन दिनों बीना रोकटोक धड़ल्ले से अवैध महूआ शराब की बिक्री जारी है। इस अवैध शराब के कारोबार से जहां एक ओर कॉलोनी मे अशांति और आक्रोश का माहौल व्याप्त है वही स्थानीय निवासी सह जेएलकेएम के नेता चिड़न महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि मनसा नगर कॉलोनी के बीच कमलेश मल्लाह का पुत्र रवि कुमार अपने मनसा नगर आवास पर यह धंधा धड़ल्ले से चला रहा है। अनेको बार हम लोगों ने उसे समझने का प्रयास किया मगर वह किसी की सुनने को तैयार नहीं। श्री महतो ने बताया कि रवि कोनार नदी तट पर रेलवे लाइन के किनारे अवैध महुआ शराब की भट्टी खोल रखी है और वहां से निर्मित अवैध शराब को अपने आवास पर लाता है और यहां से खुदरा बिक्री के साथ साथ थोक सप्लाई का भी धंधा चलाता है। स्थानीय लोगों की माने तो कॉलोनी मे शराब बिक्री के कारण शराबियों द्वारा यहां आय दिन गाली गलौज और शांति भंग किया जाता है जिस कारण कॉलोनी वासियों का जिना मुहाल हो गया है। चिड़न महतो ने उत्पाद विभाग व स्थानीय पुलिस प्रशासन से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है।

## स्वास्थ्य योजनाओं में लापरवाही पर अधिकारियों का वेतन रोका

**बेरमो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय में आज 8 जनवरी बुधवार को उपयुक्त विजयाजाधव ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की बैठक में गर्भवती महिलाओं के एएनसी जांच हेमोग्लोबिन स्तर, दवाओं का वितरण और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जेएसएसके के तहत मां और बच्ची की देखभाल जैसे मुद्दों पर प्रखंड वार समीक्षा की गई उपायुक्त ने नावाडीह, कसमार और गोमिया प्रखंड के एमओआइसी और अन्य अधिकारियों के प्रदर्शन पर असंतोष जताया उन्होंने सिविल सर्जन और डीपीएम से स्पस्टिकरण मांगते हुए संबंधित अधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया उपायुक्त ने अधिकारियों को योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने और प्रखंड मुख्यालय में ही रहने का सख्त निर्देश दिया कसमार,नावाडीह, और गोमिया प्रखंड में विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया डीएसडब्ल्यूओ,और एमओआइसी, और डीपीएम-आईईसी इंचार्ज को शिविर में शामिल होने को कहा गया निजी क्लीनिको मे गर्भवती महिलाओं के निशुल्क अल्ट्रासाउंड की एमओयू का प्रचार प्रसार करने और प्रतिदिन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया परिवार नियोजन के लक्ष्यों में सुधार और अस्पताल में इलाजरत महिलाओं को भोजन व यात्रा खर्च उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए सरकार की योजनाओं के तहत जिले का प्रदर्शन सुधारने पर विशेष जोर दिया गया बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर ए बी प्रसाद, डीएसडब्ल्यूओ डॉ सुमन गुप्ता, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी ( एमओआइसी ) और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## रोमांटिक फिल्म में फिर नजर आयेंगी श्रद्धा कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सिल्वर स्क्रीन पर एक बार फिर से आदित्य रॉय कपूर के साथ आशिकी करती नजर आ सकती है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी वर्ष 2013 में सुपरहिट फिल्म आशिकी 2 में आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी नजर आयी थी। चर्चा है कि अब यह जोड़ी फिर से साथ नजर आ सकती है। चर्चा है कि दोनों जल्द ही एक रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं।

## कुलगाम में एक आतंकी गिरफ्तार

कुलगाम। सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक असॉल्ट राइफल बरामद की गई है। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने गुरुवार को जानकारी दी कि बुधवार को कुलगाम के कैमोह के थोकरपुरा मोहल्ले में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तारी की गई। तलाशी के दौरान संदिग्ध आतंकवादी के पास से 01 एके राइफल, 04 एके मैगजीन, 120 एके राउंड, 02 हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध संबंधी सामान बरामद किया गया है।

## बीजापुर में 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर 13 नक्सलियों ने गुरुवार को आत्मसमर्पण कर द?िया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों को उत्साहवर्धन के लिए शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये नगद प्रोत्साहन राशि भी दी गई। मध्यप्रदेश के गोंदिया डिवीजन में नक्सली संगठन में सक्रिय और 13 लाख रुपये के इनामी 13 नक्सिलयों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## दिल्ली में फिर से ग्रैप-3 की पाबंदियां

**नयी दिल्ली।** राजधानी में गुरुवार को प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 357 के पार दर्ज किया गया। स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने गुरुवार को राजधानी में फिर से ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान के चरण तीन की पाबंदियां लागू करने का फैसला किया है। यह पाबंदियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इसी के साथ राजधानी में निर्माण और तोड़ फोड़ के कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ग्रैप-3 के तहत दिल्ली में माल ढुलाई के लिए बीएस चार के डीजल इंजन वाले एमजीवी (मीडियम गूड्स व्हीकल) पर प्रतिबंध रहेगा।

## कुंभवाणी चैनल का लोकार्पण आज

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी के विशेष कुंभवाणी चैनल का शुक्रवार को प्रयागराज में लोकार्पण करेंगे। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी वीडियो लिंक के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कुंभ मंगल धुन का भी लोकार्पण करेंगे।

# कैलिफोर्निया के लॉस एंजेलिस में आग से पांच की मौत और कई घायल

## कई हॉलीवुड सितारों के बंगले समेत एक हजार से अधिक घर जलकर खाक

एजेंसी

**लॉस एंजेलिस ।** अमेरिका में कैलिफोर्निया का लॉस एंजेलिस क्षेत्र मंगलवार को तेज हवाओं की वजह से फैली पूरी तरह बेकाबू जंगल की आग से जूझता रहा। कुछ स्थानों पर हवाओं की रफ्तार 97 किलोमीटर प्रति घंटा होने की वजह से आग की लपटें तेजी से फैलीं। पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। आग से एक हजार से अधिक घर नष्ट हो गए। हॉलीवुड सितारोंके बंगले जलकर खाक हो गए हैं। हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों के लिए भागना पड़ा। चिंगारियां गिरने से हड़बड़ी में लोगों ने अपने वाहन छोड़ दिए, लोग पैदल भागते नजर आए और सड़कों पर जाम लग गया। बुधवार को लास एंजेलिस काउंटी में लगभग 1,88,000 घरों बिजली गुल रही। हवा की रफ्तार भी बढ़कर 129 किलोमीटर प्रति घंटा हो गई। लॉस एंजेलिस के अग्निशमन प्रमुख क्रिस्टन क्रोले ने कहा कि हम अभी खतरे से कतई बाहर नहीं हैं। हजारों अग्निशमन कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे हुए थे। मंगलवार शाम लास एंजेलिस के उत्तर-पूर्व में स्थित एक प्रकृति संरक्षण क्षेत्र के पास आग लगी और जल्द ही 2,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई।

लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि वरिष्ठ नागरिकों के एक निवास केंद्र के कर्मचारियों को दर्जनों बुजुर्गों को व्हीलचेयर और अस्पताल के बेड्स के जरिये सड़क पर एक पार्किंग स्थल तक ले जाना पड़ा। उन्हें वहां अपने बिस्तर के कपड़ों में ही एंबुलेंस एवं बसों का इंतजार करना पड़ा। कुछ घंटे पहले शुरू हुई एक और आग ने शहर के पैसिफिक पालिसैड्स के नजदीकी 5,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया जो समुद्र तट से लगा एक पहाड़ी क्षेत्र है। यह सांता मोनिका और मालिबू के बीच स्थित है। यहां कई फिल्म, टेलीविजन व संगीत सितारे और धनी एवं विख्यात लोग रहते हैं। इस क्षेत्र को 1960 के आसपास की हिट "सर्फिन यूएसए" में बीच बायज के लिए याद किया जाता है।

आग के कारण भागने को मजबूर लोगों में जेमी ली कर्टिस, मार्क हमिल, मैंडी मूर और जेम्स वुड्स जैसे सितारे शामिल हैं। सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की हड़बड़ी में लोगों के छोड़े वाहनों के कारण पॉलिसैड्स ड्राइव पर जाम लग गया और आपात सेवा के वाहनों के लिए बुलडोजर से कारों को किनारे कर रास्ता बनाया गया। 56 वर्षों से पॉलिसैड्स निवासी विल एडम्स ने कहा कि वहां रहते हुए उन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। उन्होंने देखा कि जैसे ही घर जलने लगे, आकाश भूरा और फिर काला हो गया। उन्होंने जोरदार धमाके सुने, शायद ट्रांसफार्मर फट रहे थे। अभिनेता जेम्स वुड्स ने अपने घर के पास एक पहाड़ी पर झाड़ियों और ताड़ के पेड़ों के बीच जलती हुई आग की लपटों का फुटेज पोस्ट किया।

एक्स पर पोस्ट एक छोटे वीडियो में उन्होंने कहा कि अपने ड्राइववे में खड़ा हूं, निकासी के लिए तैयार हो रहा हूं। मंगलवार देर रात तक गेटी विला के मैदान पर कुछ पेड़ और वनस्पति जल गए थे, लेकिन स्टाफ व संग्रहालय संग्रह सुरक्षित थे क्योंकि आसपास की झाड़ियों को काट दिया गया था। विश्व प्रसिद्ध गेटी संग्रहालय प्राचीन ग्रीस और रोम की कला व संस्कृति पर केंद्रित है। रात 10.30 बजे के आसपास जंगल में आग की तीसरी घटना हुई और सैन फर्नांडो घाटी के सिलमार में 500 एकड़ से अधिक क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। यहां भी तत्काल लोगों को निकालने का काम शुरू करना पड़ा। चौथी आग की सूचना बुधवार सुबह कोचेला, रिवरसाइड काउंटी से मिली, हालांकि यह अपेक्षाकृत काफी छोटे इलाके में फैली। कारणों की जांच की जा रही है। स्थिति इस कदर विकट थी कि उससे निपटने के लिए लास एंजेलिस अग्निशमन विभाग को अपने उन कर्मियों से भी मदद की अपील करनी पड़ी जो ड्यूटी पर नहीं थे। हवाओं की रफ्तार बहुत तेज होने की वजह से अग्निशमन विमानों को उड़ान भरने में दिक्कतें हुईं। खराब मौसम की वजह से राष्ट्रपति जो बाइडन को इनलैंड रिवरसाइड काउंटी की यात्रा रद करनी पड़ी। वह लास एंजेलिस में रुके रहे, जहां उनके होटल से धुआं दिखाई दे रहा था और उन्हें जंगल की आग के बारे में जानकारी दी गई।

▶▶ 5000 एकड़ से अधिक क्षेत्र आग की चपेट में

▶▶ अभिनेता जेम्स वुड्स ने डाला आग का वीडियो

### प्रियंका चोपड़ा ने सुरक्षा को लेकर जतायी चिंता

लॉस एंजेलिस में रहने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने वहां के निवासियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। उम्मीद है कि हम सभी आज रात सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने आग का वीडियो भी पोस्ट किया।



### गवर्नर ने लगाया अपातकाल

अधिकारियों ने बताया कि करीब 70,000 निवासियों के लिए निकासी के आदेश जारी किए गए थे और 13 हजार से अधिक इमारतें खतरे में थीं। गवर्नर गेविन न्यूजाम ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि कई घर जल गए हैं। उन्होंने वहां आपातकाल की घोषणा कर दी। घायलों में ज्यादातर वे लोग हैं जिन्होंने निकासी आदेशों की अवहेलना की।

# भारत के लिए खतरा नहीं बनेगा अफगानिस्तान

## तालिबान के विदेश मंत्री ने विदेश सचिव को दिया भरोसा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत निकट भविष्य में अफगानिस्तान की विकास परियोजनाओं में फिर से मदद करने पर विचार कर सकता है। दो दिन पहले भारत ने पाकिस्तान की तरफ से अफगानिस्तान पर हुए हमले की कड़ी निंदा की थी। अब विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमीर खान मुतक्की से मुलाकात की है। यह मुलाकात दुबई में हुई।

नये सिरे से होगी शुरूआत : मुतक्की ने आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार भारत की सुरक्षा चिंताओं को लेकर संवेदनशील हैं। बैठक में द्विपक्षीय मुद्दों पर बात हुई। इस बात के साफ संकेत है कि तालिबान के आने के बाद अफगानिस्तान में जिन भारतीय परियोजनाओं पर काम बंद हो गया था, अब उन पर नए सिरे से काम शुरू हो सकता है। भारत अफगानी नागरिकों को अनाज, दवाओं की नई खेप भी भेज सकता है। पाकिस्तान से वापस आने वाले शरणार्थियों को अफगानिस्तान में बसाने में भी मदद करेगा। मिसरी और मुतक्की की यह बैठक तब हुई है, जब पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान के रिश्ते बेहद खराब हो चुके हैं। दोनों देशों में युद्ध की स्थिति है। पाकिस्तान ने अफगान के कुछ इलाकों पर यह कहते हुए हमला किया है कि वहां आतंकियों के ठिकाने हैं। इसके बाद अफगान सरकार ने भी पाकिस्तान के कुछ सीमावर्ती इलाकों पर हमला किया है। साथ ही यह भी याद रखना चाहिए कि बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने के बाद पाकिस्तान जिस तरह से वहां अपनी गतिविधियों को बढ़ाने में जुटा है, ऐसे में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ भारत की नजदीकियों के बढ़ने के दूरगामी असर हो सकते हैं।

**चाहबार पोर्ट पर भी हुई बात** : भारत की तरफ से दी जाने वाली मानवीय मदद और विकास परियोजनाओं की स्थिति पर बात हुई है। आपसी कारोबार बढ़ाने पर सहमति बनी है। इसके लिए चाबहार पोर्ट के इस्तेमाल पर बात हुई है। भारत अफगानिस्तान को हेल्थ सेक्टर में मदद देने और बाहर से आने वाले शरणार्थियों को बसान में मदद करेगा।

▶▶ अफगानी नागरिकों के लिए अनाज और दवाओं की नयी खेप भी भेज सकता है भारत



## तिरुपति बालाजी मंदिर में भगदड़, छह लोगों की मौत व 50 घायल

**तिरुपति।** तिरुपति मंदिर के विष्णु निवास के पास भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई है। यह घटना उस वक्त हुई जब वैकुंड द्वार दर्शन के टोकन के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ मच गई।घटना में 50 लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए तिरुपति रुया अस्पताल ले जाया गया है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला श्रीवारी वैकुंठ द्वार में दर्शन टोकन के लिए तिरुपति में विष्णु निवासम के पास हुई भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख जाहिर किया है। मुख्यमंत्री ने घायलों को दिए जा रहे इलाज के बारे में अधिकारियों से फोन पर बात भी की। उन्होंने उच्च अधिकारियों को घटना स्थल पर जाकर राहत उपाय करने का आदेश दिया है ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके। वैकुंठ एकादशी के पर्व पर श्रद्धालुओं को दर्शन टोकन वितरण करने के लिए तिरुपति में कुछ आठ काउंटर खोले गए थे। कहा गया था कि कल सुबह पांच बजे से टोकन जारी करने का निर्णय लिया गया है। लेकिन टोकन पाने के लिए शाम छह बजे से ही श्रद्धालु कतार में खड़े हो गए।

## पुलिस को स्मार्ट बलों में बदलने के लिए केंद्र प्रतिबद्ध : गृह मंत्री

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) भारतीय पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से युक्त करके पुलिसिंग के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए उन्हें स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। अमित शाह ने नई दिल्ली में बीपीआरएंडडी के कामकाज की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, बीपीआरएंडडी के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित गृह मंत्रालय और बीपीआरएंडडी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। गृह मंत्री ने बीपीआरएंडडी के छह प्रभागों के साथ-साथ क्षेत्रीय कार्यालयों (सीएपीटी भोपाल और सीडीटीआई) की उपलब्धियों, चल रहे कार्यों और भविष्य की रूपरेखा का अवलोकन किया। उन्होंने नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की दिशा में बीपीआरएंडडी द्वारा किए गए प्रयासों और पहलों की भी विशेष समीक्षा की। गृह मंत्री ने कहा कि एनसीआरबी, जेल अधिकारियों व फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर बीपीआरएंडडी, मोडस ऑपरेंडी ब्यूरो में अपराधों की कार्य प्रणाली का विश्लेषण करे, जिससे अपराधों को रोकने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि बीपीआरएंडडी जमीनी स्तर पर पुलिसिंग में आने वाली कठिनाइयों को चिन्हित कर उनका समाधान निकालने की दिशा में शोध करें। अमित शाह ने शोध अध्ययनों और परियोजनाओं में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों के साथ सहयोग सहित विभिन्न हितधारकों के योगदान के महत्व पर जोर दिया।





भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# किसान बनेंगे ईंधन दाता : गडकरी

**धार (मप्र)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान जिले में स्थित औद्योगिक नगरी पीथमपुर में देश की पहली हाइड्रोजन-सीएनजी बाजा व्हीकल का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि हम लगातार इथेनॉल, बायोडीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में हमारे देश का किसान हमारा ईंधन दाता बनेगा। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मेरे पास इनोवा कार है, जो इथेनॉल और बिजली से चल रही है। यह जीरो प्रतिशत प्रदूषण करती है। भारत की सभी बड़ी कंपनियां भविष्य को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल डीजल के अलावा अन्य पर लगातार काम कर रही हैं। सीएनजी से चलने वाली बाइक बाजार में उपलब्ध हैं, जो एक रुपये प्रति किलोमीटर में चल रही है। हम वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। महेंद्रा एंड महेंद्रा ने अभी ट्रैक्टर भी बाजार में उतारा है, जो सीएनजी से चल रहा है। गडकरी ने कहा कि पिछले 5 साल में चार करोड़ 50 लाख नौकरियां ऑटो इंडस्ट्री में मिल रही हैं।

**केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने मप्र में किया देश की पहली हाइड्रोजन-सीएनजी बाजा वाहन का अनावरण**



# गणतंत्र दिवस परेड में 10 हजार विशेष अतिथि होंगे शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस बार नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के 10 हजार विशेष अतिथि साक्षी बनेंगे। राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 26 जनवरी को परेड देखने के लिए इन्हें आमंत्रित किया गया है। गणतंत्र दिवस परेड का गवाह बनने को विविध पृष्ठभूमि वाले भारत के उन स्वर्णिम निमार्ताओं को आमंत्रित किया गया है?, जिन?होंने सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विशेष अतिथियों को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थानों का भी दौरा करने का मौका मिलेगा। दरअसल, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने ग्राम पंचायतों के बीच एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की थी। कम से कम छह प्रमुख योजनाओं में लक्ष्य हासिल करने वाली पंचायतों को विशेष अतिथि के रूप में चुना गया है। आमंत्रित अतिथियों में कुछ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से आय और रोजगार सृजन तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, जल स्वच्छता और सफाई, पंचायती राज संस्थाओं और लैंगिक गतिविधियों के क्षेत्रों में काम करने वालों को भी आमंत्रित किया गया है।

इसके अलावा पीएम-जन मन मिशन प्रतिभागियों, आदिवासी कारीगरों, वन धन विकास योजना के सदस्यों, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम उपक्रमों, आशा कार्यकताओं, माई भारत स्वयंसेवकों को भी परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। आपदा राहत और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आपदा राहत कार्यकताओं, पानी समिति, जल योद्धाओं, सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों, वन और वन्य जीव संरक्षण स्वयंसेवकों को पहली बार गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए न्योता भेजा गया है।

पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम के तहत पर्यावरण संरक्षण और अक्षय ऊर्जा के उपयोग में सहयोग करने वाले किसानों और परिवारों को भी पहली बार आमंत्रित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने पैरा-ओलंपिक दल के सदस्य, शतरंज ओलंपियाड पदक विजेता, ब्रिज वर्ल्ड गेम्स रजत पदक विजेता और स्नूकर वर्ल्ड चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है?, क्योंकि उन्होंने अपने-अपने खेतों में अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए, पेटेंट धारकों और स्टार्टअप को भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल किया गया है। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत स्कूली बच्चे गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह सभी बच्चे अखिल भारतीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता और वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेता बनकर उभरे हैं।

▶▶ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, पीएम संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थानों का भी दौरा करने का मौका मिलेगा



## 15 जनवरी को समुद्री बेड़े में शामिल होगी वाग्शीर पनडुब्बी

**नयी दिल्ली।** स्वदेशी रूप से निर्मित प्रोजेक्ट 75 की छठी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर गुरुवार को नौसेना को मिल गई, जिसे 15 जनवरी को भारतीय समुद्री बेड़े में शामिल किया जाएगा। मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने आज पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ इतिहास रच दिया। पनडुब्बी का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत किया गया है, जिसमें सभी तरह के घातक हमलों के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। आईएनएस वाग्शीर (एस 26) भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। यह स्कॉर्पीन श्रेणी पर आधारित एक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जिसे फ्रांसीसी नौसेना रक्षा और ऊर्जा समूह नेवल ग्रुप ने डिजाइन और मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड ने निर्मित किया है।